सच, सिर्फ सच

**

# वॉयस ऑफ लखनऊ

रविवार, 05 अप्रैल, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 91, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## एआई ने खोले विकास के द्वार : उपराष्ट्रपति

उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने कहा कि संघर्ष, विभाजन व असहिष्णुता के इस युग में गांधीजी का अहिंसा का सिद्धांत मानवता के लिए एक सशक्त मार्ग प्रशस्त करता है। } 10

## खाद्य स्टार्टअप को दे रहे बढ़ावा : जितेंद्र सिंह

केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा नवाचार और उपभोक्ता मांग के बीच बेहतर तालमेल होना आवश्यक है। उन्होंने कहा खाद्य स्टार्टअप को बढ़ावा देना खाद्य जैव प्रसंस्करण व जैव प्रौद्योगिकी में नियामक सुविधा का विस्तार करना है। } 12



# भारतीयों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता

## तिरुवनंतपुरम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया रोडशो

एजेंसी



तिरुवल्ला (केरल)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कांग्रेस पर पश्चिम एशियाई देशों के साथ भारत के संबंधों में तनाव पैदा करने के उद्देश्य से भड़काऊ बयान देने का आरोप लगाया, ताकि उन्हें राजनीतिक रूप से नुकसान पहुंचाया जा सके और इस तरह राजनीतिक फायदा प्राप्त किया जा सके। कांग्रेस और उसके सहयोगियों पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा कि वे केवल चुनाव जीतने के बारे में ही चिंतित हैं।

मोदी ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की रैली में कहा, मैं यह बात स्पष्ट रूप से कहना चाहता हूं कि चुनाव आते-जाते रहेंगे, लेकिन भारतीयों की सुरक्षा, विशेष रूप से पश्चिम एशिया में रहने वाले केरल के लोगों की सुरक्षा, मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता है और मैं इसे सुनिश्चित करूंगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि खाड़ी देशों में काम करने और रहने वाले केरल के लाखों लोगों के अलावा, पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण गोवा, तमिलनाडु और अन्य राज्यों के मछुआरे ईरान और पश्चिम एशिया के कुछ हिस्सों में फंसे हुए हैं। मोदी ने कहा हम उन्हें सुरक्षित वापस लाने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन कांग्रेस को इसकी कोई परवाह नहीं है। कांग्रेस ऐसे बयान दे रही ...शेष पृष्ठ 10 पर

# आंधी-बारिश ने बदला मौसम, किसानों को हुआ नुकसान

## ❍ लखनऊ, कानपुर, ललितपुर समेत कई जिलों में हुई बारिश ❍ गरज-चमक के साथ ओले भी गिरे

विशेष संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में मौसम ने अचानक करवट ले ली है। भारतीय मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के लिए राज्य में तेज आंधी, बारिश और ओलावृष्टि को लेकर अलर्ट जारी किया है। शनिवार की शाम प्रदेश के कई हिस्सों में मौसम का मिजाज पूरी तरह बदला हुआ नजर आएगा।

मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी उत्तर प्रदेश और बुंदेलखंड के जिलों में मौसम का सबसे ज्यादा असर देखने को मिलेगा। लखनऊ, कानपुर, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, मथुरा, हाथरस, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी और ललितपुर समेत आसपास के इलाकों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। मौसम में आए इस बदलाव ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। इस समय प्रदेश में गेहूं की कटाई का कार्य तेजी से चल रहा है। ऐसे में अचानक आई बारिश और ओलावृष्टि से फसलों को नुकसान पहुंचा है। किसानों के अनुसार तैयार खड़ी फसल और कटी हुई गेहूं की बालियां भीगने से उनकी गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। कई स्थानों पर खेतों में पानी भर जाने से कटाई का काम भी रुक गया है। मौसम ...शेष पृष्ठ 10 पर

### जिलाधिकारी किसानों के पास पहुंचकर जानें परेशानी : सीएम

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के कई जनपदों में शनिवार को फिर हुई असमय बारिश से किसानों को होने वाली परेशानी के बारे में जिलाधिकारियों से रिपोर्ट मांगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर हाल में यह प्रयास करें कि आपदा का असर किसानों पर न्यूनतम हो। जनहानि, पशुहानि, घायलों व चोटिलों को 24 घंटे में दिया जाए मुआवजा दिलाना सुनिश्चित करें। इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

अधिकारियों को अलर्ट मोड पर रहने का निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि मौसम के कारण किसानों की बर्बाद हुई फसल के नुकसान का आकलन कर संपूर्ण जानकारी एकत्र करें और उन्हें जल्द से जल्द राहत दिलाएं। राजस्व, कृषि विभाग व बीमा ...शेष पृष्ठ 10 पर

## संक्षेप

### सोनभद्र में बनेगा पूर्वांचल का तीसरा एयरपोर्ट

सोनभद्र। जिले के म्योरपुर में पूर्वांचल का तीसरे सबसे बड़ा एयरपोर्ट बनेगा। इसके लिए शासन ने 23 करोड़ रुपये का बजट जारी किया है। निर्माण संबंधी कागजी औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं। उम्मीद है कि अप्रैल में ही निर्माण कार्य आरंभ हो जाएगा। इस एयरपोर्ट का निर्माण आजमगढ़ एयरपोर्ट की तर्ज पर होना है। यहां से क्षेत्रीय और नॉन कनेक्टिंग विमानों का संचालन होगा। सोनभद्र के म्योरपुर में एयरपोर्ट का निर्माण साल 2022 से कराया जा रहा है। पूर्व में यहां पार्किंग के लिए चिह्नित जमीन पर विवाद के कारण स्टे लग गया था। दिसंबर 2025 में हाईकोर्ट ने इस जमीन से स्टे हटा लिया। यही नहीं, शासन की ओर से इस एयरपोर्ट के निर्माण के लिए 23 करोड़ रुपये का बजट भी जारी कर दिया गया है। वाराणसी एयरपोर्ट के अधिकारियों की निगरानी में यहां काम कराया जाएगा। सोनभद्र के म्योरपुर में बनने वाले एयरपोर्ट का निर्माण करीब 70 एकड़ जमीन पर होगा। रनवे की ...शेष पृष्ठ 10 पर

### किसान को मिला 14.66 करोड़ का कर नोटिस

बदायूं। जिले में 12 बीघे जमीन का मालिक एक किसान उस समय हैरान रह गया, जब उसे आयकर और जीएसटी (माल एवं सेवाकर) विभाग से कुल 14.66 करोड़ रुपये से अधिक का कर नोटिस मिला। बदायूं के डीएम अवनीश राय ने शनिवार को कहा कि किसान द्वारा औपचारिक आवेदन दिए जाने के बाद मामले की जांच के लिए अपर जिलाधिकारी (वित्त) और उपायुक्त (जीएसटी) सहित दो सदस्यीय टीम का गठन किया गया। किसान भोला ने बताया कि विभागीय अधिकारियों से इस मामले की पूछताछ करने पर उन्होंने बताया कि दिल्ली के नारायणा औद्योगिक क्षेत्र (चरण-1) में उनके नाम से राम स्टोर नामक एक फर्म संचालित की जा रही है, जिस पर 1.02 करोड़ रुपये का आयकर बकाया है।

# पहले उपेक्षित थी शिक्षा, अब स्कूल छोड़ने वालों की दर घटी

## मुख्यमंत्री योगी ने वाराणसी के कंपोजिट विद्यालय से स्कूल चलो अभियान का किया शुभारंभ

विशेष संवाददाता




वाराणसी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शिक्षकों, अभिभावकों, जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों समेत समाज के हर वर्ग का आह्वान किया कि कोई भी बच्चा स्कूल जाने से छूटने न पाए। सीएम ने शिक्षा को सबसे पवित्र कार्य बताते हुए कहा कि हर व्यक्ति के सामने बड़ा और यशस्वी बनने का अवसर आता है, जो उसके अनुरूप खुद को ढालता है वह यशस्वी बनता है। इसलिए हर बच्चे को स्कूल लेकर जाएं। बच्चा जब पढ़ लिखकर संस्कारी बनेगा तो कृतज्ञता ज्ञापित करेगा। जीवन के किसी भी मोड़ पर जब उससे मिलेंगे तो वह

**❍ इस महीने से अनुदेशकों को 17 हजार व शिक्षामित्रों को मिलेगा 18 हजार रुपये**

सम्मान देगा। जब एक बच्चा साक्षर होता है तो समाज साक्षर और राष्ट्र समृद्धि की नई ऊंचाइयों को प्राप्त करता है। जब बच्चा निरक्षर रह जाता है तो समाज निर्धन और प्रदेश-देश बीमारू बनता है। हमें हर बच्चे को शिक्षित करना है, समृद्धि की नई ऊंचाइयों तक पहुंचना और विकसित भारत की दिशा में बढ़ना है।

मुख्यमंत्री ने कंपोजिट विद्यालय शिवपुर वरुणापार जोन में शनिवार को शैक्षणिक सत्र 2026-27 के तहत स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ किया। सीएम योगी ने बताया कि इस महीने से सरकार अनुदेशकों को 17 हजार, शिक्षामित्रों को 18 हजार रुपये का मानदेय लागू करने जा रही है। शिक्षक, अनुदेशक, रसोइयों के लिए पांच लाख रुपये की कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। सीएम ने शिक्षकों से कहा कि सीएम ने शिक्षकों से कहा कि देश के भविष्य को गढ़ने की जो जिम्मेदारी ईश्वर ने आपको दी है, उसका ईमानदारी से निर्वहन करेंगे तो जीवन यशस्वी होगा। बच्चे आगे बढ़ेंगे तो स्मरण करेंगे, सम्मान देंगे। जिन शिक्षकों ने हमें पढ़ाया, अक्षर ज्ञान कराया। हम आज भी उनके पैर छूते और सम्मान देते हैं। बच्चों में संस्कार विकसित करने हैं। शिक्षा सिर्फ सर्टिफिकेट या डिग्री हासिल करने का माध्यम नहीं, यह मनुष्य को संस्कारित करने और समाज-राष्ट्र का भविष्य गढ़ने का सशक्त माध्यम है। सीएम ने कहा जुलाई में स्कूल खुलने से पांच दिन पहले बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों की सफाई कराइए। स्वच्छ शौचालय, स्वच्छ पानी आदि के जरिए विद्यालय को व्यवस्थित करिए। फिर 1 से 15 जुलाई के बीच विद्यालय आए बच्चों के पाठ्यक्रम की तैयारी करें और जो बच्चा नहीं आ पाया, स्कूल चलो अभियान के तहत उसे लाने की तैयारी करें। कोशिश हो कि एक भी बच्चा छूटने न पाए। बच्चों को उदाहरण, कविता, गीत, छोटे फॉमूर्ले के जरिए सिखाएं तो वह आसानी से समझ जाएगा। अब रटना नहीं, बल्कि बच्चों को कौशलयुक्त ज्ञान से युक्त करना है। मुख्यमंत्री ने विद्यालय परिसर में बच्चों की ओर से लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया, फिर बच्चों से संवाद भी किया। सीएम योगी ने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामना दी और स्कूल चलो अभियान की

**❍ समाज के हर वर्ग से अपील– कोई बच्चा स्कूल जाने से छूटने न पाये : मुख्यमंत्री**

सार्थकता पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि 9 वर्ष में लगभग 60 लाख नए बच्चों को बेसिक शिक्षा के स्कूलों से जोड़ा गया है। सीएम ने शिक्षकों से अनुरोध किया कि 1 से 15 अप्रैल तक हर शिक्षक को स्कूल चलो अभियान से जुड़ना चाहिए। प्रधानाचार्य अभिभावकों के साथ संवाद करें और शिक्षक स्कूल खुलने से थोड़ा पहले निकलकर गांव-मोहल्ले के घरों पर दस्तक दें। अभिभावकों से पूछें कि स्कूल जाने से कोई बच्चा वंचित तो नहीं है। उन्हें बताएं कि सरकार सब निशुल्क दे रही है, आप बच्चों का पंजीकरण कराइए। हर शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक का संकल्प हो कि स्कूल जाने से कोई बच्चा छूटने न पाए। पहले चरण में 15 अप्रैल तक यह मेहनत कीजिए। जैसे ही ...शेष पृष्ठ 10 पर

### मेरठ : देसी शराब से मौत मामले की जांच करेंगी चार टीमें

मेरठ। उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले के दौराला थाना क्षेत्र में देसी शराब पीने के बाद एक किराना कारोबारी समेत तीन लोगों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, सरस्वती कॉलोनी निवासी बाबूराम (60), उनकी दुकान में काम करने वाले जितेंद्र (35) और अंकित उर्फ दौलत (40) ने शुक्रवार शाम कस्बे में देसी शराब के एक सरकारी ठेके से शराब खरीदी और वहीं उसका सेवन किया। उसने बताया कि शराब पीने के कुछ ही देर बाद तीनों की तबीयत बिगड़ गई और उन्हें उल्टी व पेट दर्द की शिकायत होने लगी।

पुलिस ने बताया कि तीनों को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने जितेंद्र और अंकित को मृत घोषित कर दिया, जबकि बाबूराम ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही मेरठ जोन के अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) भानु भास्कर, जिलाधिकारी डॉ. वी.के. सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडेय और जिला आबकारी अधिकारी प्रदीप कुमार मौके पर पहुंचे और ...शेष पृष्ठ 10 पर

# सांस्कृतिक धरोहर को वैश्विक पहचान दिलाने का प्रयास

## देहरादून में नौ दिवसीय दून बुक फेस्टिवल की शुरुआत, देशभर के साहित्यकार जुटे

प्रमुख संवाददाता



देहरादून। देवभूमि उत्तराखंड सदियों से ज्ञान, अध्यात्म और रचनात्मकता की समृद्ध परंपरा का वाहक रहा है। राज्य सरकार साहित्य और सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करते हुए उसे वैश्विक पहचान दिलाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। उक्त उद्गार मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में आयोजित दून बुक फेस्टिवल के शुभारंभ के अवसर पर व्यक्त किए। शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार और उत्तराखंड सरकार के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस नौ दिवसीय महोत्सव में देशभर से साहित्यकार, कलाकार, शिक्षाविद और पुस्तक प्रेमी बड़ी संख्या में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने विभिन्न प्रकाशकों के स्टॉलों का अवलोकन किया और गढ़वाली व कुमाऊँनी भाषाओं की पुस्तकों का विमोचन कर क्षेत्रीय भाषाओं के संरक्षण का संदेश दिया।

मुख्यमंत्री धामी ने अपने संबोधन में कहा कि यह महोत्सव केवल पुस्तकों के प्रदर्शन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह विचारों, अनुभवों और रचनात्मकता के आदान-प्रदान का महत्वपूर्ण मंच है। उन्होंने कहा कि यहां आयोजित साहित्यिक चर्चाएं, काव्य पाठ, संवाद सत्र और लेखक से मिलिए जैसे कार्यक्रम समाज में बौद्धिक ऊर्जा का संचार करेंगे और युवाओं को पढ़ने-लिखने के लिए प्रेरित करेंगे। चिल्ड्रेन पवेलियन को विशेष आकर्षण बताते हुए मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि बच्चों में प्रारंभ से ही पठन-पाठन की आदत विकसित करना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि पुस्तकें न केवल ज्ञान देती हैं, बल्कि बच्चों ...शेष पृष्ठ 10 पर

# ईरान के न्यूक्लियर प्लांट के पास अमेरिका का हमला

## इजराइल ने पेट्रोकेमिकल जोन पर की एयरस्ट्राइक, तीन कंपनियों को किया तबाह

एजेंसी



तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी। ईरान के बुशहर में शनिवार को न्यूक्लियर पावर प्लांट के पास हमला हुआ है। इस हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई। रिपोर्ट्स के मुताबिक, प्लांट के पास एक प्रोजेक्टाइल गिरा, जिससे एक सुरक्षा कर्मी की जान चली गई। वहीं इजराइल ने ईरान के दक्षिणी खुजेस्तान प्रांत में महशहर पेट्रोकेमिकल स्पेशल इकोनॉमिक जोन पर हमला किया है। फार्स न्यूज एजेंसी के अनुसार, इस इलाके में कई विस्फोट हुए, जिसके बाद घटनास्थल से धुआं उठता हुआ देखा गया। इजराइल के सुरक्षा सूत्रों ने भी पुष्टि की है कि ये हमले उसकी वायुसेना ने किए हैं। इस हमले में तीन कंपनियों को निशाना बनाया गया। रिपोर्ट के अनुसार, हमलों में पांच लोग घायल हुए हैं। ईरान ने शुक्रवार को अमेरिका के दो लड़ाकू विमान गिराने का दावा किया है। इनमें एक एफ-35 फाइटर जेट और दूसरा अ-10 अटैक एयरक्राफ्ट है। हालांकि कई मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि गिरने वाला पहला फाइटर जेट एफ-35 नहीं बल्कि एफ-15ए है। वहीं, ट्रम्प ने कहा है कि ईरान में अमेरिकी फाइटर जेट गिराए जाने की घटना से दोनों देशों के बीच बातचीत पर कोई असर नहीं पड़ेगा। ट्रम्प ने कहा, हम युद्ध में हैं। उन्होंने यह बात अमेरिकी मीडिया से एक फोन इंटरव्यू में कही। ईरान ने अमेरिकी फाइटर जेट के पायलट को पकड़ने पर 10 बिलियन ईरानी तोमान (लगभग 55 लाख रुपए) के इनाम का ऐलान किया है। ईरान के सरकारी मीडिया कफकइ के एक एंकर ने नागरिकों से अपील की है कि वे अमेरिकी पायलट को जिंदा पकड़कर सरकारी अधिकारी या सेना को सौंपे। ईरान ने शुक्रवार को उत्तरी इजराइल के शहर किरयात अता पर मिसाइल हमला किया, जिससे कई गाड़ियां जल ...शेष पृष्ठ 10 पर



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 34.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 23.00 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**

❍ मुख्यमंत्री ने किये बाबा विश्वनाथ के दर्शन (पृष्ठ-02)
❍ जंगलों की निगरानी के लिए 25 फॉरेस्ट वॉचर्स को मिली साइकिलें (पृष्ठ-02)
❍ एआई ने खोले विकास के द्वार : राधाकृष (पृष्ठ-10)
❍ एआईएनआरसी-भाजपा का गठबंधन थका हुआ (पृष्ठ-10)

**विशेष खबर** अब हम दुनिया की शीर्ष पांच अर्थव्यवस्थाओं में शामिल : जयशंकर

# भारत ने वैश्विक संकट का डटकर किया मुकाबला

एजेंसी




रायपुर। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पश्चिम एशिया में जारी सैन्य संघर्ष की ओर इशारा करते हुए शनिवार को कहा कि वैश्विक सकंट के बीच भारत मजबूती से उभरा है और हालात का डटकर मुकाबला किया है।

जयशंकर ने यहां स्थित भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम) के 15वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि भारत ने घरेलू और बाहरी दोनों तरह की चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना किया है। अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर फरवरी में हमले शुरू किए जाने से उत्पन्न पश्चिम एशिया संकट ने वैश्विक ईंधन आपूर्ति को प्रभावित किया है तथा हाइड्रोकार्बन की कमी पैदा कर दी है। उन्होंने कहा कि वैश्वीकरण की व्यापकता के चलते संघर्ष का असर दूर-दराज के समाजों पर भी गहराई से पड़ा है। जयशंकर ने कहा अब हम दुनिया की शीर्ष पांच अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हैं। इस बात से कोई इनकार नहीं कर सकता कि हाल ही में आए कई वैश्विक झटकों ने हमारी सहनशक्ति की परीक्षा ली है, और भारत उनसे मजबूती से उबरकर बाहर निकला है। हमने घरेलू और बाहरी, दोनों तरह की चुनौतियों का काफी हद तक सफलतापूर्वक सामना किया है। उन्होंने कहा कि ज्यादा समावेशी विकास, प्रतिनिधि राजनीति और निर्णायक नेतृत्व ने एक नयी नींव रखी है। विदेश मंत्री ने कहा अधिक समावेशी विकास, प्रतिनिधि राजनीति और निर्णायक नेतृत्व ने एक नयी नींव रखी है, जिससे हम सभी अब ऊंची उम्मीदें रख सकते हैं। हमने न सिर्फ डिजिटल क्रांति को पूरे उत्साह के साथ अपनाया है, बल्कि असल में इसे अपने जीवन में एक मकसद के साथ लागू भी किया है। यहां तक कि कई विकसित समाजों ने भी ऐसा नहीं किया है।

उन्होंने कहा मैंने जिन वैश्विक रुझानों का जिक्र किया है, उनकी रोशनी में राष्ट्रीय क्षमताओं का निर्माण करना अब और भी ज्यादा जरूरी हो गया है। बड़े देशों के लिए तो यह बात खास तौर पर सच है। आप देखेंगे कि ...शेष पृष्ठ 10 पर

### लखनऊ : आतंकी साजिश रचने वाले चार आरोपी पांच दिन की रिमांड में

विशेष संवाददाता

लखनऊ। राजधानी में पकड़े गए आतंकी मॉड्यूल के चारों आरोपितों को शनिवार को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें पांच दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया।

**❍ बड़ी साजिश के लिए कर रहे थे ट्रायल**

यूपी एटीएस अब उनसे पाकिस्तानी हैंडलर्स और आतंकी नेटवर्क के बारे में पूछताछ करेगी। एटीएस कमांडो ने दोपहर को चारों आरोपितों शाकिब, विकास गहलावत, लोकेश उर्फ पपला पंडित और अरबाब को लखनऊ की विशेष अदालत में पेश किया, जहां उनकी कस्टडी रिमांड मांगी गयी। कोर्ट ने स्वीकार करते हुए पांच दिन के लिए एटीएस को सौंप दिया। एटीएस कमांडो की कड़ी सुरक्षा के बीच चारों आरोपितों शाकिब, विकास गहलावत, लोकेश उर्फ पपला पंडित और अरबाब को लखनऊ की विशेष अदालत में पेश किया गया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपितों ने लखनऊ, गाजियाबाद व अलीगढ़ जैसे शहरों में रेलवे संपत्ति, प्रतिष्ठित संस्थानों और कुछ राजनीतिक व्यक्तियों की रेकी की थी। एटीएस अब इन सभी स्थानों की पुष्टि और संभावित खतरे का आंकलन कर रही है। जांच एजेंसियों को शक है कि आरोपितों ने पहले छोटे स्तर की आगजनी की घटनाओं को ...शेष पृष्ठ 10 पर

# अखिलेश दास गुप्ता विद्यालय के शैक्षिक सत्र 2026-27 का शुभारंभ







**लखनऊ।** अखिलेश दास गुप्ता विद्यालय, लखनऊ में शैक्षिक सत्र 2026-27 के शुभारंभ के अवसर पर आज प्रातः 10:30 बजे से 12:00 बजे तक अभिभावकों के लिए एक भव्य ओरिएंटेशन डे एवं परिचय सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अभिभावकों को विद्यालय की शैक्षिक व्यवस्था, विविध गतिविधियों तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु संचालित योजनाओं से अवगत कराना था। कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।

इसके पश्चात प्रस्तुत की गई मनोहारी गणेश वंदना ने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक एवं ऊर्जावान बना दिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय एवं बीबीडी ग्रुप का संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत किया गया, जिसमें संस्थान की उपलब्धियों, मूल्यों एवं भावी योजनाओं पर प्रकाश डाला गया। इसके उपरांत स्वागत भाषण विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती अंजना स्वामी महोदया द्वारा प्रस्तुत किया गया। उन्होंने सभी अभिभावकों का हार्दिक स्वागत करते हुए कहा कि विद्यालय केवल शिक्षा प्रदान करने का स्थान नहीं, बल्कि बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण की सुदृढ़ आधारशिला है। अपने उद्बोधन में उन्होंने विद्यालय के समर्पित शिक्षकों, आधुनिक शिक्षण पद्धतियों तथा सकारात्मक शिक्षण वातावरण पर प्रकाश डाला तथा अभिभावकों से विद्यालय के साथ निरंतर सहयोग बनाए रखने का आग्रह किया। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि शिक्षक, अभिभावक और विद्यालय के संयुक्त प्रयासों से ही बच्चों का समग्र विकास संभव है।

तत्पश्चात विभिन्न कक्षाओं के लिए परिचय सत्र आयोजित किए गए, जिनमें टॉडलर्स से कक्षा 2 तक के लिए फाउंडेशन प्रोग्राम तथा कक्षा 3 से 8 तक के लिए शैक्षणिक संरचना, परीक्षा प्रणाली एवं मूल्यांकन प्रक्रिया से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ अभिभावकों को प्रदान की गईं। साथ ही, खेल गतिविधियों एवं स्पोर्ट्स विलेज की सुविधाओं के बारे में भी विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। कार्यक्रम में प्रस्तुत संगीतमय प्रस्तुति ने सभी उपस्थित जनों का मन मोह लिया। इसके अतिरिक्त, इडीयू नेक्स्ट पोर्टल का परिचय देकर अभिभावकों को डिजिटल माध्यम से विद्यालय से जुड़े रहने की प्रक्रिया से अवगत कराया गया।

कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया, जिसमें सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं आयोजन में सहयोग देने वाले समस्त सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। इसके पश्चात अल्पाहार के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। यह ओरिएंटेशन एवं परिचय सत्र अभिभावकों और विद्यालय के मध्य सशक्त संवाद स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं सफल पहल सिद्ध हुआ।

# स्कूल छोड़ने वालों की संख्या घटी, शून्य तक ले जाने का लक्ष्य

## अब ड्रॉप आउट रेट 19 से घटकर मात्र 3 फीसदी हो गया

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 2017 के पहले सरकार के एजेंडे में शिक्षा नहीं थी। उन्हें बच्चों की चिंता भी नहीं थी, क्योंकि उनके लोग ही नकल कराते थे। 2017 के पहले ड्रॉप आउट रेट 19 फीसदी था। तीसरी से छठी क्लास के बाद बच्चे स्कूल छोड़ देते थे। हमने प्रदेश भर का डेटा एकत्र कराया तो निष्कर्ष में पता चला कि बच्चे स्कूल इसलिए नहीं जाते थे क्योंकि वहां शौचालय, पेयजल की व्यवस्था नहीं थी। इससे बच्चे अस्वस्थ होते थे। सीएम ने पीएम मोदी की प्रेरणा से यूपी में आए परिवर्तन का भी जिक्र किया। उन्होंने बताया कि बेसिक शिक्षा के सभी विद्यालयों में बालक-बालिकाओं के लिए अलग शौचालय, पेयजल की व्यवस्था की गई। ड्रॉप आउट रेट 19 से घटकर मात्र 3 फीसदी हो गया है।

सीएम ने बेसिक शिक्षा परिषद से जुड़े अधिकारियों व शिक्षकों से आहवान किया कि ड्रॉप आउट रेट शून्य तक पहुंचाने के लिए कार्य करना है। यूपी में अब स्कूली शिक्षा पर 80 हजार करोड़ रुपये से अधिक खर्च होते हैं।

श्रमिकों के तथा निराश्रित बच्चों के लिए अटल आवासीय विद्यालय प्रारंभ किए।



सीएम योगी ने कहा कि हर जनपद में पहले चरण में दो-दो सीएम कंपोजिट विद्यालय दिए हैं। प्रवेश प्रक्रिया के उपरांत पहले चरण में 15 अप्रैल व दूसरे चरण में 15 जुलाई के बाद डीबीटी के माध्यम से अभिभावकों के खाते में राशि भेजी जाएगी। शिक्षकों का दायित्व है कि हर अभिभावक से संवाद बनाएं और सुनिश्चित करें कि अभिभावक जूता-मोजा, यूनिफॉर्म व स्वेटर जरूर खरीदें। इसके लिए हर अभिभावक को 1200 रुपये दिए जा रहे हैं। हर बच्चा यूनिफॉर्म में ही स्कूल आए। सीएम ने चित्रकूट के डीएम की पहल को सराहा

सीएम योगी ने चित्रकूट के जिलाधिकारी का उदाहरण देकर कहा कि उन्होंने अपने बच्चे का प्रवेश आंगनवाड़ी केंद्र में कराया। यह काम शिक्षक भी कर सकते हैं। जहां आप पढ़ा रहे हैं, वहीं बच्चों को लेकर जाइए। बच्चा पढ़ेगा और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी। सरकार बेसिक शिक्षा के विद्यालयों को संसाधन उपलब्ध करा रही है तो आप भी इन्हें कॉन्वेंट, पब्लिक स्कूल व केंद्रीय विद्यालय की तरह कार्य करने में सक्षम बनाएं।

### जनप्रतिनिधियों को भी बनाएं स्कूल चलो अभियान का हिस्सा

सीएम ने बेसिक शिक्षा परिषद के अधिकारियों से कहा कि सांसद, विधायक, विधान परिषद सदस्य, महापौर, चेयरमैन, ब्लाक प्रमुख, जिला पंचायत अध्यक्ष-सदस्य, प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य आदि जनप्रतिनिधियों व अभिभावकों को स्कूल चलो अभियान का हिस्सा बनाएं। इसे जनांदोलन बनाएं। स्कूल का वातावरण आध्यात्मिक बनाएं। बच्चों के सर्वांगीण विकास की दिशा में शिक्षकों का प्रयास भारत की समृद्धि, प्रगति और विकसित व आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना को साकार करने में बड़ी भूमिका का निर्वहन करेगा।

# मुख्यमंत्री ने काल भैरव और बाबा विश्वनाथ के किए दर्शन



### बच्चों व दुकानदारों से किया संवाद

**वाराणसी।** गोरक्षपीठाधीश्वर व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार सुबह बाबा विश्वनाथ व काशी कोतवाल काल भैरव का दर्शन-पूजन किया। मुख्यमंत्री ने यहां से निकलकर आसपास के दुकानदारों और बच्चों से संवाद किया और उनका कुशलक्षेम जाना। मुख्यमंत्री ने बच्चों को उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद भी दिया।

मुख्यमंत्री शुक्रवार को दो दिवसीय दौरे पर काशी पहुंचे। शनिवार सुबह उन्होंने बाबा काल भैरव के दरबार में पहुंचकर माथा टेका और आरती कर श्रद्धा निवेदित की। यहां से निकलते समय सीएम योगी ने आसपास के दुकानदारों व बच्चों से बातचीत की। सभी ने प्रणाम कर अपने प्रिय मुख्यमंत्री का अभिवादन किया। सीएम का आत्मीय व्यवहार देखकर सभी प्रसन्न नजर आए। मुख्यमंत्री श्रीकाशी विश्वनाथ धाम भी पहुंचे। गर्भगृह में प्रवेश कर उन्होंने लोक मंगल की कामना के साथ बाबा विश्वनाथ का षोडशोपचार पूजन-अभिषेक किया और आरती की। मुख्यमंत्री ने यहां से प्रस्थान करते समय श्रद्धालुओं का अभिवादन भी किया। इस पर मंदिर परिसर में मौजूद श्रद्धालुओं ने हर-हर महादेव के जयकारे लगाए। मुख्यमंत्री के साथ कैबिनेट मंत्री राकेश सचान, अनिल राजभर, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रविंद्र जायसवाल, राज्यमंत्री संदीप सिंह, विधायक नीलकंठ तिवारी, सुशील सिंह, अवधेश सिंह आदि ने भी दर्शन-पूजन किया।

# जंगलों की निगरानी होगी तेज, 25 फॉरेस्ट वॉचर्स को मिली साइकिलें



**पीलीभीत/लखनऊ।** मुस्तफाबाद फॉरेस्ट गेस्ट हाउस, पीलीभीत टाइगर रिजर्व में एनवायरनमेंट वॉरियर्स, दी गार्जियंस ऑफ दी ग्रीन के नौवें चरण के अंतर्गत साइकिल एवं स्कूल किट वितरण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. राजेश्वर सिंह उपस्थित रहे। इस अवसर पर 25 फॉरेस्ट वॉचर्स को साइकिलें वितरित की गईं, जिससे उनकी पेट्रोलिंग क्षमता में वृद्धि होगी और वन सुरक्षा को और मजबूती मिलेगी। डॉ. सिंह ने इसे पर्यावरण संरक्षण और ग्राउंड-लेवल सपोर्ट का प्रभावी उदाहरण बताया।

उन्होंने टाइगर रिजर्व में शाकाहारी प्रजातियों, विशेषकर विभिन्न हिरण प्रजातियों की बढ़ती संख्या को स्वस्थ इकोसिस्टम का सकारात्मक संकेत बताया, जो 1980 के दशक जैसी स्थिति की पुनरावृत्ति दशार्ता है। इस मौके पर वन एवं वन्य जीव संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहे जिला वन अधिकारी मनीष सिंह एवं क्षेत्रीय वन अधिकारी सहेंद्र यादव की सराहना की। साथ ही, उन्होंने सीएसआर फंड्स के माध्यम से पीलीभीत टाइगर रिजर्व के लिए अतिरिक्त वाटर पंप उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया तथा एनवायरनमेंट प्रोटेक्शन कार्यक्रम को आगे बढ़ाने के लिए पीताम्बरा ट्रस्ट का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के तहत प्राथमिक विद्यालय चोखापुरी के 10 मेधावी छात्राओं को साइकिलें और बच्चों को वेलकम किट वितरित की गई। डॉ. सिंह ने कहा कि शिक्षा सशक्त समाज की नींव है और इस प्रकार के प्रयास बालिकाओं को आगे बढ़ने तथा बच्चों में पढ़ाई के प्रति उत्साह बढ़ाने में सहायक हैं। इस दौरान उन्होंने प्रधानाध्यापक मुनीश पाठक की भी प्रशंसा की। डॉ. सिंह ने ग्रामीणों और बच्चों से अधिक से अधिक प्लांटेशन करने तथा वाइल्डलाइफ प्रोटेक्शन का संकल्प लेने का आह्वान किया।

# जब पीडीए सरकार बनेगी, तभी संविधान बचेगा

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने अपने एक संदेश में कहा कि पीडीए के संकल्पबद्ध युवाओं को हर बूथ को मजबूत करने का जो निर्देश दिया गया है, उसको लेकर उनका अभूतपूर्व उत्साह दिखाई दिया। इस बार बड़े-बुजुर्गों का आशीर्वाद और युवाओं का प्रयास मिलकर अपनी पीडीए सरकार बनाने और संविधान बचाने के लिए कटिबद्ध-प्रतिबद्ध है। सच तो यही है कि जब पीडीए सरकार बनेगी, तभी संविधान बचेगा, जब संविधान बचेगा तभी अधिकार और आरक्षण बचेगा, तभी युवाओं को भेदभाव के बिना काम-कारोबार-रोजगार के बराबर मौके मिलेंगे, नौकरी मिलेगी। वो अपने घर-परिवार के सपने पूरे कर पाएंगे और सम्मान से जीवन जी पाएंगे।

अखिलेश यादव ने कहा कि इसीलिए आज से पीडीए के युवाओं का यही नया नारा है। पीडीए को जिताएंगे, संविधान को बचाएंगे! अखिलेश यादव ने कहा कि सामाजिक न्याय का राज लाने के महा-लक्ष्य की असीम ऊर्जा से भरे उत्तर प्रदेश के युवा इस बार भाजपा का कोई भी चुनावी घपला, चालबाजी, जालसाजी और घोटाला नहीं चलने देंगे। पीडीए प्रभारी हर भाजपाई और उनके संगी-साथियों पर पैनी नजर रखेंगे और बाहर के राज्यों से आए नकली वोट डालने वाले चुनावी घुसपैठियों को खदेड़कर, पकड़कर, वीडियो के सबूत सहित पुलिस के हवाले करेंगे और उन्हें कानून से सजा दिलाकर ही मानेंगे। भाजपा को 2027 में देश के सबसे कठिन चुनाव का सामना करना होगा। जहाँ सतर्क, सचेत, सावधान पीडीए युवा चौकन्ने रहकर हर एक वोट पर सख़्त निगाह रखेंगे। अखिलेश यादव ने कहा कि याद रहे भाजपाई और उनके संगी-साथी आप सब युवाओं को उकसाएंगे, प्रतिक्रिया और प्रतिरोध करने को बाध्य करेंगे लेकिन आपको उनके झाँसे में नहीं आना है, अपना आपा, संतुलन और आत्म-नियंत्रण नहीं खोना है। हमें सोच-समझकर, सधकर, शांत होकर चलना है और अपनी युवा ऊर्जा, शक्ति और जोश को सकारात्मक रूप से हर पीड़ित से मिलकर बने पीडीए समाज को हमेशा के लिए पीड़ा, दुख और अपमान से मुक्ति दिलाने के लिए लगा देना है।

अखिलेश यादव ने कहा कि अब युवा, महिला, किसान, मजदूर, कारोबार, परिवार व पीडीए विरोधी भाजपा की हर तरह से भ्रष्ट, जुमलाई, बेईमान सरकार निश्चित जाएगी, फिर कभी नहीं आएगी। याद रखें पीडीए हमारे मान-सम्मान का इंकलाब है! अखिलेश यादव ने कहा कि अपने पीडीए के उत्थान के लिए हमें खुद आगे बढ़ना होगा, हमें खुद ही लड़ना होगा और अपना वक्त खुद ही बदलना होगा।

# योगी सरकार की त्वरित कार्रवाई : इजराइल में फंसे अखिलेश सकुशल घर लौटे

- अम्बेडकर नगर के युवक को जॉर्डन के रास्ते सुरक्षित भारत लाया गया

**अम्बेडकर नगर।** इजराइल के संघर्षग्रस्त शहर नेतन्य में फंसे अकबरपुर निवासी अखिलेश कुमार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश और जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला की त्वरित पहल पर जॉर्डन के रास्ते सकुशल वापस लाया गया। यह अभियान राज्य सरकार की मानवीय संवेदनशीलता और प्रशासनिक सक्रियता का उदाहरण माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार, अखिलेश कुमार रोजगार के लिए क्र॰शी' गए थे, लेकिन वहां युद्ध जैसी परिस्थितियों और नियोक्ता के असहयोग के कारण वे मानसिक तनाव में आ गए और स्वयं लौटने में असमर्थ हो गए। उनकी पत्नी किरण देवी ने 25 मार्च 2026 को जनता दर्शन में जिलाधिकारी से मिलकर मदद की अपील की। प्रकरण की गंभीरता देखते हुए जिलाधिकारी ने तत्काल शासन को अवगत कराया। मुख्यमंत्री के निर्देश पर विदेश मंत्रालय और दूतावासों ने समन्वय शुरू किया। इजराइल के हवाई अड्डे बंद होने के कारण वैकल्पिक योजना बनाई गई और उन्हें स्थल मार्ग से जार्डन पहुंचाया गया। अम्मान से 2 अप्रैल को रॉयल जॉर्डनियन की उड़ान से वे 3 अप्रैल को सुबह मुंबई पहुंचे। इसके बाद एयर इंडिया की उड़ान से लखनऊ लाया गया और फिर उन्हें अम्बेडकर नगर स्थित उनके गांव पहुंचा दिया गया। घर लौटने पर अखिलेश कुमार ने कहा कि कठिन समय में प्रदेश सरकार और जिला प्रशासन के प्रयासों से ही वे सुरक्षित लौट सके। उनकी पत्नी ने भी मुख्यमंत्री और प्रशासन का धन्यवाद किया। ग्राम पहुंचने पर खुशी का माहौल है। यह पूरा अभियान राज्य सरकार, जिला प्रशासन, विदेश मंत्रालय और अंतरराष्ट्रीय राजनयिक समन्वय का सफल उदाहरण माना जा रहा है।

# 1533 हेल्पलाइन और संभव पोर्टल से समस्याओं का समाधान

विशेष संवाददाता (vol)

- डीसीसीसी के 4 साल पूरे, नगर निकायों की मॉनिटरिंग में नई मिसाल: शर्मा
- गरीब, सफाईकर्मी एवं मलिन बस्तियों पर विशेष फोकस के निर्देश

**लखनऊ।** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए. के. शर्मा ने डेडीकेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर के सफल संचालन के 4 वर्ष पूर्ण होने पर शनिवार को वर्चुअल बैठक की। 4 अप्रैल 2022 को इस कमांड एंड कंट्रोल सेंटर की स्थापना की गई थी। इस अवसर पर मंत्री ए. के. शर्मा ने निदेशक अनुज झा एवं अपर निदेशक ऋतु सुहास सहित पूरी टीम को बधाई दी। उन्होंने बताया कि प्रारंभ में इस केंद्र में हेल्पलाइन नंबर की व्यवस्था नहीं थी, लेकिन बाद में केंद्र सरकार से समन्वय स्थापित कर 1533 टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया। साथ ही संभव ऑनलाइन पोर्टल भी संचालित किया जा रहा है, जिसके माध्यम से शिकायतकर्ता और संबंधित अधिकारी ऑनलाइन आमने-सामने होकर समस्याओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करते हैं। उन्होंने संभव पोर्टल को एक अभिनव पहल बताया।



श्री शर्मा ने कहा कि पिछले वर्षों में स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया गया है, लेकिन अभी भी कई ऐसे क्षेत्र हैं जहां सुधार की आवश्यकता है। जिन नगरी निकायों की स्वच्छता रैंकिंग नीचे है, उनका विश्लेषण कर आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाए जाने चाहिए। उन्होंने आगामी वषार्काल के दृष्टिगत सभी आवश्यक तैयारियां समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही प्लांटेशन एवं अन्य स्वच्छता अभियानों को प्रभावी एवं सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करने पर जोर दिया। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी कार्य की शुरूआत अपने आसपास से होती है, इसलिए रेहड़ी-पटरी पर कार्य करने वाले लोगों, गरीबों, सफाई कर्मियों एवं मलिन बस्तियों में रहने वाले लोगों के जीवन स्तर को सुधारने पर विशेष ध्यान दिया जाए। उनके आवास, आयुष्मान कार्ड एवं स्वच्छता सुविधाओं को प्राथमिकता दी जाए।

अपर निदेशक ऋतु सुहास ने इस अवसर पर प्रस्तुतीकरण के माध्यम से कमांड एंड कंट्रोल सेंटर के कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत विभिन्न अभियानों की निगरानी भी डीसीसीसी के माध्यम से की जाती है। अपर निदेशक ने यह भी अवगत कराया कि वर्ष 2022 से अब तक कुल 3,63,510 शिकायतों के सापेक्ष 3,62,517 शिकायतों का निस्तारण किया गया है। इसके साथ ही लगभग 7000 घंटे का ऐतिहासिक लाइव मॉनिटरिंग कार्य भी संपन्न किया गया है।

# शकुन्तला विवि को पहली बार संयुक्त राष्ट्र संघ की एजेंसी से मिलेगा 1.68 करोड़ का अनुदान

विशेष संवाददाता (vol)

- कृत्रिम अंग एवं पुनर्वास केंद्र में स्थापित होगा अत्याधुनिक थ्रीडी प्रिंटिंग लैब, बनेंगे कृत्रिम अंग

**लखनऊ।** डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय को पहली बार संयुक्त राष्ट्र संघ की विशेष एजेंसी यूएनआईडीओ यूनाइटेड नेशंस इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट ऑर्गेनाइजेशन) विश्वविद्यालय को कृत्रिम अंग निर्माण के लिए अनुदान देने जा रही है। यह अनुदान इंस्टालिंब संस्था के माध्यम से प्रदान किया जाएगा।

इसी क्रम में इंस्टालिंब के वाइस प्रेसिडेंट जापान से आए ताकायुकी तनाका ने लखनऊ पहुंचकर कुलपति आचार्य संजय सिंह से मुलाकात की। विश्वविद्यालय की व्यवस्थाओं और कार्यों से प्रभावित होकर उन्होंने 1 करोड़ 68 लाख रूपए की अत्याधुनिक मशीनों और तकनीक उपलब्ध कराने पर सहमति जताई। कुलपति आचार्य संजय सिंह ने बताया कि जल्द ही इंस्टालिंब से एमओयू साइन होने के बाद विश्वविद्यालय के कृत्रिम अंग एवं पुनर्वास केंद्र में एक आधुनिक थ्रीडी प्रिंटिंग लैब स्थापित की जाएगी। इस लैब के जरिए घुटने के नीचे और घुटने के ऊपर कटे हुए अंग वाले दिव्यांगजनों को मुफ्त अत्याधुनिक तकनीक से कृत्रिम अंग उपलब्ध कराए जाएंगे।

कुलपति ने कहा यह हमारे विश्वविद्यालय के लिए गर्व का क्षण है कि यूएनआईडीओ जैसी अंतरराष्ट्रीय संस्था पहली बार हमें इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए सहयोग दे रही है। इंस्टालिंब के साथ होने वाला यह समझौता दिव्यांगजनों के पुनर्वास के क्षेत्र में नई संभावनाएं खोलेगा। थ्रीडी (3ऊ) प्रिंटिंग तकनीक के माध्यम से हम अधिक गुणवत्ता वाले कृत्रिम अंग उपलब्ध करा सकेंगे, जिससे समाज के अधिक से अधिक लोगों को लाभ मिलेगा। शोध और नवाचार के क्षेत्र में भी यह बड़ी पहल साबित होगी।

**इस परियोजना के तहत विश्वविद्यालय को चार चरणों में लाभ मिलेगा :** इस परियोजना के तहत मशीनों का इंस्टॉलेशन, विशेषज्ञ प्रशिक्षण, सर्टिफिकेशन, ऑपरेशनलाइजेशन और तकनीक को अकादमिक पाठ्यक्रम में शामिल किया जाएगा। साथ ही, एक वर्ष तक संस्था की ओर से ट्रेनर भी उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे विश्वविद्यालय का स्टाफ पूरी तरह प्रशिक्षित हो सके।

**विवि को एक वर्ष तक मिलेंगे ट्रेनर :** खास बात यह है कि एक वर्ष तक इंस्टालिंब की ओर से प्रशिक्षित ट्रेनर विश्वविद्यालय में मौजूद रहेंगे, जिससे यहां के कर्मचारी पूरी तरह दक्ष बन सकेंगे। यह पहल कृत्रिम अंगों की गुणवत्ता और संख्या दोनों में सुधार लाएगी। विश्वविद्यालय को मिलने वाली यह सुविधा दिव्यांगजनों के पुनर्वास के क्षेत्र में एक नई दिशा तय करेगी।

# ओडीओपी योजना बनी युवा उद्यमियों के लिए मजबूत आधार

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ा रहा है और एक मजबूत, सशक्त उत्तर प्रदेश के निर्माण की नींव रख रहा है। योगी सरकार की महत्वाकांक्षी योजना एक जनपद-एक उत्पाद (ओडीओपी) इसी बदलाव का मजबूत आधार बनकर उभरी है, जिसके माध्यम से प्रदेश के युवा न केवल आत्मनिर्भर बन रहे हैं, बल्कि दूसरों के लिए भी रोजगार के अवसर पैदा कर रहे हैं। योगी सरकार के विजन आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश को जनपद इटावा के रामगंज निवासी जैनुल आबदीन ने धरातल पर उतारा है। जैनुल आबदीन को जिला उद्योग केंद्र के माध्यम से एक जनपद-एक उत्पाद वित्तपोषण योजना की जानकारी मिली। इस योजना के तहत उन्होंने वर्ष 2025 में 10 लाख रुपये का ऋण प्राप्त किया। यह ऋण उन्हें सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया से मिला, जिससे उन्होंने अपनी फैशन एवं टेक्सटाइल यूनिट की स्थापना की। यहां मैक्सी व कुर्ती जैसे परिधानों का निर्माण ऑर्डर के अनुसार किया जाता है। आज उनको इस यूनिट से खर्चों के बाद हर महीने लगभग 50 हजार रुपये की शुद्ध आमदनी हो रही है। उन्होंने सरकारी योजना का लाभ लेकर न सिर्फ अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाया, बल्कि 4 से 6 अन्य लोगों को भी रोजगार उपलब्ध कराया। प्रदेश में योगी सरकार युवाओं को रोजगार मांगने वाला नहीं, बल्कि रोजगार देने वाला बनाने के लिए निरंतर काम कर रही है। एक जनपद-एक उत्पाद योजना का उद्देश्य हर जिले की पारंपरिक और स्थानीय विशेषताओं को पहचान कर उन्हें वैश्विक बाजार तक पहुंचाना है।

# बाबू जगजीवन राम का संघर्ष आज की पीढ़ी के लिए मिसाल

## देश और समाज के विकास में अपनी भूमिका का निर्वहन करेगी उ0प्र0 कांग्रेस- अजय राय

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं देश के पूर्व उप प्रधानमंत्री बाबू जगजीवन राम की जयंती की पूर्व संध्या पर आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, लखनऊ में समकाकलीन भारत में बाबू जगजीवन राम जी की प्रासंगिकताः सामाजिक न्याय और समावेशी विकास विषय पर एक विचार गोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में बाबू जगजीवन राम जी की सुपुत्री एवं पूर्व लोकसभा अध्यक्ष मीरा कुमार जी तथा मुख्य वक्ता के रूप में दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रख्यात शिक्षाविद प्रो0 रतन लाल उपस्थित रहे। सांसद तनुज पुनिया ने कार्यक्रम में आए हुए समस्त पदाधिकारियों अतिथियों एवं मंच एवं सभागार में बैठें हुए कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकताओं का अभिवादन करते हुए विचार गोष्ठी के विषय का प्रतिपादन किया। संगोष्ठी का संयोजन और संचालन उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन मनीष हिंदवी ने किया। आयोजित संगोष्ठी कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के तौर पर सम्बोधिति करते हुए मीरा कुमार ने लखनऊ की तहजीब की तारीफ और आए हुए कांग्रेसजनों का स्वागत करते हुए कहा कि आज के युग में जब लोग पहले मैं-पहले मैं में विश्वास करते हैं वहीं लखनऊ की तहजीब हमें पहले आप-पहले आप सिखाती है। बाबू जगजीवन राम के जीवन और संघर्ष के विषय में बताते हुए मुख्य अतिथि महोदया भावुक हो गई। आजादी की लड़ाई में उनका शामिल होना, दलितों को एक दिशा देते हुए स्वतंत्रता संग्राम में शामिल कराना और वंचितों और दलितों के मन में देश भावना की ज्योति जलाना उनका मुख्य कार्य रहा। देश के कृषि मंत्री के रूप में कार्य करते हुए भारत से भुखमरी दूर करने के लिए हरित क्रांति जैसी योजना को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने उन्नत बीज, रासायनिक उर्वरकों और आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने पर जोर दिया, जिससे देश में खाद्यान्न उत्पादन में भारी वृद्धि हुई।

# मंत्री गंदगी देख भड़के, संस्थाओं पर जुर्माना

## रामकी, लॉयन व मदर स्वच्छकार पर कार्रवाई, तीन अफसरों का वेतन कटा, बीट इंचार्ज निलंबित

विशेष संवाददाता (vol)

• भूतनाथ, इंदिरा नगर, इस्माइलगंज व बाबू जगजीवन राम वार्ड में स्वच्छता की समीक्षा

• शहर की स्वच्छता व नागरिक सुविधाएं सर्वोच्च प्राथमिकता : सुरेश खन्ना



**लखनऊ।** वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री व जनपद के प्रभारी मंत्री सुरेश खन्ना एवं महापौर सुषमा खर्कवाल ने शनिवार को जोन-7 के चार वार्डों का औचक निरीक्षण किया। सुबह 7 बजे मैथिलीशरण गुप्त वार्ड स्थित भूतनाथ मार्केट का निरीक्षण किया गया। यहां भूतनाथ मेट्रो स्टेशन के नीचे बने सार्वजनिक शौचालय की स्थिति का जायजा लिया गया और स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए गए।

स्थानीय नागरिकों से डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन पर फीडबैक लिया गया, जिसमें अनियमितता की शिकायतें सामने आईं। इस पर अधिकारियों को प्रतिदिन नियमित कूड़ा उठान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। भूतनाथ मार्केट के पीछे कॉलोनी में सफाई न मिलने पर एसएफआई संचिता मिश्रा को कड़ी फटकार लगाते हुए 02 दिन के वेतन कटौती के आदेश दिए गए। साथ ही मदर स्वच्छकार इंटरप्राइजेज पर 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया तथा बीट इंचार्ज दयाराम को निलंबित किया गया। इसके अलावा मंत्री ने नगर आयुक्त को निर्देश दिया कि इंजीनियरिंग विभाग की गैंग टीम को सशक्त किया जाए, ताकि छोटे सड़क मरम्मत कार्य तुरंत कराए जा सकें। इस मौके पर पार्षद अशोक उपाध्याय भी उपस्थित रहे। इंदिरा नगर वार्ड में मुख्य मार्गों, नालियों एवं सार्वजनिक शौचालयों की सफाई का निरीक्षण किया गया। अधिकारियों को उच्च गुणवत्ता के साथ नियमित सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। अरविंदो पार्क के पीछे गलियों में सड़क पर कूड़ा मिलने पर मंत्री एवं महापौर ने कड़ी नाराजगी जताई। लखनऊ स्वच्छता अभियान (एलएसए) पर 1 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया, वहीं बीट इंचार्ज राम मनोज के तीन दिन एवं एसएफआई रूपेंद्र भास्कर के दो दिन के वेतन कटौती के निर्देश दिए गए। इस दौरान पार्षद प्रतिनिधि सूरज जसवानी उपस्थित रहे। इस्माइलगंज प्रथम वार्ड में डोर-टू-डोर कलेक्शन, रोड स्वीपिंग एवं नालियों की सफाई व्यवस्था की समीक्षा की गई। सेक्टर-14 तिराहे पर सड़क पर लोहे की रॉड पाए जाने पर मंत्री ने नाराजगी जताते हुए 24 घंटे में उसे हटाने के निर्देश दिए। सफाई व्यवस्था खराब मिलने पर बीट इंचार्ज बृजेश को निलंबित किया गया तथा लायन सिक्योरिटी गार्ड सर्विसेज पर 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। इस दौरान पार्षद मुकेश चौहान भी मौजूद रहे। बाबू जगजीवन राम वार्ड में भी डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन, रोड स्वीपिंग एवं नालियों की सफाई का निरीक्षण किया। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि व्यवस्थाओं को और अधिक प्रभावी बनाया जाए तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। प्रभारी मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि लखनऊ शहर की स्वच्छता और नागरिक सुविधाएं हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता हैं। किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से सुनिश्चित करें। जहां भी कमी पाई जाएगी, वहां तत्काल कड़ी कार्रवाई की जाएगी। महापौर सुषमा ने कहा कि नगर निगम की ओर से स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। फील्ड स्तर पर निगरानी बढ़ाई जा रही है और नागरिकों की शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। हमारा लक्ष्य लखनऊ को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित शहर बनाना है, जिसमें जनसहभागिता भी बेहद महत्वपूर्ण है।

### यूपी कैबिनेट बैठक सात को

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक मंगलवार को होगी। लोकभवन में होने वाली इस बैठक में शिक्षा, समाज कल्याण सहित कई विभागों के प्रस्तावों पर मुहर लग सकती है। कैबिनेट सचिवालय की ओर से बैठक का एजेंडा तैयार किया जा रहा है।

# नव युवक इंद्रलोक व्यापार मंडल ने ली शपथ

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** नवयुवक इंद्रलोक व्यापार मंडल द्वारा शपथ ग्रहण एवं होली मिलन कार्यक्रम का सफल आयोजन शनिवार को कृष्णानगर, में किया गया। लखनऊ व्यापार मंडल के मुख्य अतिथि के रूप अध्यक्ष अमरनाथ मिश्रा विशिष्ठ अतिथि चेयरमैन राजेंद्र कुमार अग्रवाल अतिथि सविता गोयल मौजूद रहे।

सर्वप्रथम अतिथियों को माला पहनाकर अंग वस्त्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया। व्यापार केवल लेन-देन का माध्यम नहीं है, बल्कि यह समाज की आर्थिक रीढ़ है। व्यापारी वर्ग हमेशा से देश की प्रगति में अग्रणी भूमिका निभाता आया है। ऐसे में हमारा कर्तव्य है कि हम एकजुट होकर व्यापारियों की समस्याओं का समाधान करें और उनके अधिकारों की रक्षा करें। लखनऊ व्यापार मंडल हमेशा आपके साथ खड़ा है। किसी भी समस्या या चुनौती के समय हम सभी मिलकर उसका समाधान निकालेंगे। अंत में, मैं यही कहना चाहूँगा कि संगठन की शक्ति ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। यदि हम एकजुट रहेंगे, तो कोई भी समस्या बड़ी नहीं होगी। शनिवार को शपथ ग्रहण समारोह केवल पदभार ग्रहण करने का कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह हम सभी के लिए एक नई जिम्मेदारी और संकल्प का दिन है।

इंद्रलोक व्यापार मंडल का उद्देश्य सदैव व्यापारियों के हितों की रक्षा करना, उनकी समस्याओं को प्रशासन तक पहुँचाना और उनके समाधान के लिए निरंतर प्रयास करना रहा है। चेयरमैन राजेंद्र कुमार अग्रवाल जी ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देता हूँ और आशा करता हूँ कि आप सभी पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। कार्यक्रम के अंतर्गत सभी व्यापारियों ने होली मिली और आपसी भाईचारे, प्रेम एवं सौहार्द का संदेश दिया। इस मौके पर सुप्रसिद्ध गायक जाहिद जी, जौंटी स्टीफन बडन और कीर्ति वाजपेई ने अपने गीतों की प्रस्तुति दी मंच का संचालन डॉ राजेश आर्या एक्स आर जे रेडियो सिटी ने किया।

लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र द्वारा नव गठित पदाधिकारी अध्यक्ष कमलेश कुमार यादव सूर्या जी के साथ ही वरिष्ठ महामंत्री जॉनटी स्टीफन बडन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. राजेश आर्या, कोषाध्यक्ष हरिकेश शर्मा, राजेश प्रसाद लोधी महामंत्री, राजेश जायसवाल संरक्षक, डॉ अशोक कुशवाहा मीडिया प्रभारी, जावेद अली प्रभारी, ललित कुमार उपाध्यक्ष, रामसनेही यादव प्रचार मंत्री, रविकांत यादव संयुक्त मंत्री, राजेश कुमार संगठन मंत्री, वीरेंद्र कुमार शुक्ला, प्रभारी दीपक श्रीवास्तव प्रभारी, सिद्धार्थ सोनी विधिक सलाहकार राजू दास संगठन मंत्री, अभिषेक तिवारी संगठन मंत्री जी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

## बीबीएयू में स्वदेशी विषय पर विशेष बैठक

**लखनऊ।** बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में शनिवार को विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल की अध्यक्षता में एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में स्वदेशी जागरण मंच के अखिल भारतीय राष्ट्रीय सह-संगठक श्री सतीश जी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान मुख्य अतिथि ने विश्वविद्यालय के शिक्षकों एवं उपस्थित प्रबुद्धजनों के साथ संवाद स्थापित किया। सतीश ने स्वदेशी के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वदेशी केवल एक विचार नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर भारत की आधारशिला है। उन्होंने सभी को स्वदेशी उत्पादों एवं सेवाओं को अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि स्वदेशी को अपनाकर हम न केवल अपनी भारतीय संस्कृति और परंपराओं को सुदृढ़ करते हैं, बल्कि देश की आर्थिक प्रगति में भी महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि किसी भी राष्ट्र की वास्तविक उन्नति तभी संभव है, जब वह अपने उपलब्ध संसाधनों, स्थानीय उत्पादों और अपनी भाषा पर गर्व करे तथा उनका अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करे।

# पूरे प्रदेश में तेज हवाओं संग हुई बारिश, गिरे ओले



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** पश्चिमी विक्षोभ के असर के चलते शनिवार को प्रदेश के मौसम में एक बार फिर बदलाव देखा गया। प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में शाम को बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार, मध्य यूपी समेत प्रदेश के लगभग आधे हिस्से में बारिश हुई। शनिवार शाम तक कानपुर में सर्वाधिक 21.4 मिमी. बारिश दर्ज की गई तो वहीं लखनऊ में 15 मिमी. बारिश दर्ज की गई। शनिवार को हुई तेज हवाओं के साथ बारिश से तैयार खड़ी गेहूं की फसल को चौपट हो गई है, वहीं दशहरी आम को भी कीट लगने का भय बागवानों को सताने लगा है।

• बेमौसम बारिश से फसलों को नुकसान, किसानों को चिंता

विशेषज्ञों और बागवानों के अनुसार आम की फसल के लिए इस समय तपिश और गर्म मौसम की नितांत आवश्यकता है। लेकिन अचानक हुई बारिश ने वातावरण में ठंडक पैदा कर दी है जिससे नमी और ठंडक के कारण आम के टिकोलों में कालापन आने की प्रबल संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ ने प्रदेश के मौसम को प्रभावित करना शुरू कर दिया है। शनिवार को कई जगह 50 से 60 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से हवा के बीच कहीं हल्की तो कहीं मध्यम गति से बारिश हुई। राजधानी में कई स्थानों पर तेज हवा चलने से पेड़ उखड़ गए तो बिजली चली गई। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि कई जगह बारिश की वजह से तापमान के गिरावट दर्ज की गई।

पांच अप्रैल को मौसम में सुधार के साथ ही छह अप्रैल को मौसम शुष्क रहने के आसार हैं। इस दौरान तापमान में दो से तीन डिग्री की मामूली वृद्धि दर्ज की जा सकती है। अगले पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से 7 से 9 अप्रैल के दौरान प्रदेश में आंधी-तूफान के साथ संभावित वर्षा के अगले दौर के कारण तापमान में फिर से 3-5 डिग्री की गिरावट आने की संभावना है। मौसम विज्ञानी मो. दानिश के अनुसार, बारिश का असर सेंट्रल यूपी से पूर्वांचल की ओर स्थानांतरित हो सकता है। शनिवार को दिन में अधिकतम तापमान सबसे अधिक 38.2 डिग्री बहराइच में दर्ज किया गया। कानपुर में 38 डिग्री, बांदा में 37.4 डिग्री, झांसी व हमीरपुर में 37.2 डिग्री तापमान दर्ज किया गया।

## चली हवा तो बंद हो गये कई बिजलीघर

**लखनऊ।** दिन भर मौसम खराब होने के बाद शाम होते ही हवा तेज चलने लगी। जिससे बिजली के तार भी हिलने लगा। ऐसे में उपकेन्द्र से बिजली को कुछ देर के लिए शटडाउन लेकर हवा बंद होने का इंतजार करना पड़ा। सरोजनीनगर के कल्ली में रात 8 बजे बिजली कटौती शुरु हुई और जब हवा बंद हुई तब बिजली व्यवस्था बहाल किया गया। गोमतीनगर के विपिनखण्ड में तेज हवा चलने से सभी फिडर को शटडाऊन करना पड़ा। और हवा बंद होने पर फिर से चालू किया गया। नादरगंज के औरंगाबाद में तेज हवा चलने से लो वोल्टेज की समस्या शुरु हो गयी जिसे शिकायत करने पर दूर किया गया। जानकीपुरम क्षेत्र में फाल्ट के कारण बिजली बंद हो गई। लगभग डेढ़ से दो घंटा तक कटौती बनी रही। लेसा सिस गोमती के अधिकारियों ने बताया कि विभाग की टीम ने निरंतर निगरानी बनाए रखी। कुछ स्थानों पर आए फाल्ट को भी ठीक किया। इटौजा विद्युत उपखंड क्षेत्र में फाल्ट के कारण लगभग दो घंटे बिजली गुल रही। ग्रामीण क्षेत्रों में भी देर शाम तेज बारिश और हवा के कारण क्षेत्र में कई जगह बिजली के तार-तार टूट कर जमीन पर गिर गए। समेसी विद्युत उपकेंद्र के समेसी, बहरौली फीडरों से आपूर्ति ठप हो गई। जिससे पतौना, समेमी, करोरा, रसूलपुर, छतौनी, गठा, करोरा टोला, सहित कई गांव अंधेरे में डूब गए। मौसम साफ होते ही पेट्रोलिंग कर फाल्ट ठीक कर आपूर्ति बहाल की जाएगी।

## सेवानिवृत्त कर्मचारियों को विदाई समारोह में किया गया सम्मानित

**लखनऊ।** नगर निगम मुख्यालय में शनिवार को सेवानिवृत्त कर्मचारियों के सम्मान में एक गरिमामय विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महापौर सुषमा खर्कवाल ने सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को अंगवस्त्र, स्मृति चिह्न एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। बीती 31 मार्च को सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों में राजेश कुमार वर्मा (प्रवक्ता), अलोक सिंह (लेखाकार), प्रेम कुमार (हेल्पर), मो. जमाल (बेलदार), राम कुमार (सफाई कर्मचारी), मुन्ना (सफाई कर्मचारी), कैलाश कुमार (सफाई कर्मचारी), राजेन्द्र (सफाई कर्मचारी), शंकर (सफाई कर्मचारी), पप्पू (सफाई कर्मचारी) एवं बिब्बो (सफाई कर्मचारी) शामिल रहे। महापौर सुषमा खर्कवाल ने इस मौके पर कहा कि आप सभी कर्मचारियों ने वर्षों तक नगर निगम की सेवा ईमानदारी और समर्पण के साथ की है। आपका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। इस मौके पर पार्षद रंजीत सिंह, राम नरेश रावत, अपर नगर आयुक्त डॉ. अरविंद कुमार राव, मुख्य लेखा अधिकारी महामिलिंद समेत नगर निगम के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान नगर निगम के लेखा विभाग में कार्यरत द्वितीय श्रेणी लिपिक/पेंशन पटल सहायक रामबाबू के शुक्रवार को हुए आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया। दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। इसके साथ ही महापौर समेत सभी मौजूद लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की और शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की गई।

## नगर निगम की सामान्य सदन बैठक 15 को

**लखनऊ।** नगर निगम की सामान्य सदन की बैठक आगामी 15 अप्रैल को आयोजित की जाएगी। बैठक का आयोजन प्रातः 11:00 बजे नगर निगम मुख्यालय स्थित त्रिलोकनाथ हाल में किया जाएगा। महापौर सुषमा खर्कवाल ने निर्देशित किया है कि बैठक से संबंधित सभी औपचारिकताएं समय से पूर्ण की जाएं तथा माननीय पार्षदों को बैठक की सूचना समय पर उपलब्ध कराई जाए।

# पक्का पुल से पुरनिया बंधा मार्ग का चौड़ीकरण शुरू

**लखनऊ।** राजधानी में पक्का पुल से पुरनिया बंधा मार्ग चार लेन का होगा। शनिवार को क्षेत्रीय विधायक डा. नीरज बोरा ने बहुप्रतीक्षित सीतापुर रोड से पक्का पुल बंधा मार्ग के चौड़ीकरण एवं नवनिर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। पैंतालीस करोड़ लागत वाली लगभग 3.2 किमी की यह परियोजना लखनऊ विकास प्राधिकरण की ओर से अगले 18 माह में पूरी की जाएगी।

• विधायक डा. नीरज बोरा ने किया भूमिपूजन



विधायक डॉ. नीरज बोरा ने कहा कि यह मार्ग क्षेत्र की जीवनरेखा है, जो अब तक मात्र 5 मीटर चौड़ा होने के कारण जाम की गंभीर समस्या से ग्रस्त था। अब इसे डिवाइडर सहित 14 मीटर चौड़ा किया जा रहा है जिससे त्रिवेणीनगर, खदरा, फैजुल्लागंज सहित आसपास के क्षेत्रों की बड़ी आबादी को सुगम एवं सुरक्षित आवागमन का लाभ मिलेगा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ह्यडबल इंजनह्ण सरकार में लखनऊ उत्तर में तेजी से विकास हो रहा है और यह परियोजना मील का पत्थर सिद्ध होगी। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हुए भूमि पूजन समारोह में सांसद प्रतिनिधि दिवाकर त्रिपाठी, राघवेन्द्र शुक्ला, भाजपा नगर महामंत्री टिंकू सोनकर, उपाध्यक्ष कुमकुम राजपूत, मनोज के. गुप्ता, पार्षद देवशर्मा उर्फ मुन्ना मिश्रा, मुसव्विर अली मंशु, प्रियंका बाजपेयी, रामूदास कनौजिया, स्वदेश सिंह, सी.बी. सिंह, अनुराग मिश्रा, पार्षद प्रतिनिधि सुदर्शन कटियार, वरिष्ठ नेता विनोद, बाजपेयी, मंडल अध्यक्ष शैलेन्द्र मौर्य, रमन निगम, चन्द्रशेखर गुप्ता, दया पाण्डेय, पूर्व पार्षद सगीर, रुपाली गुप्ता, सुनील सिंह, नम्रता सिंह श्रीनेत, अनिल मिश्र, कृपाशंकर मिश्र, लवकेश सिंह, गौरव अवस्थी सहित एलडीए अधिकारी, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# अत्यधिक थकान, जोड़ों में दर्द को नजरंदाज न करें

## लोहिया संस्थान में ऑटोइम्यून डिसऑर्डर्स को समझने पर सम्मेलन

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** अत्यधिक थकान, बुखार, जोड़ों में दर्द, सूजन, और त्वचा पर चकत्ते को नजरंदाज न करें। यह लक्षण आटोइम्यून डिसआर्डर से जुड़ी बीमारी से हो सकते हैं। इसको लेकर शनिवार को गोमतीनगर स्थित डा. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के पैथोलॉजी विभाग ने ऑटोइम्यून डिसऑर्डर्स पर सम्मेलन का आयोजन किया, इसमें विभिन्न विशेषज्ञताओं के चिकित्सकों ने बीमारी के लक्षण दिखते ही उपचार कराने की सलाह दी।

उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में चिकित्सा शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव अमित घोष मौजूद थे। संस्थान के निदेशक सीएम सिंह और इंटरनेशनल एकेडमी ऑफ पैथोलॉजिस्ट्स के उपाध्यक्ष प्रो. फ्रांसिस्को कुटो शामिल थे। इस सम्मेलन का आयोजन पैथोलॉजी विभाग की प्रमुख और संस्थान की पूर्व निदेशक प्रो. नुजहत हुसैन के नेतृत्व में किया गया, जिसमें डॉ. किरण प्रीत मल्होत्रा आयोजन सचिव और डॉ. रीति यादव संयुक्त आयोजन सचिव के रूप में शामिल थीं।

अपने संबोधन के दौरान, मुख्य अतिथि ने कहा कि ऑटोइम्यून विकारों के लिए अक्सर नैदानिक विशेषज्ञता और उन्नत निदान उपकरणों के संयोजन की आवश्यकता होती है। उन्होंने पूरे राज्य में विश्वसनीय और उन्नत निदान सेवाएं प्रदान करने में पैथोलॉजी विभाग के महत्वपूर्ण योगदान की भी प्रशंसा की। इस बात पर जोर दिया कि रोगियों के उपचार परिणामों को बेहतर बनाने के लिए स्नातक, स्नातकोत्तर और पैरामेडिकल शिक्षा में उत्कृष्टता प्राप्त करना अनिवार्य है।

संस्थान के निदेशक डा. सीएम सिंह ने कहा कि अत्यधिक थकान, बुखार, जोड़ों में दर्द को नजरंदाज न करें। हाल के वर्षों में, एक गामा नाइफ सर्जरी सुविधा स्थापित की गई है, साथ ही एक रोबोटिक सर्जरी प्रणाली भी शुरू की गई है। फैकल्टी ने इस उन्नत रोबोटिक सर्जरी प्रणाली का उपयोग करके 7-8 महीनों के भीतर 350 से अधिक मरीजों का सफलतापूर्वक ऑपरेशन किया है। उन्होंने यह भी बताया कि संस्थान ने एक नया कैंपस विकसित किया है, जहाँ मरीजों के लिए 1000 बिस्तरों वाला अस्पताल और छात्रों के लिए 800 बिस्तरों वाला हॉस्टल है।

## समाधान दिवस में 521 में 102 का निस्तारण

**लखनऊ।** पांचों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किये गये। जिलाधिकारी ने कहा कि जनसामान्य की शिकायतों का स्थानीय स्तर पर समाधान किया जाना शासन की प्राथमिकता है जिसके क्रम में तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी जनता की इन शिकायतों का निस्तारण त्वरित एवं समयबद्ध तरीके से एक सप्ताह में करना सुनिश्चित करें। तहसील सदर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 73 प्रकरण प्राप्त हुये, जिसमें से 26 प्रकरणों का निस्तारण विभिन्न टीमो के माध्यम से कर दिया गया। बाकी प्रकरणों को निस्तारण के लिए सम्बन्धित विभागों को इस निर्देश के साथ उपलब्ध करा दिये गये कि उनका निस्तारण एक सप्ताह में सुनिश्चित करा दिया जायें। सम्पूर्ण समाधान दिवसो में तहसील सदर में 73 में से 26 प्रकरण का निस्तारण प्रकरण, तहसील मलिहाबाद में 72 में से 6 प्रकरण का निस्तारण, तहसील बीकेटी में 99 में से 20 प्रकरण का निस्तारण, तहसील मोहनलालगंज में 160 में से 36 प्रकरण का निस्तारण तथा तहसील सरोजनीनगर में 117 में से 14 प्रकरण का निस्तारण मौके पर किया गया। शेष प्रकरणों को समयबद्ध निस्तारण हेतु सम्बन्धित विभागों को प्रेषित किए गये। आज जनपद में पुलिस 140, राजस्व एवम पुलिस संयुक्त, राजस्व 210, विकास 40, शिक्षा 3, स्वास्थ्य 2, समाज कल्याण 16, नगर निगम 16 तथा अन्य 94 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए है। समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी द्वारा सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए गए की आज जो भी प्रकरण प्राप्त हुए है उनके निस्तारण के लिए समय सीमा निर्धारित की गई है।



# घर से 15 मिनट की दूरी पर मिल सकेंगी सुविधाएं

## लिवेबल सिटीज मिशन लागू करने की तैयारी, एससीआर के साथ विकसित होंगे क्षेत्रीय आर्थिक केंद्र



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भविष्य की जरूरतों के मुताबिक राज्य के दीर्घकालिक विकास के लिए विकसित यूपी@2047 विजन के अनुरूप लक्ष्य निर्धारित किए हैं। इसके अनुपालन में प्रदेश सरकार ने शहरी क्षेत्रों को अत्याधुनिक, डिजिटल, सुगम और विश्वस्तरीय बनाने का व्यापक रोडमैप तैयार किया है। मुख्यमंत्री के समक्ष पेश किए गए इस रोडमैप का मुख्य फोकस राज्य के शहरों में जीवन सुगमता बढ़ाना, बुनियादी नागरिक सेवाओं को सशक्त करना और सतत एवं संतुलित विकास के जरिए नागरिकों को बेहतर जीवन स्तर प्रदान करना है।

मुख्यमंत्री के विजन के अनुसार शहरी क्षेत्रों का विकास सुलभ प्रशासनिक व्यवस्थाओं के साथ अर्थव्यवस्था को मजबूती देने वाले स्तंभों के तौर पर किया जाएगा। इसके तहत प्रदेश की राजधानी लखनऊ को राज्य राजधानी क्षेत्र (एससीआर) के रूप में विकसित करने के साथ-साथ राज्य में क्षेत्रीय आर्थिक केंद्र विकसित करने की योजना तैयार की गई है, जो राज्य में आर्थिक गतिविधियों के प्रमुख हब बनेंगे। राज्य की प्राकृतिक एवं भौगोलिक परिस्थियों को ध्यान में रखते हुए इन क्षेत्रीय आर्थिक केंद्रों का विकास किया जाएगा, जिससे प्रदेश में निवेश, रोजगार और संतुलित क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा मिलेगा।

**मल्टी-मोडल ट्रांसपोर्ट सिस्टम का किया जाएगा विकास :** विकसित यूपी@2047 विजन के तहत राज्य में शहरी परिवहन को आधुनिक और समावेशी बनाने के लिए मल्टी-मोडल ट्रांसपोर्ट सिस्टम विकसित किया जाएगा। इसमें मेट्रो, रैपिड रेल, इलेक्ट्रिक बसें और स्मार्ट ट्रैफिक प्रबंधन प्रणाली शामिल होगी। सरकार का लक्ष्य है कि सार्वजनिक परिवहन का उपयोग बढ़ाकर इसे मल्टी-मोडल ट्रांसपोर्ट सिस्टम में 25 प्रतिशत हिस्सेदारी तक लाया जाए। इससे राज्य के निवासियों को सस्ता परिवहन उपलब्ध कराने के साथ ट्रैफिक जाम और प्रदूषण की समस्या से भी निजात दिलाने में मदद मिलेगी। साथ ही लिवेबल सिटीज मिशन के तहत नागरिकों को स्वास्थ्य, शिक्षा और बाजार जैसी आवश्यक सुविधाएं उनके घर से 15 मिनट की दूरी पर उपलब्ध कराने का लक्ष्य है। इससे न केवल जनता के समय की बचत होगी, बल्कि प्रदूषण में भी कमी आएगी। शहरी प्रशासन को मजबूत बनाने के लिए जीआईएस (जियोग्राफिकल इन्फॉर्मेशन सिस्टम) आधारित संपत्ति मानचित्रण और कर प्रणाली लागू की जाएगी, जिससे कर संग्रह अधिक पारदर्शी और सटीक होगा। साथ ही, एकीकृत कमांड और कंट्रोल सेंटर (आईसीसीसी) की स्थापना के माध्यम से शहरों की रियल-टाइम मॉनिटरिंग, बेहतर समन्वय और त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित की जाएगी। सभी शहरी स्थानीय निकायों (यूएलबी) में नागरिक सेवाओं को 100 प्रतिशत डिजिटल बनाने का लक्ष्य रखा गया है, जिससे नगरीय प्रशासन में पारदर्शिता और सेवा वितरण की गति में सुधार होगा।

रोडमैप में राज्य के सभी जिलों में विकास प्राधिकरणों का गठन कर 100 प्रतिशत जल आपूर्ति कवरेज और थीम आधारित टाउनशिप का विकास करने की योजना भी शामिल है। उत्तर प्रदेश शहरी वेधशाला की स्थापना कर डेटा आधारित योजनाओं और पूर्वानुमानों को बढ़ावा दिया जाएगा।

**पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से स्पंज सिटी को प्रोत्साहन:** रोडमैप के मुताबिक, जलवायु परिवर्तन और पर्यावरणीय चुनौतियों से निपटने के लिए स्पंज सिटी पहल को आगे बढ़ाया जाएगा। इसके तहत शहरी क्षेत्रों में वर्षा जल संचयन, झीलों और तालाबों का पुनरुद्धार तथा प्राकृतिक जल निकासी तंत्र को संरक्षित किया जाएगा। इसका उद्देश्य भूजल स्तर को बढ़ाना, बाढ़ के जोखिम को कम करना और शहरी पारिस्थितिकी तंत्र को पुनर्जीवित करना है। साथ ही, बड़े पैमाने पर अपशिष्ट-से-ऊर्जा संयंत्र स्थापित कर शून्य-लैंडफिल शहरों का लक्ष्य प्राप्त किया जाएगा।

वहीं समावेशी विकास के तहत आर्थिक रूप से कमजोर और निम्न आय वर्ग के लिए आवास योजनाओं को तेज किया जाएगा। मिश्रित भूमि उपयोग और योजनाबद्ध शहरीकरण के माध्यम से सभी वर्गों के लिए बेहतर जीवन स्तर सुनिश्चित किया जाएगा।

# केजीएमयू में हटायी जायेंगी मजारें

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) परिसर में छह मजारों को हटाने का रास्ता साफ हो गया है। यूनिवर्सिटी प्रशासन ने इन मजार के प्रबंधकों को दो बार नोटिस भेजकर जमीन से जुड़े दस्तावेज और कानूनी स्वामित्व के सुबूत मांगे थे, लेकिन अब तक एक को छोड़ बाकी किसी ने भी मजार को लेकर ना तो दस्तावेज पेश किए और ना ही कोई सुबूत। ऐसी दशा में मजारों को अवैध मानते हुए कार्रवाई की जाएगी।



केजीएमयू प्रशासन ने बताया कि सिर्फ न्यू ऑर्थोपेडिक विभाग में स्थित एक मजार की ओर से जवाब दिया गया है, लेकिन उसमें भी जमीन के आवंटन या मालिकाना हक से जुड़े कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए हैं।

इसके बाद उन्हें दोबारा आवश्यक प्रमाण देने का मौका दिया गया, लेकिन फिर भी कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। अब सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइंस के तहत सभी संबंधित पक्षों को व्यक्तिगत सुनवाई का अवसर दिया गया। पहले यह सुनवाई 28 फरवरी को प्रस्तावित थी, जिसे रमजान के चलते चार अप्रैल तक स्थगित किया गया था। शनिवार को कलाम सेंटर में दोपहर दो से शाम चार बजे तक केजीएमयू के अधिकृत अधिकारी सुनवाई के लिए बैठे रहे। छह मजारों का कोई भी प्रबंधन या प्रतिनिधि सुनवाई में शामिल नहीं हुआ। केजीएमयू प्रशासन ने बताया कि अब इस मामले में सभी प्रक्रियाएं पूरी कर ली गई हैं। सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइंस के अनुसार आदेश जारी किया जाएगा। आगे की कार्रवाई के लिए प्रशासन को भेजा जाएगा। प्रवक्ता डा. केके सिंह ने बताया कि नियमानुसार मजारों को लेकर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

महत्वपूर्ण नंबर
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

फायर स्टेशन
हजरतगंज- कंट्रोल रूम 9454418642
गोमती नगर-9454418657

एंबुलेंस
मेडिकल सेवा- 102, 108

मेट्रो

# संदिग्ध हालत में गोली लगने से बैंककर्मी की मौत

## जानकीपुरम की घटना: रायफल साफ करते समय चली थी गोली





मृत बैंककर्मी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** जानकीपुरम के पिंक सिटी में शनिवार सुबह यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के क्लर्क की घर में संदिग्ध हालात में गोली लगने से मौत हो गई। खून से लथपथ उसका शव बिस्तर पर पड़ा मिला। गोली ठुड्डी को भेदती हुई सिर के ऊपर से निकल गई। पुलिस को मौके से 315 बोर की राइफल व मैगजीन मिली है। पुलिस ने फॉरेंसिक टीम की मदद से घटनास्थल मुआयना किया। प्रथम दृष्या में पुलिस का कहना है कि राइफल साफ करते समय गोली चलने से उनकी मौत हुई है।

मूलरूप से जनपद हरदोई के आलू थोक निवासी प्रकाश मिश्र (50) जानकीपुरम के पिंक सिटी मिजार्पुर में रहते थे। परिवार में पत्नी रश्मि मिश्रा हैं। प्रकाश यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की प्रभात चौराहा महादेव होटल शाखा में क्लर्क के पद पर थे। उनकी बेटी सांगी मिश्रा की उन्नाव में शादी हुई है। बेटा स्पर्श मिश्रा कानपुर स्थित पीएसआईटी से बीटेक कर रहा है। पत्नी रश्मि ने बताया कि शनिवार सुबह करीब 9:00 बजे वह खाना बना रही थी। नौकरानी बर्तन धो रही थी। कुछ देर बाद धमाके की आवाज सुनी। रश्मि को लगा कि शायद कुछ गिरा है। उन्होंने कमरे जाकर देखा तो प्रकाश खून से लथपथ बेड पर पड़े थे। पास में ही जमीन पर राइफल पड़ी थी। जमीन पर गिरने से रायफल की बट टूट गई थी। पति का शव देखकर उन्होंने शोर मचाया। पड़ोसी उनकी मद के लिए दौड़ पड़े। पड़ोसी वैभव ने डॉयल 112 पर सूचना दी।

एसीपी अलीगंज शशि प्रकाश मिश्र और इंस्पेक्टर जानकारीपुरम विनोद कुमार तिवारी घटनास्थल पर पहुंचे। फॉरेंसिक टीम ने राइफल के दो टुकड़े अपने कब्जे में लिए। पुलिस का कहना है कि उनके पास से ऐसा कुछ नहीं मिला, जिससे सुसाइड लगे। हालांकि आसपास के लोगों का कहना है कि कुछ दिन पहले परिवार में कहासुनी हुई थी। संभवतः इसी कारण प्रकाश ने खुदकुशी की है। उधर पुलिस का कहना है कि पत्नी रश्मि को प्रकाश की मौत की जानकारी नहीं दी गई है। खून से लथपथ देखकर उनकी हालत बिगड़ गई है। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही बेटा स्पर्श को भी मौके पर पहुंच गया है।

**एयरफोर्स से हुए थे रिटायर:** पड़ोसियों ने बताया कि प्रकाश साल पहले एयरफोर्स से रिटायर हुए थे। ससुर ईश्वर चंद्र मिश्रा ने बताया कि प्रकाश एयरफोर्स में नौकरी करते थे। वर्ष 2013 में वे एयरफोर्स से रिटायर हुए थे। इसके बाद यूनियन बैंक में क्लर्क की नौकरी करने लगे। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## ट्रक की ठोकर से बाइक सवार की मौत

**लखनऊ।** सरोजनी नगर में शुक्रवार रात तेज रफ्तार ट्रक ने एक बाइक में ठोकर मार दी। जिससे बाइक सवार एमआर की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक फतेहपुर जिले के रहने वाले महेंद्र यादव (40) सरोजनी नगर के दरोगा खेड़ा स्थित आसरापुरम गोल्ड कॉलोनी में पत्नी मीना सिंह, बेटे अरविंद और रेहज के साथ रहकर वन एलेम्बिक नामक मेडिकल कंपनी में एमआर थे। शुक्रवार रात करीब 8:30 बजे वह अपनी बाइक से वापस घर लौट रहे थे। तभी सरोजनी नगर में किसान पथ की सर्विस रोड पर पिनवट अंडरपास के पास तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें ठोकर मार दी। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गए। घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस बुलाकर आनन-फानन महेंद्र को सरोजनी नगर सीएचसी पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने लोक बंधु अस्पताल रेफर कर दिया। लेकिन लोक बन्धु अस्पताल में पहुंचने के बाद इलाज के दौरान महेंद्र की मौत हो गई। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आगे की कार्रवाई कर रही है।

## युवती ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

**लखनऊ।** चिनहट क्षेत्र में शनिवार को युवती ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। कमरे में छानबीन की लेकिन कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मूलरूप से बिहार के बक्सर पियरा राजपुर गांव निवासी निशा सिंह यादव (26) बसंत विहार कॉलोनी कमता में काशीनाथ शुक्ला के मकान में रहती थी। निशा एक निजी कंपनी में नौकरी करती थी। शनिवार को निशा के कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। लेकिन कमरे के अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं हुई। मकान मालिक ने पुलिस को फोन कर घटना की जानकारी दी। सूचना पर चिनहट पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दरवाजा तोड़ा तो अंदर निशा पंखे से दुपट्टे के सहारे फंदे से लटक रही थी।

## आशियाना में दिन दहाड़े गाड़ी छीनी, पुलिस की भूमिका पर उठे सवाल

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राजधानी के आशियाना थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े गाड़ी छीनने का सनसनीखेज मामला सामने आया है, जिसने स्थानीय पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। संजय कुमार निवासी कुबेर बगिया, तेलीबाग, अपनी वैगनआर कार से 4 अप्रैल 2026 को आशियाना क्षेत्र के पकरी पुल के पास से गुजर रहे थे। तभी अचानक 4-6 लोग उनके सामने आकर गाड़ी रोक लेते हैं।

बताया जा रहा है कि आरोपियों ने खुद को रिकवरी एजेंट बताते हुए कहा कि गाड़ी की किस्त बकाया है, जबकि पीड़ित के अनुसार मात्र दो माह की किस्त ही लंबित थी और इस संबंध में कोई पूर्व नोटिस या सूचना भी नहीं दी गई, जबकि पीड़ित का आरोप है कि आरोपियों ने उन्हें जबरन गाड़ी से उतारकर अभद्रता की, मारपीट पर उतारू हो गए और उनकी कार को जबरदस्ती छीनकर आशियाना स्थित अन्नपूर्णा कॉम्प्लेक्स ले गए। इतना ही नहीं, गाड़ी में रखा पीड़ित का पर्स भी आरोपियों के कब्जे में चला गया, जिसमें करीब 5000 नकद, आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, प्रेस पहचान पत्र, वोटर आईडी व दो एटीएम कार्ड (बैंक ऑफ इंडिया व इंडियन ओवरसीज बैंक) सहित अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज मौजूद थे।

सूत्रों की मानें तो आरोपियों ने पीड़ित पर कागजों पर हस्ताक्षर करने व ओटीपी साझा करने का दबाव भी बनाया, जो कि पूरी तरह अवैध है। थाना आशियाना क्षेत्र में खुलेआम होने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं आई है, जिससे स्थानीय पुलिस की भूमिका संदिग्ध नजर आ रही है। लोगों का कहना है कि यदि दिनदहाड़े घटनाएं होती रहीं और पुलिस मूकदर्शक बनी रही, तो आम जनता की सुरक्षा पर गंभीर खतरा उत्पन्न हो सकता है।

# 1090 पर मिली चारबाग व एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी, गिरफ्तार

- पत्नी के प्रेमी को फंसाने के लिए दी थी धमकी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** शुक्रवार को चारबाग व एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिलते ही पुलिस परेशान हो गयी। जीआरपी की टीम ने शनिवार को आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए युवक उमेश ने बताया कि उसने 1090 पर सूचना दी थी कि मैंने चारबाग स्टेशन और एयरपोर्ट पर बम लगा दिया है। कुछ ही देर में दोनों उड़ जाएंगे। यह धमकी भरा फोन शुक्रवार की शाम को 1090 पर किया था। उसके बाद सक्रिय हुई जीआरपी चारबाग की टीम फोन नंबर ट्रेस करते हुए शनिवार की सुबह आरोपी तक पहुंची। उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपी उमेश ने बताया कि उसने अपनी पत्नी के पुरुष मित्र को फंसाने के लिए धमकी दी थी।

उमेश कुमार भिलावां थाना आलमबाग का निवासी है, उसकी पत्नी मल्टी कॉलोनी में रहने वाले कार्तिकेय से अक्सर फोन पर बात करती थी। उमेश के मना करने पर भी नहीं मानती थी।

इससे नाराज होकर उमेश ने शुक्रवार शाम अपनी पत्नी के फोन से 1090 पर फोन कर चारबाग स्टेशन और एयरपोर्ट को उड़ाने की धमकी दी। इस सूचना पर जीआरपी टीम ने जिस फोन नंबर से धमकी दी गई थी, उसे सर्विलांस पर लगाया गया तो पता चला कि फोन नंबर कार्तिकेय के नाम पर है। टीम उसके पास पहुंची वहां से पता चला कि इस नंबर को उसने उमेश कुमार की पत्नी को दिया है, जिससे वह अक्सर बात करता है।

टीम ने उमेश की पत्नी से पूछताछ की तो पता चला कि उमेश ने शुक्रवार को उसका फोन ले लिया था। इस पर टीम ने उमेश को उसके घर के पास से पकड़ा। थाना प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि पूछताछ में उमेश ने कहा कि उसकी पत्नी कार्तिकेय से अक्सर बात करती है। मना करने पर नहीं मानी तो कार्तिकेय को फंसाने के लिए ही उसने अपनी पत्नी के फोन से 1090 पर फोन कर चारबाग स्टेशन और एयरपोर्ट को उड़ाने की झूठी धमकी दी थी।

## चालक ने विधायक का करीबी बताकर सिपाहियों को धमकाया

**लखनऊ।** चिनहट के कमता चौराहे पर रांग साइड में कार दौड़ाने पर ट्रैफिक पुलिस ने गाड़ी रोकी। इसपर कार सवार चालक ने खुद को विधायक का करीबी बताकर सिपाहियों को धमकाया। विरोध करने पर एक सिपाही को थप्पड़ जड़ दिया। हाथापाई देख पुलिसकर्मियों व राहगीरों ने उसे पकड़ा। चिनहट पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने ट्रैफिक सिपाही की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

यातायात पुलिस लाइन में तैनात सिपाही वेद प्रकाश 3 अप्रैल को उपनिरीक्षक आलोक कुमार सिंह, सिपाही करन सरोज, सुनील कुमार और टीएसआई इलम सिंह के साथ कमता चौराहे पर ट्रैफिक ड्यूटी में थे। सुबह करीब आठ बजे रांग साइट से कार (यूपी 32 आरए 1250) आ रही थी। इसपर पुलिसकर्मियों ने कार रूकवा ली। सिपाही करन सरोज ने रांग साइड आने की वजह पूछी। इसपर कार चालक शिवांशु तिवारी ने विधायक का करीबी बनकर गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध पर आरोपी ने धमकाते हुए सिपाही वेद प्रकाश को थप्पड़ मार दिया।

आरोपी कार चालक को पकड़ा तो उसने वर्दी उतरवाने की धमकी दी। बीच सड़क पर सिपाही से मारपीट व गुंडई की सूचना मिलते ही चिनहट पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने सिपाही वेद प्रकाश की तहरीर पर शिवांशु तिवारी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। अतिरिक्त निरीक्षक अमित सिंह ने बताया कि आरोपी शिवांशु गोमतीनगर के विनयखंड-4 का रहने वाला है। पूछताछ में आरोपी ने खुद को कथावाचक बताया है।

## डुप्लीकेट सिगरेट की तस्करी के आरोप में दो गिरफ्तार

**लखनऊ।** पारा पुलिस व क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम ने शनिवार को अंतरर्राज्यीय स्तर पर प्रतिबंधित ब्रांड की डुप्लीकेट सिगरेट की तस्करी करने वाले दो लोगों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास से करीब दस लाख रुपये कीमत की 3940 डिब्बी प्रतिबंधित ब्रांड सिगरेट और घटना में प्रयुक्त कार बरामद की है।

एडीसीपी क्राइम किरन यादव ने बताया कि जीरो प्वाइंट के पास से मध्य प्रदेश के मुरैना निवासी शादाब अली और शोएब अली को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों ने पूछताछ में कबूला कि वे दिल्ली के सदर बाजार सहित अन्य स्थानों से नकली सिगरेट लाकर उत्तर प्रदेश, बिहार समेत कई राज्यों में सप्लाई करते थे। ग्राहक फोन के माध्यम से आर्डर देते थे और तय स्थान पर माल की डिलीवरी की जाती थी। बरामद सिगरेट को लखनऊ व आसपास के क्षेत्रों में खपाने की तैयारी थी। पुलिस ने कार (एमपी07 सीएच 5106) को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# मेंस पार्लर के संचालक व दोस्त को अगवा करने वाले तीन गिरफ्तार

- माल-इटौंजा मार्ग स्थित शिवा मेंस पार्लर के संचालक शिवा शर्मा व उसके दोस्त रंजीत साहू को अगवा करने का मामला

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** माल-इटौंजा मार्ग स्थित शिवा मेंस पार्लर के संचालक शिवा शर्मा और उसके दोस्त रंजीत साहू को रविवार को अगवा कर लिया गया था। आरोपियों ने शिवा के खाते से ऑन लाइन 55 हजार रुपये और परिजन से एक लाख रुपये फिरौती वसूलने के बाद छोड़ा। पुलिस ने इस मामले के तीन आरोपियों ओयो होटल संचालक शेरा सिंह, उसके साथी करन सिंह उर्फ योगेंद्र सिंह ओर अनुभव तिवारी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के पास से बाइक व मोबाइल बरामद किया है। शनिवार को आरोपियों को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया है।

पीरनगर निवासी शिवा शर्मा का इटौंजा रोड पर शिवा मेंस पार्लर है। शिवा के मुताबिक रविवार की दोपहर माल निवासी ओयो होटल संचालक शेरा सिंह, साथी अनुभव तिवारी, गौरैया निवासी करन सिंह उर्फ योगेंद्र सिंह और शनि सिंह उर्फ सत्या ने उधार रुपये देने के लिए बुलाया। शिवा अपने दोस्त रंजीत साहू के साथ शेरा सिंह के होटल पर पहुंचा, लेकिन शेरा नहीं था। उसने माल इलाके के दूसरे स्थान पर बुलाया। जहां दोनों को स्कार्पियो से अगवा कर लिया। करीब सात घंटे तक आसपास के इलाके में घुमाते रहे।

इस दौरान दोनों को पीटा गया। उनके फो-पे से 55 हजार रुपये ट्रांसफर कराये गये। शिवा के दोस्त को कॉल किया और उसके भाई देवा से बातचीत की। एक लाख रुपये की फिरौती मांगी। फिरौती की रकम प्रेरणा स्थल पार्क के पास वसूली गई। इसके एक घंटे बाद शिवा और रंजीत को छोड़ा गया। शिवा की तहरीर पर चार नामजद समेत छह पर रिपोर्ट दर्ज की गई। गिरोह का सरगना शनि सिंह उर्फ सत्या है। उसके कहने पर ही शेरा सिंह ने शिवा को बुलाया था। जिसके बाद उसको अगवा किया गया था।

एसीपी मलिहाबाद सुजीत कुमार दुबे के मुताबिक मामले में तीन आरोपियों शेरा सिंह, अनुभव तिवारी और करन सिंह उर्फ योगेंद्र सिंह को वीरपुर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के पास से शिवा का मोबाइल व बाइक भी बरामद कर लिया है। आरोपियों को शनिवार को कोर्ट में पेश किया। जहां से जेल भेज दिया गया है। एसीपी के मुताबिक तीनों आरोपियों के खिलाफ माल थाने में पहले से दो-दो मामले दर्ज हैं। वहीं गिरोह के सरगना शनि सिंह उर्फ सत्या समेत तीन अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस टीम दबिश दे रही है।

# माफिया अतीक अहमद का गुर्गा बताकर व्यापारी से मांगी रंगदारी

**लखनऊ।** चौक इलाके में माफिया अतीक अहमद का गुर्गा बताकर व्यापारी से रंगदारी मांगी गयी। इंकार पर आरोपियों ने एक दर्जन साथियों संग व्यापारी को बंधक बनाकर पीटा। पीड़ित की तहरीर पर चौक पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वजीरबाग निवासी मोहम्मद फैसल व्यापारी हैं। पुलिस को दी तहरीर में उन्होंने बताया कि 23 जनवरी को वह चौक टकसाल स्थित दुकान ग्राहक को दिखाने गए थे। आरोप है कि रंगदारी ने देने पर ठाकुरगंज दौलतगंज निवासी मोहम्मद रईस, सरताज, कल्लू ने करीब एक दर्जन अज्ञात साथियों के साथ पीड़ित को बंधक बना लिया। विरोध करने पर बेरहमी से पीटा। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने पीड़ित को बंधक मुक्त कराया।

आरोप है कि रईस माफिया अतीक अहमद का खास गुर्गा बनाकर इलाके में दबंगई करता है। पीड़ित ने बताया कि यहियागंज निवासी कथित नेता नीरज गुप्ता आरोपियों के साथ अवैध वसूली करता है। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। इंस्पेक्टर चौक नागेश उपाध्याय ने बताया कि दोनों पक्षों में जमीन पर कब्जेदारी को लेकर विवाद है।

**सूचना**

सूचित करना है कि मैंने अपनी पुत्री बबिता मिश्रा को उसके गलत चाल-चलन के चलतें अपनी चल-अचल सम्पत्ति सें बेदखल कर दिया है। भविष्य में मेरा व मेरे परिवार का इसके किसी भी कृत्यों से कोई सरोकार नहीं होगा। राजेन्द्र कुमार मिश्रा पुत्र स्व. देवकी नन्दन मिश्रा निवासी-गुलरिया गार्दा, थाना कोतवाली नगर, बाराबंकी।

## जागो हिन्दू जागो यात्रा लखनऊ पहुंची

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** देशभर में जनजागरण का संदेश लेकर निकली जागो हिंदू जागो यात्रा को विश्व हिंदू रक्षा परिषद के पदाधिकारी नई ऊर्जा और जोश के साथ आगे बढ़ा रहे हैं। संगठन के कार्यकर्ता जगह-जगह पहुंचकर समाज में जागरूकता की अलख जगा रहे हैं और हिन्दू एकता का संदेश दे रहे हैं।

इस अभियान का नेतृत्व राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। उनका मानना है कि जब तक समाज संगठित और जागरूक नहीं होगा, तब तक हिन्दु राष्ट्र का निर्माण संभव नहीं है। जागो हिन्दू - जागो यात्रा, जो लुधियाना से शुरू होकर दिल्ली, गाज़ियाबाद और नोएडा होते हुए लखनऊ पहुंची, अब सुल्तानपुर के रास्ते जौनपुर की ओर अग्रसर है।

# भारत पोल्ट्री एक्सपो-2026 का भव्य आगाज

- नयी तकनीक और संभावनाओं पर जोर

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** लखनऊ के 1090 चौराहे के निकट गोमती रिवर फ्रंट चौपाटी पर 4, 5 और 6 अप्रैल तक आयोजित हो रहे भारत पोल्ट्री एक्सपो 2026 का भव्य शुभारंभ हुआ। इस आयोजन में प्रदेश और देश भर से पोल्ट्री उद्योग से जुड़े विशेषज्ञ, उद्यमी और किसान बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। एक्सपो में विभिन्न नामी कंपनियों के स्टॉल लगाए गए हैं, जहां नई तकनीकों और आधुनिक उपकरणों की जानकारी दी जा रही है, जिससे किसानों और उद्यमियों को नए अवसर मिल रहे हैं।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अपर मुख्य सचिव, पशुधन उप्रदे मुकेश कुमार मेश्राम को सम्मानित किया गया। उन्होंने संबोधन में कहा कि उत्तर प्रदेश जैसे राज्य में इस तरह के आयोजनों की विभिन्न क्षेत्रों में श्रृंखला आयोजित की जानी चाहिए, जिससे अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने बताया कि प्रदेश में प्रतिदिन 5 करोड़ अंडों की खपत है और आने वाले समय में प्रोटीन के प्रति बढ़ती जागरूकता के कारण यह मांग और बढ़ेगी। उन्होंने पोल्ट्री सेक्टर को 2030 और 2047 के विकास लक्ष्यों के लिए युवाओं और महिलाओं को जोड़ने तथा नई तकनीकों को गांव-गांव तक पहुंचाने पर जोर दिया।

मंच पर आयोजक बीवी. शिवशंकर, डॉ. मनोज शुक्ला , डॉ. पीके शुक्ला , डॉ. ए. यू. किदवई, डॉ. शरद सिंह, मिस्टर रिकी थापर, मिस्टर सेल्वम कन्नन, मिस्टर अली अकबर, वी.पी. सिंह, एफ. एम. शेख, डॉ. महेश गुप्ता तथा डॉ. त्रिपाठी सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे और अपने विचार साझा किए। पोल्ट्री फेडरेशन ऑफ इंडिया के जॉइंट सेक्रेटरी रिकी थापर ने पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए बायोगैस और सोलर प्लांट अपनाने की अपील की।

## वृद्धा ने दामाद पर लगाया दस लाख रुपये हड़पने का आरोप

**लखनऊ।** कैसरबाग इलाके में वृद्धा ने दामाद पर दस लाख रुपये हड़पने का आरोप लगाया है। विरोध करने पर आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी। डीसीपी पश्चिम कमलेश दीक्षित के आदेश पर कैसरबाग पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर अंजनी कुमार मिश्र ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। घसियारी मंड़ी निवासी 68 वर्षीय शिव देवी सोनकर ने बताया कि 5 जनवरी को उनका पॉलिसी मैच्योर होने पर रुपये खाते में आए थे। पीड़िता ने बताया कि खाते में 11,04,589 रुपये थे। निजी कारणों से उन्होंने अपनी बेटी सोनी सोनकर के खाते में 11 लाख रुपये कुछ दिनों के लिए ट्रांसफर किए थे। 9 जनवरी को सोनी ने पीड़िता को एक लाख रुपये नकद दिए थे। 22 जनवरी को सोनी का देहांत हो गया।

## बाइकर्स गैंग ने महिला की चेन लूटी

**लखनऊ।** राजधानी में बाइकर्स गैंग लगातार पुलिस को चुनौती दे रहे हैं। गुडंबा के जानकीपुरम सेक्टर-एच में बाइक सवार बदमाशों ने झपट्टा मारकर महिला की चेन लूट ली। लुटेरों की करतूत सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन कर रही है। जानकीपुरम सेक्टर-एच निवासी विजय शंकर शुक्ल ने बताया कि उनकी पत्नी 56 वर्षीय मीना कुमारी 30 मार्च की देर शाम करीब साढ़े आठ बजे सब्जी लेने गयी थी। मीना के साथ में पड़ोसी प्रभा पांडेय भी थी। घर से कुछ दूरी पर बाइक सवार बदमाशों ने झपट्टा मारकर मीना की चेन खींच ली।

## दबंगों ने घर में घुसकर युवक को पीटा

**लखनऊ।** सआदतगंज इलाके बाइक में टक्कर मारने को लेकर हुए विवाद में दबंगों ने घर में घुसकर युवक को पीटा। विरोध में मां-बेटी और पड़ोसी युवती के साथ अश्लील हरकतें की। बाल पकड़कर घसीटा। मोहल्लेवालों के जुटने पर आरोपी धमकाते हुए भाग निकले। डॉयल-112 पर सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन की। पुलिस ने चार नामजद और 20 अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पीड़िता ने बताया कि 31 मार्च को उनका बेटा हजाराबाग स्थित एक साइबर कैफे गया था। सड़क किनारे बेटे की खड़ी बाइक में अंजान व्यक्ति ने गाड़ी से टक्कर मार दी। अंजान ने हजार्ना मांगा तो बेटा घर लौट आया। पीड़िता के मुताबिक अंजान व्यक्ति अयाज उर्फ बांके का चाचा है। कुछ देर बाद अयाज ने कॉल कर पीड़िता के बेटे को हजार्ना देने का झांसा देकर बुलाया। इसपर पीड़ित दोस्त के साथ वहां पहुंचा। आरोपी अयाज ने बाइक की चाभी निकाल ली। पीटने का प्रयास किया। इस पर पीड़ित भाग निकला। रात करीब सवा ग्यारह बजे आरोपी अयाज, उसके चाचा, साथी आदिल, दानिश, अफजल अपने 20 अन्य साथियों के साथ पीड़ित के घर पहुंच कर मारपीट करने लगे। बीच-बचाव में आई पीड़िता, बेटी और पड़ोस में रहने वाली युवती के साथ आरोपियों ने अश्लील हरकतें की। महिलाओं को बाल पकड़कर घसीटकर पीटा। स्थानीय लोगों के जुटने पर आरोपी धमकाते हुए भाग निकले। पीड़िता ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत रोहनी खोजगीपुर विकासखंड-दोस्तपुर, जनपद सुल्तानपुर**

पत्रांक - मेमो | दिनांक 04.04.2026

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि ग्राम पंचायत रोहनी खोजगीपुर विकासखंड दोस्तपुर जनपद सुलतानपुर में मनरेगा योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 के क्रम में इच्छुक फर्म मालिक/दुकानदार दिनांक 05.04.2026 से दिनांक 10.04.2026 तक कार्यालय ग्राम पंचायत रोहनी खोजगीपुर पर ग्राम प्रधान/सचिव को निविदा उपलब्ध करा सकते है। निविदा दिनांक 10.04.2026 को निविदादाताओं की उपस्थिति शाम 3 बजे खोली जाएगी।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | सामग्री |
|---|---|---|---|
| 1 | वंशराज के घर के पूरब सदाराम के घर तक इंटरलाकिंग कार्य | 218836 रुपये | इंटरलाकिंग ईंट व अन्य निर्माण सामग्री |

नोट-: समस्त नियम व शर्ते मनरेगा गाइड लाइन के अनुसार लागू।

सचिव/ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत-रोहनी खोजगीपुर विकासखंड-दोस्तपुर
जनपद सुल्तानपुर

**कार्यालय ग्राम पंचायत दखिनवारा,विकासखंड कूरेभार, जनपद सुल्तानपुर**

पत्रांक - मेमो | दिनांक 04.04.2026

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि ग्राम पंचायत दखिनवारा विकासखंड कूरेभार, जनपद सुलतानपुर में राज्य बित्त/केंद्रीय वित्त योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 के क्रम में इच्छुक फर्म मालिक/दुकानदार दिनांक 05.04.2026 से दिनांक 09.04.2026 तक कार्यालय ग्राम पंचायत दखिनवारा पर ग्राम प्रधान/सचिव को निविदा उपलब्ध करा सकते है। निविदा दिनांक 09.04.2026 को निविदादाताओं की उपस्थिति शाम 3 बजे खोली जाएगी।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | सामग्री |
|---|---|---|---|
| 1 | पिच रोड से राज कुमार के घर तक इंटरलाकिंग कार्य | 3.50 लाख रुपये | इंटरलाकिंग ईंट व अन्य निर्माण सामग्री |

नोट-: समस्त नियम व शर्ते गाइड लाइन के अनुसार लागू।

सचिव/ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत-दखिनवारा, विकासखंड कूरेभार
जनपद सुल्तानपुर

## संपूर्ण समाधान दिवस पर ग्रामीणों ने किया हंगामा

**लखनऊ।** सरोजनी नगर तहसील में शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में अली नगर खुर्द के ग्रामीणों ने जमकर हंगामा प्रदर्शन किया। उत्तर प्रदेश क्रांति किसान यूनियन के बैनर तले प्रदेश अध्यक्ष विजय यादव के नेतृत्व में ग्रामीण करीब 12:30 बजे तहसील पहुंचे और एकत्र होने लगे। इसके बाद दोपहर एक बजे समाधान दिवस स्थल पर पहुंचकर उन्होंने नारेबाजी करते हुए जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का आरोप था कि ओमेक्स सिटी प्रबंधन द्वारा उनकी जमीनों पर जबरन कब्जा किया जा रहा है और आबादी में बने मकानों को खाली करने का दबाव बनाया जा रहा है। साथ ही, आने-जाने के रास्ते बंद किए जा रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने यह भी आरोप लगाया कि ग्राम समाज की भूमि, यहां तक कि शमशान के लिए दर्ज जमीन पर भी अवैध कब्जा कर लिया गया है।

उत्तर प्रदेश क्रांति किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष विजय सिंह यादव ने कहा कि ओमेक्स सिटी कंपनी के गुंडे गांव में घर-घर पहुंचकर लोगों पर दबाव बनाते हैं। गाँव वालों की जमीन जबरन कब्जा कर रहे हैं, उनके घरों के सामने गड्ढे खोदकर लोहे की टीन शेड की बाउंड्री वॉल बनाकर रास्ता बंद कर रहे हैं। उन्होंने मांग की कि ग्रामीणों को इससे छुटकारा दिलाने के साथ गांव में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि अगर 15 दिनों के अंदर इसका निस्तारण नहीं हुआ तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। वहीं गांव निवासी राजाराम लोधी, सत्य प्रकाश लोधी और मुन्नीलाल सहित तमाम ग्रामीण ने बताया कि इस संबंध में कई बार तहसील में शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि जो किसान जमीन देने से इंकार करता है, उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता है, जिससे वह मजबूर होकर जमीन बेच देता है। ग्रामीणों ने खाता संख्या 182/16 की भूमि से अवैध कब्जा हटाने की मांग की। इसके अलावा, किसान पथ की सर्विस रोड पर प्रकाश व्यवस्था न होने से भी ग्रामीणों ने नाराजगी जताई और सुरक्षा की दृष्टि से इसे गंभीर समस्या बताया।

# युवक ने शादी न करने पर दी एसिड अटैक की धमकी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** शादी डॉट कॉम पर दोस्ती करने के बाद युवती को युवक की गलत संगत की जानकारी हुई तो उसने शादी करने से इंकार कर दिया। इस पर आरोपी युवक ने युवती को कॉल व मैसेज कर परेशान करना शुरू कर दिया। विरोध करने पर छेड़छाड़ कर सरेराह मोबाइल लिया और एसिड अटैक की धमकी दी। हजरतगंज पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

नरही निवासी 25 वर्षीय युवती का कहना है कि उसने शादी डॉट कॉम पर उनका संपर्क आशीष गौतम निवासी कृष्णापल्ली आलमबाग से हुआ। दोनों के बीच बातचीत होने लगी। आशीष ने बताया था कि वह नशे से दूर रहता है। सच्चाई सामने आने पर पीड़िता ने उसे ब्लॉक कर दिया। इसके बाद आरोपी ने अन्य नंबरों से कॉल व मैसेज कर धमकाने लगा। यही नहीं ड्यूटी पर जाने के दौरान आरोपी ने रास्ते में रोककर धमकाया।

पीड़ित ने मदद के लिए पुलिस को कॉल करने का प्रयास किया तो मोबाइल छीनकर ले गया। धमकाया कि पुलिस में शिकायत की तो एसिड डालकर चेहरा खराब कर दूंगा। साथ ही चैट वायरल कर बदनाम करने की धमकी दी। पीड़िता ने 1090 पर कॉल कर शिकायत की तो आशीष ने कॉल व मैसेज करना बंद कर दिया। कुछ दिन बाद दूसरे नंबर से कॉल कर नजर रखने की बात कही। घर से बाहर निकलते ही अगवा करने की धमकी दी।

1090 से कई बार आरोपी को चेतावनी दी गई, लेकिन वह नहीं थमा। आरोपी ने उनके मंगेतर को कॉल कर इंदौर के कारोबारी की तरह हत्या की धमकी देते हुए इंस्टाग्राम वीडियो का लिंक भेजा। कहा कि अगर शादी की तो मार डालेंगे। 1090 ने मामले को गंभीरता से लेते हुए केस को हजरतगंज कोतवाली भेजा। 01 दिसंबर को चौकी प्रभारी नरही ने आरोपी आशीष को बुलाकर लिखित मॉफी मांगी और दोबारा से कुछ न करने की बात कही।

**उ०प्र० राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड**
**अनपरा, सोनभद्र**

**निविदा सं0 एवं कार्य का विवरण**

1. ई–निविदा सं०: 03/सी०एच०डी०–2/ए०टी०पी०एस०/2025–26, अ'ताप विद्युत गृह 3x210 मे०वा० के कोयला संचालन संयंत्र, के सम्पूर्ण विद्युत एवं यांत्रिक अनुरक्षण का कार्य। धरोहर राशि– रु० 38,000.00, ई–निविदा भरने की अन्तिम तिथिः 21.04.2026 (18:00 बजे तक)।

निविदा के परिशिष्ट/शुद्धिपत्र/निरस्तीकरण आदि की सूचना हेतु नियमित रुप से **www.etender.up.nic.in** या **https://gem.gov.in** पर देखें।

पत्रांकः 3232/मु0अभि0(स्तर–1)/अ0ताप/कला अनु0 | दिनांकः 04.04.2026

"राष्ट्रहित में बिजली बचायें"

# दो-तीन साल से जो मेहनत की, उसी का फल मिल रहा है : मोना सिंह

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** 'मेरी जिंदगी का यह अब तक सबसे बेहतरीन अनुभव है। सबसे अच्छा वक्त है कि मुझे इतने सारे अलग-अलग किरदार करने को मिल रहे हैं। मैं यही करने मुंबई आई थी और खुश हूं कि अपना यह सपना अब भी जी रही हूं।' चहकती आवाज में यह खुशी जाहिर करने वाली अदाकारा हैं मोना सिंह। छोटे पर्दे की वो 'जस्सी', जो आज फिल्मों और ओटीटी की सबसे भरोसेमंद एक्ट्रेसेस में से एक है। साल की पहले दो महीने में ही 'हैपी पटेलः खतरनाक जासूस' और 'बॉर्डर 2' जैसी फिल्मों के अलावा वह वेब सीरीज 'कोहरा 2' में पुलिस ऑफिसर धनवंत कौर के कॉम्प्लेक्स किरदार के लिए वाहवाही बटोर चुकी हैं। अब जल्द ही उनकी फिल्म 'सूबेदार' भी ओटीटी पर आने वाली है। मोना अपने करियर के इस दौर को सबसे बेहतरीन मानती हैं। वह कहती हैं, 'बहुत अच्छा लग रहा है कि दो-तीन साल जो इतनी मेहनत की है, उसका फल अब सामने आ रहा है।'

मोना की हालिया वेब सीरीज 'कोहरा 2' की नायिका धनवंत, निजी जिंदगी के झंझावातों से जूझते हुए भी शिद्दत से ड्यूटी निभाती है, फिर भी जरा सी चूक पर उसकी प्रतिभा पर सवाल खड़े कर दिए जाते हैं। क्या मोना कभी खुद को साबित करने के ऐसे अनुभव से गुजरी हैं? इस पर वह कहती हैं, 'यह कहानी हम सभी औरतों की है। हमें हर कदम पर बताया जाता है कि ये मत करो। इधर मत जाओ। ये मत पहनो। इतना मत हंसो। इससे शादी करो, उससे मत करो। यहां काम करो, यहां मत करो। हमें हमेशा बताया गया है, दबाया गया है पर अब वक्त खुलकर बोलने का है।' मोना आगे कहती हैं, 'शो में भी यही दिखाया गया है कि भले ही हम पंजाब में हैं, पुरुषसत्तात्मक समाज में हैं, पर कोई भी किरदार चुप नहीं है। सभी औरतें अपनी लड़ाई अपने तरीके से लड़ रही हैं, जो बहुत ही इंस्पायरिंग है कि अपने लिए खुद खड़े रहो। डटे रहो। आपको बचाने कोई नहीं आ रहा है। ये आपकी लड़ाई है तो लड़ते रहो। जिंदगी एक ही है और छोटी है तो अच्छे से खुलकर जियो। बिना किसी को कोई जवाब दिए। मैं इसी फंडे में यकीन करती हूं कि एक ही जिंदगी है, अच्छे से जी लो। मुझे किसी चीज का पछतावा नहीं है। हर चीज से मैंने सीखा है। जैसे, धनवंत से हमेशा ये सवाल पूछा जाता है कि घर पर सब ठीक है, लेकिन यही सवाल किसी मेल ऑफिसर से नहीं पूछा जाएगा, क्योंकि औरत के घर पर अगर सब ठीक नहीं होगा तो वह शायद केस ठीक से सॉल्व नहीं कर पाएगी। ऐसी सीनियर्स की सोच होती है तो खुद को साबित करना हर औरत की लड़ाई है, पर मुझे खुशी है कि हम सब ये लड़ाई लड़ रहे हैं।'

**हीरो के बराबर हों फीमेल सेंट्रिक फिल्में:** इधर, ओटीटी पर बॉलीवुड के कई पुराने स्टीरियोटाइप टूटे हैं। उन्हीं में से एक है, शेफाली शाह, मोना सिंह, सांक्षी तंवर जैसी उम्र का एक पड़ाव पार कर चुकीं दमदार एक्ट्रेसेस को मुख्य भूमिका में लेकर शो बनाना। क्या फिल्मों में भी यह बदलाव संभव है? इस पर मोना का कहना है, 'असल में हमारा भारतीय सिनेमा इतना पुराना है कि हमारे पास इतने रेफरेंस और डेटा बेस है कि ये चलता है, ये नहीं चलता है। इसलिए, फिल्मों में एक सेट फॉर्मेट होता है। जैसे, वहां वुमन सेंट्रिक कहानियां ही बहुत कम हैं। साल में एक या दो फिल्में सेंट्रिक होती हैं। वे न चले तो बोल देते हैं कि ऐसी फिल्में चलती नहीं, मगर आप ज्यादा वुमन सेंट्रिक फिल्में बनाइए ना या कम से कम हीरो वाली फिल्मों के बराबर बनाइए। दोनों को बराबर मौके दीजिए, कैमरे के आगे और पीछे भी, तभी बदलाव आएगा। जबकि, ओटीटी हम सबके लिए बहुत नया है। यहां हम सबको मौका मिलता है एक्सप्लोर करने के लिए, प्रयोग करने के लिए तो मैं बहुत खुश हूं कि यह समय देख रही हूं, वरना तो ये संभव ही नहीं था।'

**हमारा रिश्ता और मजबूत हुआ है :** मोना सिंह हाल ही में आमिर खान के बैनर की फिल्म 'हैपी पटेल' में नजर आईं। इससे पहले उनकी 'लाल सिंह चड्ढा' में भी अहम भूमिका थी। आमिर खान के साथ अपने रिश्ते पर उन्होंने कहा, '3 इडियट्स में 'ऑल इज वेल-ऑल इज वेल' कहकर उन्होंने मेरी डिलिवरी करवा दी थी। 'लाल सिंह चड्ढा' में वो मेरे बेटे बन गए, मैं उनकी मम्मी बन गई। वहीं, 'हैपी पटेल' में वो मेरे पापा बन गए, तो हमारा रिश्ता सिर्फ मजबूत हुआ है। हमें एक दूसरे के लिए बहुत इज्जत है। मेरे लिए आमिर सर परिवार हैं। यह रिश्ता बहुत खास है। मैं इसे बहुत अहमियत देती हूं।'

**मेरे किरदार के लिए तारीफ मिली:** 'लाल सिंह चड्ढा' आमिर खान के दिल के बहुत करीब थी। मोना का रोल भी उसमें काफी सराहा गया, मगर फिल्म नहीं चली। इस अनुभव पर मोना बताती हैं, 'मैं तो उसी रात जाकर उनसे मिली थी। हम डायरेक्टर अद्वैत चंदन के साथ आमिर सर के घर गए थे। ये कभी सोचा नहीं था कि फिल्म रिलीज के बाद हम लोग ऐसे बैठे होंगे। हर कोई उदास था। किसी ने ज्यादा कुछ बात नहीं की, क्योंकि आप इतने दिल से एक फिल्म बनाते हैं, जिसमें इतना कुछ हो गया कि कोविड भी आया। लॉकडाउन हुआ। चीजें आगे पीछे हुईं पर उसमें दो चीजें पॉजिटिव हुईं। एक तो अभी हमारा बॉन्ड अलग है, क्योंकि साथ में सफलता देखना एक बात है, मगर जब आप असफलता साथ में देखते हैं ना, तो आपका रिश्ता और ज्यादा मजबूत हो जाता है। दूसरा, मुझे इस रोल के लिए इतना ज्यादा प्यार, इतनी तारीफ मिली कि मेरे लिए वो सफलता ही है।

# मानसरोवर गुरुद्वारे में आज से शुरू होगा अखंड पाठ

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। मीडिया प्रभारी गगनदीप सिंह बग्गा ने बताया कि धन-धन साहिब श्री गुरू तेग बहादर जी महाराज के 405वां प्रकाश पर्व रविवार से गुरुद्वारा मानसरोवर गुरू तेग बहादर नगर कालोनी, लखनऊ में बहुत ही धूमधाम से मनाया जायेगा। गुरूद्वारा मानसरोवर को लाइटों, फूलों एवं गुब्बारों से सजाया जायेगा। इस अवसर पर शनिवार को सुबह दिवान समाप्ति उपरान्त निशान साहिब के चोले की सेवा की गयी। रविवार को सुबह 9:00 बजे श्री अखण्ड पाठ साहिब की आरम्भता होगी। जिसकी समाप्ति 07.04.2026 को सुबह 8:00 बजे होगी। अतः 6 को शाम 06:30 बजे से 10:30 बजे तक और 7 को शाम को 06:30 से 11 बजे तक कीरतन दिवान सजेगा। इस शुभ अवसर पर भाई जगतार सिंह जी दरबार साहब वाले, ज्ञानी परमजीत सिंह जी, हजूरी रागी हरविन्दर सिंह जी, गुरूद्वारा मानसरोवर वाले, सभी साध संगतों को गुरवाणी, कीरतन, कथा से निहाल करेंगे। समाप्ति के उपरांत दोनों दिन गुरू का लंगर सभी साध संगतों को बिना भेदभाव के अटूट वितरित किया जायेगा।

**विशाल नगर कीर्तन आज:** ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी द्वारा वैसाखी एवं श्री गुरु तेग बहादुर जी के प्रकाश पर्व के अवसर पर 5 अप्रैल को विशाल नगर कीर्तन का आयोजन किया गया है। नगर कीर्तन प्रातः 6:30 बजे गुरुद्वारा नाका से निकलकर दुगावा पांडेगंज रकाबगंज नादान महल रोड होते हुए 10:30 बजे गुरुद्वारा यहियागंज पहुंचेगा। बाबा दीप सिंह जी फाउंडेशन के द्वारा रकाबगंज चौराहे पर संपूर्ण नगर कीर्तन पर फूलों की वर्षा की जाएगी। गुरद्वारा सचिव मनमोहन सिंह हैप्पी ने बताया कि 7 अप्रैल को प्रातः 5:00 बजे से लेकर देर रात्रि तक श्री गुरु तेग बहादुर साहब जी का प्रकाश पर्व बहुत ही श्रद्धा एवं सत्कार के साथ मनाया जाएगा। श्री गुरु तेग बहादुर साहब जी 1670 में इस स्थान पर आए थे एवं तीन दिन रुके थे। इस आयोजन में मुख्य रूप से श्री दरबार साहिब श्री अमृतसर के मुख्य ग्रंथि सिंह साहब ज्ञानी अमरजीत सिंह जी एवं भाई जगतार सिंह जी व भाई गुरदेव सिंह कोहाड़का जी विशेष रूप से पधार रहे हैं।

# माता लक्ष्मी और भगवान विष्णु को समर्पित अक्षय तृतीया 19 को



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** अक्षय तृतीया सनातन धर्म का एक अत्यंत शुभ और महत्वपूर्ण पर्व है। इसे 'अक्षय तृतीया' इसलिए कहा जाता है, क्योंकि इस दिन किए गए किसी भी शुभ कार्य का फल कभी क्षय नहीं होता, बल्कि अक्षय (अनंत) फल मिलता है।

यह दिन माता लक्ष्मी और भगवान विष्णु को समर्पित है। शास्त्रों में इस दिन दान, पूजा, जप और खरीदारी को विशेष पुण्यदायी माना गया है। इस वर्ष अक्षय तृतीया की तिथि को लेकर थोड़ा कन्फ्यूजन है। पंचांग के अनुसार, वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि 19 अप्रैल 2026, रविवार को सुबह 10:50 बजे शुरू होगी और 20 अप्रैल 2026, सोमवार को सुबह 07:27 बजे समाप्त होगी। मध्याह्न व्यापिनी तृतीया के नियम के अनुसार अक्षय तृतीया का पर्व 19 अप्रैल 2026 को ही मनाया जाएगा। इस दिन मध्याह्न काल में तृतीया तिथि विद्यमान रहेगी, इसलिए शास्त्र सम्मत तिथि 19 अप्रैल है।

**अक्षय तृतीया का धार्मिक महत्व:** अक्षय तृतीया को 'अक्षय' कहने का कारण यह है कि इस दिन किया गया दान, जप, तप और शुभ कार्य कभी नष्ट नहीं होता है। मान्यता है कि इस दिन माता लक्ष्मी और भगवान विष्णु विशेष रूप से प्रसन्न होते हैं। जो व्यक्ति इस दिन स्नान, दान, पूजा और खरीदारी करता है, उसे अक्षय पुण्य और समृद्धि प्राप्त होती है। यह दिन नए कार्य शुरू करने, विवाह, गृह प्रवेश और सोना-चांदी खरीदने के लिए भी अत्यंत शुभ माना जाता है।

**सोना खरीदने का महत्व:** अक्षय तृतीया पर सोना या चांदी खरीदना अत्यंत शुभ माना जाता है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार इस दिन सोना खरीदने से पूरे साल धन-धान्य और वैभव की प्राप्ति होती है। कई लोग इस दिन आभूषण, सिक्का या सोने की छोटी वस्तु खरीदते हैं। मान्यता है कि अक्षय तृतीया पर खरीदा गया सोना कभी व्यर्थ नहीं जाता और परिवार में बरकत बनाए रखता है।

**अक्षय तृतीया पर दान का महत्व:** इस दिन दान का विशेष महत्व है। शास्त्रों में सत्तू, जल भरा कलश, पंखा, अनाज, वस्त्र और फल का दान करने से अक्षय पुण्य प्राप्त होता है। गरीबों और ब्राह्मणों को दान देने से माता लक्ष्मी प्रसन्न होती हैं। जो व्यक्ति इस दिन दान करता है, उसे जीवन में कभी धन की कमी नहीं होती है।

**अक्षय तृतीया की पूजा विधि:** सुबह जल्दी उठकर स्नान करें और स्वच्छ वस्त्र पहनें। घर में लक्ष्मी-विष्णु जी की पूजा करें। पीले फूल, चंदन, अक्षत और मिठाई अर्पित करें। 'ॐ लक्ष्मी नारायणाय नमः' मंत्र का जाप करें। दान अवश्य करें और सात्विक भोजन ग्रहण करें। अक्षय तृतीया 2026 पर इन नियमों का पालन करें तो माता लक्ष्मी और भगवान विष्णु की विशेष कृपा बनी रहेगी। इस शुभ दिन पर किए गए कार्य जीवन भर फल देते रहेंगे।

## अक्षय तृतीया पर करें 5 उपाय, मिलेगा मां लक्ष्मी का आशीर्वाद

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। अक्षय तृतीया हिंदू धर्म का एक अत्यंत शुभ पर्व है, जो वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाया जाता है। इस दिन किया गया कोई भी शुभ कार्य अक्षय (अविनाशी) फल देता है। साल 2026 में अक्षय तृतीया 19 अप्रैल 2026, रविवार को मनाई जाएगी। मध्याह्न व्यापिनी तृतीया के नियम के अनुसार, शास्त्र सम्मत तिथि 19 अप्रैल ही है। अक्षय तृतीया पर मां लक्ष्मी की पूजा और कुछ विशेष उपाय करने से धन-समृद्धि, सुख और सौभाग्य में निरंतर वृद्धि होती है। वैशाख शुक्ल तृतीया तिथि 19 अप्रैल 2026 को सुबह 10:50 बजे शुरू होगी और 20 अप्रैल को सुबह 07:27 बजे समाप्त होगी। मध्याह्न व्यापिनी तृतीया के नियम के अनुसार अक्षय तृतीया 19 अप्रैल 2026 को ही मनाई जाएगी। इस दिन अक्षय योग, सर्वार्थ सिद्धि योग और रवि योग जैसे शुभ संयोग बन रहे हैं। अक्षय तृतीया पर मां लक्ष्मी की पूजा करने से धन की अक्षय वृद्धि होती है और जीवन में स्थायी समृद्धि आती है।

**दान-पुण्य का उपाय:** अक्षय तृतीया पर दान का विशेष महत्व है। इस दिन सुबह स्नान कर शुद्ध वस्त्र धारण करें और ब्राह्मण या जरूरतमंद को जल भरा कलश, सत्तू, चावल, गेहूं, घी, गुड़, कपड़े और शर्बत का दान करें। सोना, चांदी या तांबे के बर्तन का दान भी अत्यंत शुभ है। दान करते समय संकल्प लें कि यह दान भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी को समर्पित है। ॐ विष्णवे नमः मंत्र का जाप करते हुए दान दें। इससे पुण्य अक्षय होता है और जीवन में सुख-समृद्धि बनी रहती है।

**पीली कौड़ी का उपाय:** अक्षय तृतीया पर धन और समृद्धि बढ़ाने के लिए पीली कौड़ी का उपाय बहुत प्रभावी है। प्रातः स्नान कर शुद्ध भाव से मां लक्ष्मी के सामने सात पीली कौड़ियां रखें। उन्हें हल्दी, अक्षत और पुष्प अर्पित करें। फिर ॐ श्री महालक्ष्म्यै नमः मंत्र का 108 बार जाप करें। कौड़ियों को पीले कपड़े में बांधकर तिजोरी या धन रखने के स्थान पर स्थापित करें। इस उपाय से धन का प्रवाह बढ़ता है और आर्थिक संकट दूर होते हैं।

**कारोबार वृद्धि का उपाय:** अक्षय तृतीया पर व्यापार में वृद्धि के लिए सुबह स्नान कर साफ वस्त्र पहनें। दुकान या व्यापार स्थल पर मां लक्ष्मी की पूजा करें। चांदी का सिक्का या लक्ष्मी जी की प्रतिमा गल्ले या तिजोरी में स्थापित करें। गल्ले और तिजोरी की सफाई कर गंगाजल का छिड़काव करें। हल्दी, अक्षत और फूल चढ़ाकर पूजा करें। इससे धन का आवागमन बना रहता है और व्यापार में निरंतर प्रगति होती है।

**लक्ष्मी प्राप्ति और दीपदान का उपाय:** अक्षय तृतीया पर लक्ष्मी प्राप्ति के लिए एक लाल कपड़े में चांदी का सिक्का, हल्दी की गांठ और अक्षत बांधकर तिजोरी में रखें। संध्या समय घर के मंदिर, तिजोरी और मुख्य दरवाजे पर शुद्ध देसी घी का दीपक जलाएं। दीपक जलाते समय मां लक्ष्मी से प्रार्थना करें कि उनका आशीर्वाद सदैव बना रहे। इस उपाय से घर में लक्ष्मी का स्थायी वास होता है और नौकरी-कारोबार में बेहतर अवसर मिलते हैं।

**अक्षय तृतीया पर गाय को चारा खिलाना:** इस दिन गाय को हरा चारा, गुड़ या चने का प्रसाद खिलाना अत्यंत शुभ माना गया है। इससे पुण्य के साथ-साथ मां लक्ष्मी की विशेष कृपा प्राप्त होती है। अक्षय तृतीया 2026 पर इन 5 उपायों को श्रद्धापूर्वक करने से मां लक्ष्मी प्रसन्न होती हैं और जीवन में अक्षय सुख-समृद्धि बनी रहती है। इस शुभ दिन पर भक्ति और दान से अपना भविष्य उज्ज्वल बनाएं।

# ध्रुव चरित्र व बाल चरित्र की कथा सुन भावविभोर हुए श्रद्धालु

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** हरिश्चंद्र वंशीय समाज महिला समिति 'सुहासिनी' के तत्वावधान में राजाबाजार स्थित 'गीता भवन' में चल रही श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के दूसरे दिन शनिवार को कथा वाचक आचार्य श्री उमेश कुमार मिश्रा जी ने ध्रुव चरित्र और बाल चरित्र की दिव्य कथा सुनाते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत कथा केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन जीने की सबसे उत्तम कला है। ध्रुव का चरित्र हमें सिखाता है कि अगर संकल्प मजबूत हो और ईश्वर पर अटूट विश्वास हो, तो एक छोटा बालक भी कठिन से कठिन लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। आज की युवा पीढ़ी को ध्रुव जैसे दृढ़ संकल्पी बनने की आवश्यकता है। आचार्य जी ने कहा कि भगवान भाव के भूखे होते हैं। वे न तो धन-दौलत से रीझते हैं और न ही बड़े-बड़े प्रपंचों से। वे तो केवल शुद्ध और निश्छल प्रेम के वशीभूत होकर भक्त की पुकार सुनते हैं। बालक ध्रुव की कठिन तपस्या और बाल लीलाओं का प्रसंग इसी बात का प्रमाण है कि सच्चे मन से की गई पुकार को प्रभु कभी अनसुनी नहीं करते।

कथा के दौरान भजनों पर श्रद्धालु झूमने पर मजबूर हो गए और पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर लखनऊ हरिश्चंद्र वंशीय महिला समिति 'सुहासिनी' की अध्यक्ष श्रीमती रागिनी रस्तोगी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती सीमा रस्तोगी, मंत्री श्रीमती शालिनी रस्तोगी, कोषाध्यक्ष श्रीमती ऋचा रस्तोगी, संगठन मंत्री श्रीमती क्षमा रस्तोगी समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। संस्था की अध्यक्ष श्रीमती रागिनी रस्तोगी ने बताया कि कथा आगामी 9 अप्रैल तक प्रतिदिन दोपहर 3:00 बजे से शाम 7:00 बजे तक चलेगी।

# 15 को खत्म होंगे खरमास, अप्रैल में हैं 8 शुभ मुहूर्त

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** हिंदू पंचांग के अनुसार अप्रैल 2026 का महीना खुशियों और शुभ कार्यों की सौगात लेकर आ रहा है। 15 अप्रैल से खरमास की अवधि समाप्त होने के साथ ही शुभ कार्यों पर लगा विराम भी हट जाएगा। यदि आप भी अपने घर में विवाह समारोह की तैयारी कर रहे हैं तो पंचांग के अनुसार इस महीने विवाह के लिए कई शुभ मुहूर्त उपलब्ध हैं। ग्रहों की शुभ स्थिति और नक्षत्रों का विशेष संयोग इस महीने होने वाले विवाहों को और भी अधिक यादगार बना देगा।


हिंदू धर्म में खरमास के दौरान कोई भी शुभ कार्य करना शुभ नहीं माना जाता है। अप्रैल के पहले पखवाड़े तक सूर्य मीन राशि में गोचर करता है, जिसे खरमास कहा जाता है। खरमास का समापन तब होता है जब सूर्य मेष राशि में प्रवेश करता है। सूर्य 14 अप्रैल को मेष राशि में प्रवेश करेंगे। इसके बाद, विवाह, मुंडन, गृह प्रवेश आदि जैसे शुभ कार्य 15 अप्रैल से पुनः प्रारंभ हो जाते हैं।

**शुभ मुहूर्त का महत्व:** भारतीय संस्कृति में विवाह केवल दो व्यक्तियों के बीच का संबंध ही नहीं बल्कि दो परिवारों के बीच का एक बंधन भी है। ऐसा माना जाता है कि यदि विवाह शुभ मुहूर्त में संपन्न हो तो वैवाहिक जीवन में शांति और सौहार्द में वृद्धि होती है। पंचांग के अनुसार, तिथि और नक्षत्रों का सही तालमेल एक नए जीवन की शुरूआत को सुख और समृद्धि से परिपूर्ण बनाने में सहायक सिद्ध होता है।

**अप्रैल 2026 के विवाह मुहूर्त :** 15 अप्रैल 2026 (बुधवार)- त्रयोदशी तिथि के दौरान, उत्तरा भाद्रपद नक्षत्र में दोपहर 3:22 बजे से रात 10:31 बजे के बीच विवाह करना अत्यंत शुभ है और यह वैवाहिक जीवन में सफलता लाता है। 20 अप्रैल 2026 (सोमवार)- रोहिणी नक्षत्र में सुबह 4:35 बजे से सुबह 7:28 बजे के बीच विवाह करना अत्यंत शुभ और अनुकूल है। 21 अप्रैल 2026 (मंगलवार)- विवाह का मुहूर्त मृगशिरा नक्षत्र में सुबह 4:15 बजे से सुबह 5:52 बजे तक है, जो एक शुभ और सुखद वैवाहिक जीवन के लिए उत्तम है। 25 अप्रैल 2026 (शनिवार)- इस दिन विवाह करना विशेष रूप से शुभ और लाभकारी माना जाता है, क्योंकि इस दिन पूर्वा भाद्रपद नक्षत्र में संधि काल (दो नक्षत्रों के मिलन का समय) की अवधि बहुत कम होती है। 26 अप्रैल 2026 (रविवार)- मघा नक्षत्र में सुबह 5:47 बजे से रात 8:27 बजे के बीच विवाह करना सबसे अधिक अनुकूल और शुभ है। 27 अप्रैल 2026 (सोमवार)- विवाह का मुहूर्त उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र में रात 9:18 बजे से रात 9:35 बजे तक है; ऐसा माना जाता है कि इस मुहूर्त में विवाह करने से परिवार में सुख और समृद्धि आती है। 28 अप्रैल 2026 (मंगलवार)- विवाह के लिए यह पूरा दिन शुभ है, और इस दिन नक्षत्र का प्रभाव भी विवाह के लिए सहायक होता है। 29 अप्रैल 2026 (बुधवार)- हस्त नक्षत्र में सुबह 5:59 बजे से रात 7:52 बजे के बीच विवाह करना अत्यंत शुभ है, जो एक सफल वैवाहिक जीवन के लिए सहायक सिद्ध होता है।

# ईस्टर संडे आज, गिरजाघरों में होगी विशेष प्रार्थना

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** गुड फ्राइडे और ईस्टर ईसाई धर्म के बेहद महत्वपूर्ण पर्व माने जाते हैं। गुड फ्राइडे के ठीक दो दिन बाद ही ईस्टर मनाया जाता है। ईस्टर के दिन दुनियाभर के चर्चों में विशेष प्रार्थनाएं आयोजित की जाती हैं। लोग एक-दूसरे को शुभकामनाएं देते हैं और परिवार के साथ मिलकर इस दिन को सेलिब्रेट करते हैं। कई देशों में रंग-बिरंगे अंडे (ईस्टर एग), मिठाइयां और सजावट का विशेष महत्व होता है। साल 2026 में ईस्टर 5 अप्रैल, रविवार को मनाया जाएगा, जबकि 3 अप्रैल, शुक्रवार को गुड फ्राइडे होगा। इनके बीच का दिन शनिवार, होली वीक का हिस्सा माना जाता है, जो शोक और प्रतीक्षा का समय होता है। मान्यता के अनुसार ईस्टर संडे का संबंध यीशु मसीह के पुनर्जीवन से है, इसलिए यह दिन खास आस्था और खुशी के साथ मनाया जाता है। यह दिन केवल उत्सव ही नहीं, बल्कि विश्वास, आशा और चमत्कार का प्रतीक भी है। माना जाता है कि यीशु ने मृत्यु पर विजय प्राप्त कर मानवता को यह संदेश दिया कि जीवन में हर अंधकार के बाद उजाला जरूर आता है। ईसाई मान्यताओं के अनुसार, गुड फ्राइडे के दिन यीशु मसीह को सूली पर चढ़ाया गया था। इसके दो दिन बाद, यानी रविवार को उनका पुनर्जन्म हुआ। इसी घटना की याद में ईस्टर संडे मनाया जाता है।

**हर साल क्यों बदलती है ईस्टर की तारीख ?:** ईस्टर हमेशा रविवार को ही मनाया जाता है, लेकिन इसकी तारीख हर साल बदल जाती है। इसका कारण इसका निर्धारण खगोलीय गणना से जुड़ा होना है। दरअसल, यह पर्व वसंत विषुव के बाद आने वाली पहली पूर्णिमा के अगले रविवार को मनाया जाता है। इसी वजह से हर साल इसकी तिथि अलग होती है। साल 2026 में वसंत ऋतु की पहली पूर्णिमा 2 अप्रैल को पड़ रही है, जिसे पास्चल मून कहा जाता है। इसलिए इसके बाद आने वाला रविवार, यानी 5 अप्रैल, ईस्टर के रूप में मनाया जाएगा।

**ईस्टर संडे कैसे मनाया जाता है ?:** इस दिन चर्चों में विशेष प्रार्थनाएं की जाती हैं। लोग एक-दूसरे को शुभकामनाएं देते हैं और परिवार के साथ मिलकर इस दिन खुशियां बांटते हैं। कई देशों में रंग-बिरंगे अंडे (ईस्टर एग), मिठाइयां और सजावट का विशेष महत्व होता है। घरों को फूलों और मोमबत्तियों से सजाया जाता है, जो अंधकार पर प्रकाश की जीत को दर्शाता है। ईस्टर का संदेश है कि जीवन में चाहे कितनी भी मुश्किलें क्यों न आएं, उम्मीद और नई शुरूआत हमेशा संभव है।

**ईस्टर पर अंडों का महत्व:** ईस्टर पर अंडों का विशेष महत्व होता है। इस दिन लोग अलग-अलग तरह से अंडों को सजाते हैं। साथ ही एक-दूसरे को अंडे गिफ्ट में भी देते हैं। इस दिन अंडे का महत्व इसलिए है, क्योंकि ईसाई धर्म के लोग अंडे को नया जीवन और उमंग का प्रतीक मानते हैं।

**चर्च में होगी विशेष प्रार्थना:** इस पावन दिन पर ईसाई समुदाय के लोग चर्च जाकर प्रार्थना करते हैं और मोमबत्तियां जलाते है। इस दिन लोग एक-दूसरे को त्योहार की शुभकामनाएं देते हैं। ईस्टर की खास परंपरा है कि इस दिन अंडों को रंग-बिरंगे रूप में सजाया जाता है और उपहार के रूप में बांटा जाता है। बाइबल पाठ और आध्यात्मिक गीतों के माध्यम से इस दिन का महत्व और गहराई से महसूस किया जाता है।

# सीएम योगी आज करेंगे भारतेंदु नाट्य अकादमी के स्वर्ण जयंती नाट्य समारोह का शुभारंभ

- **अकादमी के संपूर्ण भवन व दो प्रेक्षागृहों के जीर्णोद्धार कार्य का लोकार्पण, कलाविदों-पूर्व छात्रों का सम्मान भी करेंगे मुख्यमंत्री**
- **5 से 12 अप्रैल तक मनाया जायेगा अकादमी का स्वर्ण जयंती नाट्य समारोह**

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** भारतेंदु नाट्य अकादमी (बीएनए) अपनी स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होने पर 5 से 12 अप्रैल तक स्वर्ण जयंती नाट्य समारोह मनाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार (5 अप्रैल) को अकादमी परिसर स्थित राज बिसारिया प्रेक्षागृह में इसका शुभारंभ करेंगे। अकादमी के अध्यक्ष डॉ. रतिशंकर त्रिपाठी और निदेशक बिपिन कुमार ने शनिवार को पत्रकारों से बातचीत में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर मुख्यमंत्री कलाविदों व पूर्व छात्रों का सम्मान करेंगे। यह समारोह न केवल अकादमी की गौरवशाली यात्रा का उत्सव है, बल्कि रंगमंच के क्षेत्र में उसकी उपलब्धियों का प्रतीक भी है। मुख्यमंत्री इस समारोह में भारतेंदु नाट्य अकादमी के सम्पूर्ण भवन व दो प्रेक्षागृहों के 22 करोड़ रुपये से अधिक धनराशि से हुए जीर्णोद्धार कार्य का लोकार्पण करेंगे। सीएम यहां कलाविदों व पूर्व छात्रों का सम्मान करने के अलावा रंगवेद पत्रिका का विमोचन भी करेंगे। स्वर्ण जयंती नाट्य समारोह के दौरान देश-विदेश के ख्यातिप्राप्त कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। 5 से 12 अप्रैल तक प्रतिदिन दो शिफ्ट में नाट्य मंचन होगा। बीएम शाह प्रेक्षागृह में अपराह्न 3.30 बजे तथा राज बिसारिया प्रेक्षागृह में शाम 6.30 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे।

संक्षेप

## मारपीट करने के चार दोषियों को 3 वर्ष की सजा

**सुलतानपुर।** प्रधानी की चुनावी रंजिश में लाठी, डंडा व पिस्टल से मारपीट करने के मामले में शनिवार को एडीजेएम तृतीय शुभम वर्मा ने जयसिंहपुर कोतवाली के हालापुर गांव निवासी संतोष सिंह, बब्लू सिंह उर्फ अखिलेश, राममणि व राहुल निषाद को दोषी मानते हुए तीन वर्ष की सजा सुनाई है। अदालत दोषियों पर 40 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना में से 30 हजार रुपये वादी मुकदमा दीपक सिंह को मिलेगा। अभियोजन पक्ष के अधिवक्ता रविवंश सिंह पंकज ने बताया कि प्रधानी का चुनाव लड़ने की रंजिश को लेकर दीपक सिंह को 21 अप्रैल 2021 को आरोपियों ने लाठी, डंडा व पिस्टल की बट से मारकर चोटें पहुंचाई थी। केस की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने चार गवाहों को कोर्ट में पेश किया।

## गौरीगंज क्रय केंद्र पर हुई 108.50 कुंतल गेहूं की खरीद

**गौरीगंज, अमेठी।** जनपद के किसानों को उनकी फसल का अच्छा मूल्य मिले जिसके लिए जनपद में 106 क्रय केंद्रों पर 25.85 रुपए प्रति कुंतल की दर से खरीद की जायेगी जो पिछले वर्ष की तुलना में सात केन्द्र अधिक खोले गये है जबकि धान खरीद में 99 केन्द्र खोले गए थे। जनपद मुख्यालय स्थित असैदापुर क्रय केंद्र पर शनिवार को 108.50 कुंतल गेहूं की खरीद की गई जिसमें गुवांवा निवासी किसान ओमप्रकाश ने 69.50 कुंतल व अम्बिका ने 39 कुंतल गेहूं की तौल कराया। क्रय केंद्र प्रभारी श्यामू मिश्रा ने बताया कि आधा दर्जन किसान अपना गेहूं तौल कराने के लिए आ चुके हैं जिनका नाम व मोबाइल नम्बर नोट कर लिया गया है ईपास मशीन व बोरी की अनुउपलब्धता की वजह से अभी गेहूं की खरीद धीमी है।

## शहीदों के सम्मान में लगा रक्तदान शिविर

**भादर, अमेठी।** जनपद के ब्लॉक भादर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएससी में सामाजिक संगठन महापदमनंद वेलफेयर आर्गेनाईजेशन (एमडब्ल्यूओ) ने शहीदों के सम्मान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया शिविर का शुभारंभ पूर्व एमएलसी दीपक सिंह ने देश के क्रांतिकारी शहीदों के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए किया और कहा कि आज का यह कार्यक्रम अमर शहीदों को याद करने के लिए रक्तदान शिविर का आयोजन कर उन्हें याद किया जा रहा है यह अपने आप में ऐतिहासिक है। रक्तदान, दानों के महानतम श्रेणी में आता है, एक रक्तदाता तीन जीवन को बचाता है, रक्तदान करने से शरीर में नई स्फूर्ति की प्रवाह होती है। इस अवसर पर रक्तदान करने वालों में योगेंद्र शर्मा, राघवेंद्र प्रताप सिंह, डॉक्टर सुरेश कुमार राव, बृजमोहन शर्मा, अश्वनी कुमार मौर्य, अमन कुमार शर्मा, विनोद कुमार यादव, सुरेश कुमार यादव, विपिन शर्मा, सौरभ, रंजीत शर्मा, अमरजीत शर्मा, रामबहादुर शर्मा, रंजना शर्मा, शिवम शर्मा, धर्मेंद्र प्रताप सिंह, दीपक साहू, दुर्गेश पाल, अर्जुन तिवारी, गौरव यादव, आशीष पाल, प्रमोद कुमार सिंह, प्रद्युमन शर्मा, चित्रसेन सिंह, लकी सिंह, सुधीर यादव, दीपक शुक्ला, कुलदीप गुप्ता, मुकेश यादव, विजय सिंह, डॉक्टर अनिल शर्मा, सुभाष पाल, कृष्ण कुमार जायसवाल, पवन कुमार विश्वकर्मा, विकास कुमार शर्मा आदि 42 लोगों ने रक्तदान कर शहीदों को नमन किया।

# 152 शिकायतें पहुंचीं, 19 का मौके पर निस्तारण

## समाधान दिवस में पीड़ितों ने कब्जा व मुआवजे की उठायी मांग



**जयसिंहपुर, सुलतानपुर।** तहसील जयसिंहपुर में शनिवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम कुमार हर्ष और पुलिस अधीक्षक चारू निगम ने जन शिकायतें सुनीं। इस दौरान कुल 152 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 19 का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष मामलों के त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित विभागों को समय-सीमा के भीतर कार्रवाई के निर्देश दिए गए। समाधान दिवस में सबसे अधिक शिकायतें जमीन, कानून-व्यवस्था और राजस्व से जुड़े मामलों की रहीं जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि जमीनी विवादों में राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाकर जांच करेगी, ताकि फरियादियों को अलग-अलग विभागों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने कहा कि शिकायतों का निस्तारण औपचारिकता नहीं, बल्कि गुणवत्तापूर्ण और संतोषजनक होना चाहिए। पुलिस अधीक्षक चारू निगम ने कानून-व्यवस्था से जुड़े मामलों को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधिकारियों को निष्पक्ष जांच और आवश्यक कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए। अधिकारियों ने बताया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का एक ही छत के नीचे समाधान कराना है। समाधान दिवस में सुरौली गांव निवासी बुजुर्ग अल्लादीन ने डीएम को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि 14 वर्ष तक मुकदमा लड़ने और चार वर्ष पूर्व डिग्री मिलने के बाद भी उन्हें अपनी जमीन पर कब्जा नहीं मिल सका है। उन्होंने आरोप लगाया कि कई बार शिकायत के बावजूद केवल आश्वासन ही मिला। वहीं, जयसिंहपुर निवासी सुशीला देवी ने अंकेश हत्याकांड के आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग उठाई। उन्होंने दोषियों को उम्रकैद की सजा दिलाने, पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता, सरकारी नौकरी और जमीन उपलब्ध कराने की मांग की। उनका कहना था कि वह पहले भी दो बार तहसील दिवस में शिकायत दे चुकी हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी भारत भूषण, एसडीएम प्रभात कुमार सिंह, तहसीलदार मयंक मिश्रा समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# श्री बालाजी जन्मोत्सव आज से

- आज मेंहदीपुर बाला जी धाम में दिव्य ज्योति और श्री खाटू श्याम जी की निकाली जायेगी निशान यात्रा की शोभायात्रा

**रायबरेली।** श्री रामदूत माता जी परिवार के तत्वाधान में चैत्र सुदी पूर्णिमा श्री हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में 17 वां दो दिवसीय श्री बालाजी जन्मोत्सव का कार्यक्रम होगा। भोला गुप्ता ने बताया कि 5 अप्रैल को मेंहदीपुर बाला जी धाम में दिव्य ज्योति का और श्री खाटू श्याम जी महराज की निशान यात्रा की शोभायात्रा 5 अप्रैल समय 3 बजे से श्री शीतला बाला शक्ति धाम, गुलाब रोज (स्वर नगर) से होकर जहानाबाद चैकी कहारों का अड्डा, खोवामंडी, सुपर मार्केट, यूनियन बैंक तिराहा, हाथी पार्क, अस्पताल चैराहा होते हुये रिफार्म क्लब पहुंचेगी। निशान उठाने वाले लोगों से निवेदन है कि पीला वस्त्र पहन कर आयें।

उन्होंने बताया कि 6 अप्रैल को प्रातः 8 बजे से 11 बार संगीतमय हनुमान चालीसा का पाठ, 6 बजे से 2100 आहुतियों से हवन, प्रात 11 बजे से संगीतमय सुन्दर काण्ड का पाठ फिर कन्या भोज के पश्चात विशाल भण्डारा प्राण होग। रात्रि 8 बजे से विशाल जागरण पंकज शुक्ला ग्रुप जागरण पार्टी कानपुर द्वारा होगा जिसने भजन गायिका आलिया बेटू चंचल कानपुर एवं अभिनव ऐरन (सिरसा हरियाणा) मुख्य झांकी नृसिंह अवतार होगी। जागरण समापन के बाद प्रातकाल ७ बजे भोग प्रसाद पर्व निशान का वितरण किया जायेगा।




इस अवसर पर श्री रामकृत बाला जी के मुख्य सेवादार पवन गुप्ता, सावंत चैरसिया, आशीष दीक्षित, हरिओम सोनकर, आलोक कुमार, जयराज, राजेश, घनश्याम गुप्ता, आकाश, रितिक, सुनील सोनकर, राजू गुप्ता, जितेन्द्र दुवा एवं समस्त सेवादार उपस्थित रहे।

# शिक्षक की सेवाएं कभी समाप्त नहीं होती : रत्नेश श्रीवास्तव




**रायबरेली।** वैदिक इंटर कॉलेज द्वारा जनपदीय माध्यमिक खेल समिति द्वारा सेवानिवृत्त शिक्षकों में माधवी शुक्ला के सम्मान में समारोह का आयोजन किया गया। माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ प्रारंभ हुए कार्यक्रम में संयोजक राजकीय इंटर कॉलेज रायबरेली के प्रधानाचार्य रत्नेश श्रीवास्तव ने कहा कि शिक्षक की सेवाएँ कभी समाप्त नहीं होती उनकी जरूरत समाज को सदैव रहती है जो राष्ट्र निर्माण का कार्य सदैव करते हैं। वहीं पूर्व प्रधानाचार्य डॉक्टर हरिश्चंद्र सिंह ने कहा कि जीवन अनमोल है सेवाओं की पूरी पारी खेलना बड़ी जिम्मेदारी का निर्वाह है। खेल जगत में श्रीमती शुक्ला ने अपना परचम लहराया जिसको सदैव याद किया जाएगा। संस्कृत नोडल हरीशानंद मिश्र ने कहा कि एक समृद्धशाली जीवन के लिए शिक्षक सदैव ही प्रेरणा स्त्रोत है वहीं उन्होंने कहा कि मनुष्य के जन्म के साथ जीवन के अंतिम पड़ाव तक शिक्षक उसका मार्गदर्शन करता है चाहे वह माता के रूप में हो अथवा गुरु के रूप में मार्गदर्शन करता हो। वहीं कार्यक्रम का संयोजन कर रहे माध्यमिक खेल सचिव अजय सिंह चंदेल ने समस्त उपस्थित शिक्षकों के प्रति आभार जताते हुए कहा कि यह कार्यक्रम शिक्षक द्वारा किए गए उसके जीवन के अनमोल सहयोग एवं कार्य की सराहना के साथ उनकी यादों के साथ जुड़ा है जिस पर उनकी स्वरचित कविताओं ने कार्यक्रम में भाव भर दिया। इस अवसर पर सैकड़ों से शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

## शिक्षकों के सेवानिवृत्त होने पर दी गयी विदाई

**सलोन, रायबरेली।** सर्वोदय विद्यापीठ इंटर कालेज में विद्यालय के इतिहास प्रवक्ता अजय कुमार सिंह और भूगोल प्रवक्ता रामनिहोर सरोज को सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह आयोजित कर सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रबंध समिति के सभापति मृत्युंजय सिंह और प्रबंधक डॉ जितेन्द्र कुमार सिंह ने अंगवस्त्र और रामचरित मानस भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर सभापति राय मृत्युंजय सिंह ने कहा कि इन दोनों की सेवाओं को विद्यालय परिवार हमेशा याद करेगा। प्रबंधक डॉ जितेन्द्र कुमार सिंह ने दोनों के निरोगी, सुखमय और उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि इनके कार्यों को विद्यालय में हमेशा याद किया जाएगा। प्रधानाचार्य अमित कुमार भारती ने कहा कि इन दोनों से सभी शिक्षक साथियों ने बहुत कुछ सीखा है। इस मौके पर राय शत्रुंजय सिंह, महेन्द्र सिंह, मिथलेश वर्मा, राजेश सिंह, राजेश यादव, उमेश प्रताप सिंह, आदर्श सिंह समेत सभी साथियों ने अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम का संचालन नागरिक शास्त्र प्रवक्ता विनोद कुमार त्रिपाठी ने किया।

## तुलसी राम बने कांग्रेस एससी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष

**नसीराबाद, रायबरेली।** निर्भीक निष्ठावान युवा नेता तुलसी राम पासी को जिला कांग्रेस अमेठी के अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ का जिला अध्यक्ष मनोनीत किये जाने पर कार्यकताओं में खुशी की लहर है। आल इंडिया कांग्रेस कमेटी एस सी डिपार्टमेंट के चेयरमैन राजेंद्र पाल गौतम द्वारा जारी अध्यक्षों की सूची में अमेठी संसदीय क्षेत्र की सलोन विधान सभा के निवासी तुलसीराम पासी को शामिल किया जाना महत्वपूर्ण है। गुटबाजी से दूर पार्टी की मजबूती के लिए सदैव समर्पित संघर्ष शील युवा नेता तुलसी राम पासी को जिले की कमान सौंपा जाना अमेठी में कांग्रेस के लिए शुभ संकेत है। उनके इस मनोनयन पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रदीप सिंहल, पूर्व विधायक प्रत्याशी अर्जुन पासी, दिशा की सदस्य श्रीमती किरन देवी, वरिष्ठ कांग्रेसी दिग्विजय सिंह, टी एन त्रिपाठी, डॉ.कामता नाथ सिंह, यदुवेन्द्र तिवारी, राजीव द्विवेदी एडवोकेट, परमात्मा दीन तिवारी, एस पी सिंह, निजाम अंसारी, अनुराग सिंह, सुभाष चंद्र शुक्ल, जिला प्रवक्ता अनिल सिंह, धर्मेंद्र सिंह राठौर, शिव दर्शन पासी, अनुराग द्विवेदी, गुफरान सामानी, त्रिभुवन भारती, प्रेम शंकर पांडेय, मोहित मिश्र आदि लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए तुलसी राम पासी को बधाई और शुभकामनाएं दीं तथा शीर्ष नेतृत्व और सांसद किशोरी लाल शर्मा के प्रति आभार जताया है। बधाई और शुभकामनाओं का सिलसिला जारी है।

## तीसरे वर्ष भी हर हाथ निःशुल्क किताब का संकल्प पूरा कर रहा सीएमपीएस इंटर कॉलेज

**लालगंज, रायबरेली।** शनिवार को कस्बे के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान चंद्रशेखर मेमोरियल पब्लिक इंटर कॉलेज आजाद नगर में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण प्रबंधक ओमप्रकाश शुक्ला के कर कमलों से प्रारंभ किया गया।



किताबें पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। हर हाथ किताब की मंसा से विद्यालय में कक्षा शिशु से 12 तक के सभी विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें वितरित की गई। विद्यालय के प्रबंधक ओम प्रकाश शुक्ला ने कहा कि कई बार ग्रामीण अँचल के बच्चे सुविधाओं के अभाव में अच्छी शिक्षा से वंचित रह जाते हैं मैंने भी पुस्तकों के अभाव में अपनी पढ़ाई की है जिसका दर्द मुझे पता है। प्रत्येक विद्यार्थी अच्छी शिक्षा ग्रहण कर सके व उसके मन से प्राइवेट विद्यालय की लूट का डर खत्म हो, इस उद्देश्य से लगातार निःशुल्क पुस्तकों का वितरण किया जा रहा है विद्यालय द्वारा निरुशुल्क पाठ्यपुस्तकों के वितरण पर क्षेत्र के अभिभावकों व विद्यार्थियों में खुशी का माहौल है। अभिभावकों का कहना है कि एक तरफ जहां दूसरे प्राइवेट विद्यालय फीस, एडमिशन और किताबों के नाम पर अभिभावकों से मोटी रकम वसूलते हैं वहीं चंद्रशेखर मेमोरियल पब्लिक इंटर कॉलेज लालगंज विद्यालय द्वारा न्यूनतम शिक्षण शुल्क में निरुशुल्क पाठ्य पुस्तकें देकर बेहतर शिक्षा देने का सराहनीय कार्य किया जा रहा है। विद्यालय के प्रबंध निदेशक दीप प्रकाश शुक्ला ने कहा कि क्षेत्र के प्रत्येक बच्चे को न्यूनतम शुल्क में अच्छी शिक्षा देने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है। निर्धन व असहाय बच्चों को निःशुल्क शिक्षा देने का कार्य भी संस्थान द्वारा किया जा रहा है। प्रयास यही है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे और यह प्रयास हमेशा जारी रहेगा।

# निदूरा प्राथमिक विद्यालय में मना वार्षिकोत्सव



**कूरेभार, सुलतानपुर।** शिक्षा क्षेत्र कूरेभार में निदूरा के प्राथमिक विद्यालय में शनिवार को वार्षिकोत्सव, पुरस्कार वितरण और पाठ्यपुस्तक वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ एसआरजी सत्यदेव पांडेय और एआरपी प्रतिभा पाण्डेय ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। प्रधानाध्यापिका अनुपमा तिवारी ने एसआरजी सत्यदेव पांडेय का स्वागत किया, जबकि रीता मैम ने एआरपी प्रतिभा पाण्डेय का सम्मान किया। एसएमसी अध्यक्ष सविता मौर्या भी कार्यक्रम में उपस्थित रहीं, जिनका अर्चना मैम ने स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरूआत वशु, अन्नू, आयुषी और अवनी द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना से हुई। इसके बाद बच्चों ने 'बम-बम बोले' गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया। कक्षा दो के छात्रों ने 'टेक अ बस ऑर टेक अ कार' कविता का प्रस्तुतीकरण किया। इस अवसर पर वार्षिक परीक्षा परिणाम भी घोषित किया गया। कक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को मेडल, प्रमाण पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रतिभाशाली बच्चों की माताओं को भी माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एसआरजी सत्यदेव पांडेय ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि माताएं बच्चों की पहली शिक्षिका होती हैं और उनके भविष्य निर्माण में उनका महत्वपूर्ण योगदान होता है। एआरपी प्रतिभा पाण्डेय ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि हर बच्चा चैंपियन होता है, जिसे सही दिशा और प्रोत्साहन की आवश्यकता होती है। एसएमसी अध्यक्ष सविता मौर्या ने बच्चों को देश का भविष्य बताते हुए उनके संवारने की जिम्मेदारी समाज और अभिभावकों की बताई। प्रधानाध्यापिका अनुपमा तिवारी ने अभिभावकों को नए सत्र के लिए नामांकन शुरू होने की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा बच्चों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें प्रदान की जा रही हैं। इसके अतिरिक्त, डीबीटी के माध्यम से ड्रेस, जूता-मोजा, बैग और स्वेटर के लिए 1200 रुपये भी भेजे जा रहे हैं। उन्होंने अभिभावकों से अपने आसपास के बच्चों का विद्यालय में नामांकन कराने की अपील की। कार्यक्रम ने सविता, साधना देवी, साधना यादव, अनीता, हुमा, सुमन, किस्मता, प्रीति आदि माताएं उपस्थित रहीं।

# जिला सहकारी बैंक ने हासिल किया 3.51 करोड़ का लाभ

- वित्तीय वर्ष 2025-26 में लगातार तीसरे वर्ष लाभ कमाया, सोलर सिस्टम व कम्प्यूटराइजेशन से मजबूत हुई बैंकिंग व्यवस्था




**रायबरेली।** जिला सहकारी बैंक लिमिटेड के अध्यक्ष विवेक विक्रम सिंह ने बताया कि केन्द्र सरकार के गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह तथा उत्तर प्रदेश सरकार के सहकारिता राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार जे०पी०एस० राठौर के दूरदर्शी मार्गदर्शन में बैंक निरंतर प्रगति कर रहा है। श्री सिंह ने बैंक की प्रमुख उपलब्धियों के बारे में बतात हुए कहा कि बैंक विगत तीन वित्तीय वर्षों से लगातार लाभ पर है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में बैंक को 3.51 करोड़ रुपये का लाभ हुआ है।

बैंक मुख्यालय भवन एवं सभागार का जीर्णोद्धार व मरम्मत कार्य पूरा किया गया। बैंक मुख्यालय सहित सभी 34 शाखाओं में सोलर सिस्टम स्थापित कर ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा दिया गया, जिससे बिजली की बचत के साथ पर्यावरण संरक्षण में योगदान दिया गया।

देश की पहली रेहड़ी पटरी सहकारी ऋण समिति घुरवारा के माध्यम से छोटे दुकानदारों व रेहड़ी-पटरी वाले व्यवसायियों को ऋण उपलब्ध कराकर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा रहा है। भारत सरकार की पैक्स कम्प्यूटराइजेशन योजना के तहत बैंक से जुड़े सभी 185 बी-पैक्स को कम्प्यूटराइज्ड किया जा रहा है। 123 बी-पैक्स में क्यूआर कोड के माध्यम से उर्वरक खरीद व लेन-देन की सुविधा शुरू की गई।

उत्तर प्रदेश सरकार की बी-पैक्स उन्नयन योजना के अंतर्गत 22 समितियों को 2-2 लाख रुपये तथा 10 समितियों को जीर्णोद्धार के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की गई। बैंक की 5 शाखाओं को मॉडल शाखा के रूप में विकसित किया जा रहा है।

व्यवसायियों को 25 लाख रुपये तक की सीसी लिमिट तथा ग्राहकों को 10 लाख रुपये तक का पर्सनल लोन उपलब्ध कराया जा रहा है। 130 बिजनेस कॉरेस्पॉन्डेंट के माध्यम से सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाएं पहुंचाई जा रही हैं। वाहन ऋण, गृह ऋण, व्यक्तिगत ऋण व कार ऋण जैसी योजनाओं के माध्यम से व्यवसाय विविधीकरण को बढ़ावा दिया जा रहा है। ग्राहकों के डिजिटल लेन-देन को सुरक्षित बनाने के लिए साइबर सुरक्षा बीमा की व्यवस्था की गई है।

अध्यक्ष विवेक विक्रम सिंह ने कहा कि बैंक निक्षेप संचय बढ़ाने के साथ-साथ ऋण वितरण को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने बैंक कर्मचारियों की कमी दूर करने के लिए 26 महत्वपूर्ण पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू करने की जानकारी भी दी। प्रेसवार्ता में मुख्य कार्यपालक अधिकारी बृजेश विश्वकर्मा, उप महाप्रबन्धक रामानन्द दुबे सहित बैंक के सभी अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पूर्व मंत्री पर दर्ज केस में दो को मिली जमानत

**सुलतानपुर।** पूर्व दर्जा प्राप्त मंत्री राणा अजीत प्रताप सिंह समेत कई अन्य के खिलाफ अखंड नगर थाने में दर्ज जानलेवा हमला व फायरिंग करने के मामले में जेल में निरुद्ध आरोपित अजय प्रताप सिंह व अभिषेक प्रताप सिंह को कोर्ट से जमानत मिल गई है। जिला जज सुनील कुमार ने बचाव पक्ष के अधिवक्ता अरविंद सिंह राजा व सरकारी वकील की बहस सुनने के बाद दोनों आरोपितों को जमानत दे दी है। वहीं, इसी मामले में आरोपित अरुण सिंह व हलचल तिवारी उर्फ नितेश कुमार की अग्रिम जमानत अर्जी पर सुनवाई नहीं हुई। जिला जज ने सुनवाई के लिए आठ अप्रैल की तिथि तय की है। आरोपितों पर बीते 15 मार्च को कल्याणपुर गांव के जिलाजीत यादव ने परिवार के लोगों पर जानलेवा हमला व फायरिंग करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पूर्व मंत्री राणा अजीत प्रताप सिंह समेत कई अन्य आरोपितों को जेल भेज दिया था।

## भक्ति न मिली तो जीवन की कोई सार्थकता नहीं



**रायबरेली।** नाना प्रकार के कर्म करते हुए यदि भगवान की भक्ति नहीं मिली तो जीवन की कोई सार्थकता नहीं है। उक्त बातें हनुमान जी कथा आयोजन के ब्यास स्वामी आसीषानंद जी महाराज ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि मनुष्य को धर्मपरायण होकर आनंदित जीवन जीना चाहिए यह तभी संभव जब भगवान श्रीराम के चरणों का अनुराग मिले। उन्होंने हनुमान जी महाराज की जीवन दर्शन पर कहा कि बालपन से लेकर अजर अमर होने के वरदान तक हनुमान जी महाराज का जीवन श्री राम की भक्ति से परिपूर्ण है जिसका हमें अनुकरण करना चाहिए। उन्होंने लंका में निवास कर रहे रावण के भाई विभीषण की कथा सुनाते हुए कहा कि जब लंका जैसे स्थल पर विभीषण जैसा भक्त हो तो फिर यह मान लीजिए कि कभी भी संसार भक्तों से रिक्त नहीं होगा। प्रत्येक युग में श्री प्रभु राम की भक्ति अलौकिक है। इस मौके पर संकट मोचन हनुमान मंदिर के महंत पाण्डेय जी के वी सिंह पीयूष बाजपेई अनुराग तिवारी अभय सिंह एस पी सिंह दरोगा दिलीप गुप्ता हरीशानन्द मिश्र कमलेश कुमार सिंह राहुल सिंह अमित यादव आदि सैकड़ों श्रोतागण मौजूद रहे।

## पल्सर की टक्कर या कुछ और युवक की मौत बनी रहस्य

**शुकुल बाजार, अमेठी।** शुकुल बाजार क्षेत्र के नोहरेपुर में एक युवक की संदिग्ध हालात में मौत ने पूरे इलाके में कई सवाल खड़े कर दिए हैं। प्रथम दृष्टया पुलिस इसे सड़क हादसा मानकर जांच आगे बढ़ा रही है, लेकिन मौके की परिस्थितियां और मृतक के शरीर पर मिले चोट के निशान घटना को अलग दिशा में इशारा करते नजर आ रहे हैं। स्थानीय लोग इसे महज एक्सीडेंट मानने को तैयार नहीं हैं और निष्पक्ष व गहन जांच की मांग कर रहे हैं। मृतक की पहचान कुश कुमार उर्फ अंशु (पुत्र पलटू राम), निवासी केवटही थाना बल्दीराय जनपद सुल्तानपुर के रूप में हुई है। परिजनों व ग्रामीणों के अनुसार युवक सड़क किनारे पैदल जा रहा था, तभी तेज रफ्तार काले रंग की पल्सर मोटरसाइकिल ने उसे टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शुकुल बाजार ले जाया गया, जहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल गौरीगंज रेफर कर दिया। इलाज के दौरान युवक ने दम तोड़ दिया। घटना के बाद से ही कई बिंदुओं पर सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि मृतक के शरीर पर जो चोट के निशान हैं, वे सामान्य सड़क दुर्घटना से अलग प्रतीत होते हैं। साथ ही, मौके की परिस्थितियों को लेकर भी तरह-तरह की चर्चाएं हैं, जिससे यह आशंका जताई जा रही है कि घटना के पीछे कोई अन्य कारण भी हो सकता है। हालांकि, पुलिस फिलहाल इसे सड़क दुर्घटना मानकर जांच कर रही है। इसको लेकर कुछ स्थानीय लोगों का आरोप है कि मामले को जल्दबाजी में एक दिशा देने का प्रयास किया जा रहा है, जबकि घटना की परिस्थितियां विस्तृत जांच की मांग करती हैं। थानाध्यक्ष विवेक वर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर विधिक कार्रवाई की जा रही है और सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच की जाएगी।

# 77 शिकायतें आयीं, 10 का तत्काल हुआ निस्तारण

- छात्रों को पुरस्कार और पाठ्यपुस्तकें वितरित की गयीं

**लालगंज, रायबरेली।** डीएम हर्षिता माथुर और एसपी रवि कुमार ने संपूर्ण समाधान दिवस लालगंज में लोगों की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना व समाधान दिवस में पेश हुई 77 शिकायतों में से 10 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण भी कराया। अन्य शिकायतों के निस्तारण के लिए उन्होंने टीम गठित कर फरियादियों को निस्तारण का भरोसा दिलाया। लालगंज के तहसील दिवस में डीएम के सामने लालगंज की बाजार में सड़कों की पटरियो पर अतिक्रमण सहित नहरो और तालाबो में पानी की कमी की समस्या को उठाया गया जिस पर डीएम ने जल्द से जल्द कार्रवाई कराने का आश्वासन दिया। बेहटा कला गांव में जल जीवन मिशन में व्याप्त भ्रष्टाचार और बेहटा गांव की बाजार में व्याप्त लो वोल्टेज की समस्या के बाबत क्षेत्र पंचायत सदस्य अनंत विजय सिंह के द्वारा शिकायत की गई। जिस पर डीएम ने जांच कराने की बात कही। गेगासो पुल को भी जल्द से जल्द चालू किये जाने का मुद्दा तहसील दिवस उठाया गया जिस पर डीएम ने कहा कि पुल के मरम्मत का काम तेजी से हो रहा है। शीघ्र पुल जनता के लिए चालू हो जाएगा। लालगंज सरकारी अस्पताल में डॉक्टरों की कमी की भी बात डीएम से कही गई। डीएम ने कहा कि डॉक्टरों की व्यवस्था कराई जाएगी। इसके अलावा पूरे राना मजरे बहाई गांव के महराज दीन ने डीएम को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि उसके पिता की मृत्यु के बाद उसे छोड़कर उसके दो अन्य भाइयों के नाम जमीन की वरासत कर दी गई है, कई बार शिकायत के बावजूद खतौनी ठीक नहीं की जा रही है। उसे जमीन नहीं मिली है जिसके चलते उसे भुखमरी का सामना करना पड़ रहा है। उसने कार्यवाही ना होते देख जल समाधि की भी मांग की। डीएम ने एसडीएम को मामले का निस्तारण करने का निर्देश दिया। नसीरपुर गांव की महिला ने पारिवारिक समस्या को लेकर अपनी बात अधिकारियों के सामने रखी लेकिन न्याय न मिलते देख उसने अधिकारियों के प्रति नाराजगी भी व्यक्त की। तहसील दिवस में क्षेत्रीय विधायक देवेंद्र प्रताप सिंह राजा अजय ने भी शिरकत की और लोगों की समस्याओं को सुना। इस अवसर पर एसडीएम मिथिलेश त्रिपाठी, प्रभारी तहसीलदार, शिवमराठौर, बीडीओ गगनदीप सिंह, सीएमओ नवीन चंद्रा, लालगंज अधीक्षक अमन पटेल, अधिशासी अधिकारी राजभान शुक्ला, प्रभारी निरीक्षक लालगंज प्रमोद कुमार सिंह, सरेनी कोतवाल रमेश चंद्र यादव, अधिशासी अभियंता विद्युत दीपक यादव आदि मौजूद रहे।



## स्कूल के वार्षिकोत्सव में प्रबुद्ध जनों का हुआ स्वागत और बच्चों को भी किया गया पुरस्कृत

**लालगंज, रायबरेली।** नरसवा ग्राम पंचायत के पूरे राना प्राथमिक विद्यालय में वार्षिकोत्सव एवं परीक्षा फल वितरण कार्यक्रम के दौरान बतौर मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान जितेंद्र पटेल ने कहा कि शिक्षित बच्चे ही समृद्ध भारत की नींव है। जितेंद्र पटेल ने स्कूल के शिक्षकों की सराहना करते हुए कहा कि पूरे राना प्राथमिक स्कूल में बच्चों को बहुत ही सुंदर ढंग से शिक्षा प्रदान की जाती है। ग्राम प्रधान ने मेधावी बच्चों को पुरस्कृत भी किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य अध्यापक अनिल सिंह, दीपक पांडे, संदीप कुमार, अमरनाथ यादव, संध्या, राम आसरे, संदीप पटेल आदि मौजूद रहे। पुलिस विभाग के द्वारा महिलाओं को मिशन शक्ति अभियान के तहत जागरूक भी किया गया।

## बेलवा हसनपुर में जर्जर बिजली व्यवस्था से ग्रामीणों में आक्रोश, कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा

**जायस, अमेठी।** अमेठी जनपद के तिलोई विकासखंड अंतर्गत बेलवा हसनपुर ग्रामसभा में बिजली व्यवस्था पूरी तरह लाचार बनी हुई है। ग्रामीणों के अनुसार गांव में आए दिन बिजली आपूर्ति बाधित रहती है, जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सबसे गंभीर समस्या बिजली के ढीले और जर्जर तारों की है। ग्रामीणों का कहना है कि कई जगह तार इतने नीचे लटक रहे हैं कि कभी किसी के मकान की छत पर तो कभी सड़क पर गिर जाते हैं। ऐसे में कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है और किसी की जान तक जा सकती है। लोगों ने बताया इसको लेकर कई बार संबंधित विभाग से शिकायत की जा चुकी है, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। विभाग की लापरवाही से ग्रामीणों में काफी नाराजगी है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द जर्जर तारों को बदला जाए और बिजली व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए, ताकि किसी संभावित दुर्घटना से बचा जा सके।

संक्षेप

## तीन दिन अवकाश के चलते उमड़ा जनसैलाब

**मथुरा।** तीन दिनों के सार्वजनिक अवकाश ने वृंदावन धर्मनगरी की व्यवस्थाओं की पोल खोल दी है। ठाकुर बांके बिहारी मंदिर में श्रद्धालुओं के भारी दबाव के आगे प्रशासन पूरी तरह बेबस नजर आ रहा है। मंदिर की गलियों से लेकर मुख्य मार्गों तक केवल सिर ही सिर नजर आ रहे हैं।जिससे संकरी गलियों में दबाव बढ़ गया है। जाम और भीड़ के चलते स्थानीय निवासियों का जीना दूभर हो गया है। नगरभर में लोग घरों से निकलने में असमर्थ हैं। भीड़ के दवाब के आगे सुगम दर्शन के प्रशासनिक दावे धरातल पर पूरी तरह असफलता की कहानी बयां कर रहे हैं। श्रद्धालु घंटों रेंगने को मजबूर हैं।सर्वाधिक समस्या का सबब ई रिक्शों का तीर्थनगरी की सड़कों पर बढ़ता दबाव है। हरिनिकुंज चैराहा से किशोर पूरा, बनखंडी लोई बाजार से निधिवन तक का क्षेत्र पूरी तरह ई रिक्शों के दवाब में है। इसके साथ ही अनाज मंडी प्रताप बाजार और रेतिया बाजार में भी ई रिक्शों का आतंक बढ़ता जा रहा है। जो कई बार स्थानीय स्तर पर अशांति का कारण बनता है। ई रिक्शा चालक स्थानीय लोगों से अभद्रता के साथ ही श्रद्धालु पर्यटकों से मनमानी वसूली करते हैं।

## समाजवादी अधिवक्ता सभा की मासिक बैठक संपन्न

**मथुरा।** समाजवादी अधिवक्ता सभा की मासिक बैठक समाजवादी अधिवक्ता सभा के कैंप कार्यालय, कलेक्ट्रेट कंपाउंड, चैंबर/नं. 285 पर सम्पन्न हुई।बैठक की अध्यक्षता एवं संगठनात्मक मार्गदर्शन के दौरान समाजवादी अधिवक्ता सभा, जिला अध्यक्ष संदीप चैधरी एडवोकेट द्वारा सौम्या द्विवेदी एडवोकेट को समाजवादी अधिवक्ता सभा, मथुरा की जिला सचिव पद पर मनोनीत किया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष संदीप चैधरी एडवोकेट ने कहा कि सौम्या द्विवेदी समाजवादी पार्टी की नीतियों, सिद्धांतों एवं जनहितकारी विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने तथा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का कार्य करेंगी। बैठक का संचालन समाजवादी अधिवक्ता सभा के पूर्व जिला अध्यक्ष मनोज यादव एडवोकेट द्वारा किया गया।इस अवसर पर अधिवक्ता सभा के जिला महासचिव यशपाल चतुर्वेदी एडवोकेट, जिला उपाध्यक्ष रविंद्र मोहन शर्मा एडवोकेट, जिला सचिव सत्यवान गोस्वामी एडवोकेट, जिला सचिव मोहित शर्मा एडवोकेट एवं अन्य पदाधिकारीगण हर्ष व्यक्त किया है।

## भांग ठेकेदारों ने करवाया भंडारा

**मथुरा।** छटीकरा-राधाकुंड मार्ग स्थित सुप्रसिद्ध मघेरा वाले हनुमान जी मंदिर पर हनुमान जन्मोत्सव को लेकर समस्त भांग ठेकेदारों ने संयुक्त रूप से हवन और दाल बाटी चूरमा का भंडारा आयोजित करवाया गया। जिसमें भक्ति और शक्ति के संगम के बीच भांग ठेकेदारों ने पवनपुत्र के चरणों में शीश नवाया और उन्हें भोग अर्पित किया। हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर बजरंग बली का स्वर्ण वर्क, मेवे और ताजे फूलों से अद्भुत श्रृंगार किया गया। मंदिर को भव्य बिजली की लड़ियों और देसी-विदेशी फूलों से सजाया गया था। महंत मोनी बाबा ने कहा हनुमान जी कलियुग के जागृत देव हैं। उन्होंने कहा हनुमान जी का जीवन हमें अनुशासन और निस्वार्थ सेवा की सीख देता है। क्षेत्रीय लोगों ने इस आयोजन की दिव्यता की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

# संस्कृति स्पार्क 2026 में दूसरे दिन नाटकों में अभिनय कला का जबर्दस्त प्रदर्शन



**मथुरा।** संस्कृति विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय स्पार्क 2026 के दूसरे दिन प्रोजेक्ट एक्सपो-माडल्स, फोटोग्राफी, ड्रामा, मोबाइल गेम, स्टार्टअप पिच कंपटीशन- बिजनेस आइडिया, टेक्निकल पेपर प्रजेंटेशन प्रतियोगिताएं हुईं। वहीं वाद-विवाद प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने अपने आत्मविश्वास और ज्ञान से निर्णायकों को विशेष रूप से प्रभावित किया।

रील मेकिंग प्रतियोगिता के कोर्डिनेटर प्रिंस कुमार तिवारी ने बताया कि इस प्रतियोगिता में 18 विद्यार्थियों ने भाग लिया। विभिन्न विषयों पर विद्यार्थियों ने कुल 18 रील बनाईं। इसमें प्रथम स्थान परिणिता वैद्य, दूसरा स्थान तय्यूब खान और तीसरा स्थान खुशबू ने जीता। छात्रा परिणिता ने अपनी रील लाइफ इन संस्कृति युनिवर्सिटी पर बनाई, तय्यूब खान की रील कान्टेट क्रीएटर की लाइफ पर बनाई और छात्रा खुशबू ने वोमैन एंपावरमेंट को लेकर रील बनाई। ड्रॉमिटिकल सब्जेक्ट पर थी । प्रतियोगिता के निर्णायक डा. कृष्ण राज सिंह और डा.पंकज सारस्वत थे।

फोटोग्राफी प्रतियोगिता के कोर्डिनेटर डा. संदीप सिंह ने बताया कि इस प्रतियोगिता में कुल 15 विद्यार्थियों ने भाग लिया। पहला पुरुस्कार मार्था वैनिशी कृष्णा ने, दूसरा पुरुस्कार लोहिथ कोपुलर, नमन दीप तिवारी ने सयुंक्त रूप से और तीसरे पुरुस्कार पर राज शेखर रेड्डी ने कब्जा किया। प्रतियोगिता के निर्णायक थे डा. दिनेश कुमार शर्मा, डा. स्वाती दीक्षित। नृत्य प्रतियोगिताओं के परिणामों की जानकारी देते कोर्डिनेटर शुभ्रा पांडे ने बताया कि एकल नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान साक्षी यादव को जिसने बालीवुड के गाने पर नृत्य किया, द्वितीय स्थान बृजबाला सिह्वा इसने केपआप पर नृत्य किया, तीसरा स्थान लवली को मिला जिसने बैली डांस किया। वहीं समूह नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार हरियाणवी नृत्य प्रस्तुत करने वाली ज्योति एंड टीम को जीता, दूसरा स्थान योगा नृत्य करने वाली वैष्णवी की टीम को मिला और तीसरा स्थान दक्षिणी भारती नृत्य करने वाली तेल्लम तेजस्वी की टीम को मिला। युगल नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान छात्रा मनीषा एवं नंदिता, द्वितीय पुरस्कार अर्पिता एवं मनीष और तीसरा स्थान पायल एवं ज्योत्सना और खुशी एवं प्रवीन को संयुक्त रूप से दिया गया। मोबाइल गेम के कोर्डिनेटर नीलाद्री भट्टाचार्य ने बताया बीजीएमआई में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया। इसमें 60 टीम बनाई गईं और हर टीम में चार प्रतिभागी थे। प्रतियोगिता तीसरे दिन भी चलेगी। नाटक प्रतियोगिता की डा. स्वीटी अहलावत और ऋतु सिंह ने बताया कि इस प्रतियोगिता में 67 विद्यार्थियों ने भाग लिया। सात नाटकों की प्रस्तुति हुई। प्रथम पुरस्कार ह्वानटक कलयुग की महाभारतह्व को मिला। इसको अभिनीत करने वाले विद्यार्थियों में छात्रा मोक्षदा चैहान, डेजी शर्मा, अंकुर राना, तृप्ति, शिवानी, भूमि, सोनिका सिंह, नंदनी, आध्या, श्रुति और मुस्कान ने अपनी अभिनय कला से सभी को प्रभावित किया। दूसरा स्थान नाटक ह्वकंजूसह्व को मिला। इसको यश शर्मा, हिमांशु गुप्ता, संजोग सिंह, कृष्ण मुरारी दीक्षित, मंजोत कौर, अनुष्का और शिखा ने अभिनीत किया। तीसरा स्थान ह्वसोच का आइनाह्व नाटक को दिया गया। इसको छात्रा अंजली सिंह, मनीषा, कृति गुप्ता, मुस्कान शर्मा, नितिन शर्मा, ईशु शर्मा, यशपाल, गणेश, अनुज, लारा शर्मा, माधव और यतिन ने किया। निर्णायक मंडल में डा. मोहनन, डा. गौरव सरवांग थे। वाद-विवाद प्रतियोगिता में । प्रोजेक्ट एक्सपो में मॉडल्स प्रतियोगिता हुई। कोर्डिनेटर हरिनंदन सिंह और अजय अग्रवाल ने बताया कि इसमें विद्यार्थियों द्वारा कुल 35 माडल्स का प्रदर्शन किया गया।

## यमुना में डूबे जयपुर के युवक का शव तीसरे दिन बरामद

**मथुरा।** वृंदावन केशीघाट पर गुरुवार शाम यमुना स्नान के दौरान गहरे पानी में डूबे जयपुर निवासी युवक का शव शनिवार सुबह बरामद कर लिया गया। गोताखोरों की कड़ी मशक्कत के बाद युवक का शव पानीगांव पुल से करीब चार किलोमीटर आगे मथुरा की ओर मिला। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। राजस्थान के जयपुर निवासी विनय लालवानी (24) अपने मित्र कृष्ण चंद्र मीणा (23) के साथ बुधवार को वृंदावन दर्शन के लिए आए थे। गुरुवार शाम दोनों मित्र केशी घाट पर यमुना स्नान कर रहे थे। इसी दौरान विनय अचानक गहरे पानी की चपेट में आ गया और देखते ही देखते नदी की लहरों में ओझल हो गया। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची वृंदावन कोतवाली पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से गुरुवार रात और शुक्रवार पूरे दिन रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया लेकिन सफलता नहीं मिली। शनिवार सुबह सर्च अभियान के दौरान गोताखोरों को युवक का शव घटनास्थल से काफी दूर पानीगांव पुल के पास मिला। पुलिस की सूचना पर जयपुर से वृंदावन पहुंचे परिजनों का शव देखते ही धैर्य टूट गया और मौके पर कोहराम मच गया।

# पुलिसकर्मियों को दिये गये फायर सेफ्टी के गुर



**फिरोजाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में शनिवार को पुलिस कार्यालय दबरई में एक विशेष फायर सेफ्टी प्रशिक्षण कार्यक्रम और मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यालय में कार्यरत पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को आग से बचाव और आपदा प्रबंधन की बारीकियों से अवगत कराया गया।मुख्य अग्निशमन अधिकारी के पर्यवेक्षण में प्रभारी फायर स्टेशन टूण्डला व उनकी टीम ने प्रशिक्षण सत्र का संचालन किया। टीम ने पुलिसकर्मियों को विभिन्न श्रेणियों की आग, जैसे बी-क्लास तरल पदार्थ, सी-क्लास गैस, डी-क्लास मेटल और ई-क्लास इलेक्ट्रिक के बारे में विस्तार से जानकारी दी। विशेषज्ञों ने बताया कि हर प्रकार की आग को बुझाने का तरीका और उपकरण अलग होते हैं, जिनकी सही जानकारी ही बड़े हादसे को टाल सकती है। प्रशिक्षण के दौरान पुलिसकर्मियों को अग्निशमन यंत्रों को चलाने का व्यावहारिक अभ्यास भी कराया गया। कार्यक्रम के अंत में एक मॉक ड्रिल के जरिए आपातकालीन स्थिति में सुरक्षित निकास और बचाव की तकनीकों का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर कार्यालय के समस्त अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## मिशन शक्ति के तहत छात्राओं को किया जागरूक

**टूंडला।** मिशन शक्ति फेज-05 के द्वितीय चरण के अंतर्गत महिलाओं बालिकाओं को जागरूक करने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत शनिवार को थाना टूण्डला मिशन शक्ति पुलिस टीम ने राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में युवक युवतियों में प्रेम प्रसंग के अंतर्गत घर से चले जाने के मामलों की रोकथाम हेतु जागरूकता कार्यक्रम कराया गया व उससे होने वाले दुष्परिणामो के बारे में जानकारी दी गई तथा हेल्पलाइन नंबर 1090,181,112,1098 आदि के बारे में भी अवगत कराया गया। कार्यक्रम में म0उ0नि0 रूचिका सिंह म0उ0नि0 निधि म0है0 सोनी व छात्राएं स्कूल शिक्षकाएं उपस्थित रहीं।

## हिंदुओं का संघर्ष ही करायेगा श्रीकृष्ण जन्मभूमि को मुक्त : महेंद्र प्रताप

मथुरा। आपका सब (हिंदुओं) का संघर्ष ही भगवान श्री कृष्ण की जन्मभूमि को कब्जा मुक्त करा पाएगा। केशव धाम में आयोजित श्रीकृष्ण जन्मभूमि केस के हिंदू पक्षकार महेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट ने वृंदावन में प्रमुख भागवताचार्य श्रीकृष्णचंद्र शास्त्री की कथा में आए भक्तों को संबोधित कर रहे थे। उनका कहना था कि दुनिया की कोई भी शक्ति भगवान श्रीकृष्ण जन्मभूमि के मूल गर्भ गृह स्थल पर मंदिर का पुनः निर्माण होने से नहीं रोक सकती है। उन्होंने कहा कि औरंगजेब ने हिंदुओं का कत्ले-ए-आम करके भगवान श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर को तोड़ दिया। उस स्थान पर मस्जिद का निर्माण करवा दिया। इसी मस्जिद को हटाकर वहां पर पुनः भव्य मंदिर निर्माण कराने की मांग को लेकर कोर्ट से लेकर के आम जनता के बीच जाकर जन समर्थन जुटा रहे हैं। श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति न्यास अध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट ने श्री कृष्ण जन्मभूमि मंदिर को चार बार अलग अलग कालखंड में तोड़े जाने के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि श्रीकृष्ण जन्मभूमि को मुक्त कराने के लिए कोर्ट में कई महत्वपूर्ण साक्ष्य रखे गए हैं, जबकि दूसरे पक्ष के पास में कोई भी सिंगल डॉक्यूमेंट नहीं है, जो यह साबित कर सके वहां प्राचीन काल में मस्जिद थी। 1670 में औरंगजेब ने तोड़कर मस्जिद बनाई थी, उससे पहले वहां पर मंदिर ही था। श्री कृष्ण जन्मभूमि बनाम शाही ईदगाह मस्जिद केस के हिंदू पक्षकार महेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट ने बताया कि साधु संतों का श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति न्यास के आंदोलन को पूरा समर्थन मिल रहा है। उन्होंने सभी भक्तों से श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति के आंदोलन में अपनी अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का भी आव्हान किया और कहा कि आप सभी के संघर्ष से ही श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति हो पाएगी। इस मौके पर केशवधाम के सदस्य गौशाला के संरक्षक राजा भोज, क्रांतिकारी संत सत्यमित्रानंद जी महाराज, रामकिशन, सतीश ललित, कमल कौशिक भी मौजूद रहे। इससे पहले महेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट ने भगवताचार्य श्री कृष्णचंद्र शास्त्री जी का दुपट्टा ओढ़ाकर कर स्वागत किया।

# समस्याओं का निदान न होने पर भड़का किसान पानी की टंकी पर चढ़ा



**मथुरा।** गोवर्धन तहसील में आज उस समय प्रशासनिक अमला संकट में आ गया, जब अपनी मांगों को लेकर संघर्ष कर रहे किसान अचानक पानी की टंकी पर चढ़ गए। लंबे समय से सरकारी दफ्तरों के चक्कर काट रहे किसानों का आरोप है कि शासन प्रशासन उनकी जायज समस्याओं को लगातार अनसुना कर रहा है, जिससे परेशान होकर उन्हें यह कड़ा रुख अपनाना पड़ा। मलसराय की सावित्री देवी ने कहा कि दस साल गोवर्धन तहसील को बने हुये हो गये लेकिन आज तक रजिस्ट्री दफ्तर नहीं है। आधी अधूरी तहसील बनाकर किसानों को परेशान किया जा रहा है। ग्रामीणों और किसान नेताओं ने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए बताया कि क्षेत्र में उचित जल निकासी न होने के कारण सैकड़ों एकड़ फसल पानी में डूबकर बर्बाद हो चुकी है। किसान लंबे समय से जल निकासी के स्थायी समाधान की मांग कर रहे हैं। कई गांवों में पीने के पानी की टंकियां या तो जर्जर अवस्था में हैं या अभी तक चालू ही नहीं हो सकी हैं। इससे ग्रामीणों के सामने पानी का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। प्राकृतिक आपदा और जलभराव से हुए फसल नुकसान के लिए किसान उचित आर्थिक मदद की मांग कर रहे हैं। जैसे ही किसानों के टंकी पर चढ़ने की सूचना मिली, स्थानीय पुलिस और तहसील प्रशासन के आला अधिकारी मौके पर पहुंच गए। हालांकि, स्थिति तब तनावपूर्ण हो गई जब किसानों ने नीचे उतरने से इनकार कर दिया। प्रदर्शनकारी किसान इस बात पर अड़े रहे कि जब तक डीएम खुद मौके पर आकर उन्हें लिखित आश्वासन नहीं देते, वे नीचे नहीं उतरेंगे। प्रदर्शनकारी किसानों का कहना था हम लंबे समय से अफसरों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन हमारी कोई सुनने वाला नहीं है। हमारी फसलें बर्बाद हो रही हैं और गांव प्यासे हैं। अब ठोस कार्रवाई के आश्वासन पर ही आंदोलन खत्म होगा। मौके पर मौजूद एसडीएम प्रजाक्ता त्रिपाठी ने किसानों से संवाद स्थापित करने का प्रयास किया। उन्होंने बताया कि किसानों से लगातार वार्ता की जा रही है। एसडीएम ने आश्वासन दिया है कि जल निकासी और पेयजल से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं और किसानों को हर संभव मदद मुहैया कराई जाएगी। इस दौरान गुडडन, बीना, मंजू, मिथलेश, अनीता, किरन देवी, गुडडी, शकीना, हरवीरी, उमा, लक्ष्मी सहित गोवर्धन, मलसराय, सकरवा के महिला-पुरूष मौजूद थे।

## पीड़ित ने सीबीसीडीआई के कांस्टेबल पर लगाया बेटी के अपहरण का आरोप

**फिरोजाबाद।** थाना शिकोहाबाद क्षेत्र के एक मोहल्ले के व्यक्ति ने अपने दामाद उसके चालक पर छोटी बेटी को बहला फुसलाकर कर अपहरण करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले में रहने वाले पीड़ित ने आरोप लगाया कि उसकी 22 वर्षीय बेटी एक निजी विश्वविद्यालय में डी फार्मा की शिक्षा ग्रहण कर रही है। उसकी अंतिम वर्ष है। वह 31 मार्च की सुबह 9 बजे विश्वविद्यालय जाने की कहकर निकली थी। आरोप है कि उसकी बेटी का पति राजकुमार पुत्र सुरेश बाबू निवासी यादव कालोनी स्कॉर्पियो चालक राहुल के साथ उसे बहला फुसला कर अपहरण कर लिया। राजकुमार दामाद है। वह उ प्र पुलिस में सीबीसीडीआई आगरा में कास्टेबल पद पर कार्यरत है। पीड़ित पिता ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर उसकी बरामदगी के लिए गुहार लगाई है। पुलिस ने पीड़ित के दामाद राजकुमार, उसके चालक राहुल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है।

## युवती को भगा ले गया युवक, प्राथमिकी दर्ज

**टूंडला।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 21 वर्षीय युवती 31 मार्च को घर से अचानक चली गई। युवती के परिजनों ने उसकी हर संभव तलाश की,किंतु युवती का कहीं सुराग नहीं लगा। परिजनों द्वारा जानकारी करने पर पता लगा कि युवती को मैनपुरी के थाना बरनाहल अंतर्गत गांव निवासी चंदीकरा निवासी अभिषेक अपने साथ ले गया है। युवती की शादी 21 अप्रैल को होनी है। युवती की मां ने आरोपी युवक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह का कहना है कि पीड़ि ?ता की तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। आरोपी युवक व युवती की तलाश की जा रही है।

# 72 शिकायतें मिलीं, 10 का मौके पर निस्तारण

- डीएम एसएसपी ने सुनी संपूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की शिकायतें



**फिरोजाबाद।** डीएम रमेश रंजन की अध्यक्षता एवं एसएसपी आदित्य लांग्हे तथा सीडीओ शत्रोहन वैश्य की उपस्थिति के साथ सभी जनपद स्तरीय अधिकारियों की मौजूदगी में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील शिकोहाबाद के सभागार कक्ष में किया गया, इस अवसर पर जिलाधिकारी ने जनता की शिकायतों को सुना और उनके त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को निर्देशित किया। इस दौरान राजस्व पुलिस, विद्युत नगर पालिका समाज कल्याण इत्यादि से संबंधित मामले आए, इसी तरह प्राथीर्नी अमरीन अली के परिजनों ने डॉ मिली अग्रवाल के विरुद्ध गलत उपचार और लापरवाही की शिकायत दर्ज कराई, जिसकी जांच डीएम ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी से करने हेतु निर्देशित किया, इसी तरह ग्रामआरौंज के निवासी उदयवीर सिंह और देवी दयाल ने पड़ोसी कास्तकारो द्वारा दबंगई की शिकायत की गई, डीएम ने एसडीएम व एसएसओ शिकोहाबाद को मौके पर जाकर निष्पक्ष निस्तारण करने के निर्देश दिए, इसी तरह समाज सेवी सद्दाम हुसैन वह अन्य ने मैनपुरी तिराहे पर लगातार हो रहें दुर्घटनाओं की चिंता जताते हुए, वहां स्पीड ब्रेकर लगवाने की मांग की, जिलाधिकारी ने पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को इस स्थल का निरीक्षण कर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने हेतु निर्देशित किया, इसी तरह मोहल्ला नगला किला निवासी प्रेमलता ने शिकायत की, की नियमित गृह कर देने के बावजूद भी उनके क्षेत्र में आरसीसी सड़क और नाली का निर्माण नहीं कराया जा रहा है, जिससे मोहल्ले में भारी जलभराव रहता है और बच्चों को स्कूल जाने में परेशानी होती है, जिलाधिकारी द्वारा इस पर अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देशित किया कि उनकी समस्या का त्वरित समाधान किया जाए, इसी तरह सहजलपुर निवासी विशाल और मुहाट निवासी मिथलेश ने बिजली विभाग द्वारा मनमाने तरीके से बिल भेजे जाने की शिकायत की, विशाल ने बताया की स्कीम के तहत बकाया राशि जमा करने के बावजूद भी उन्हें दोबारा भारी भरकम बिल भेज दिया गया है, जिससे वह मानसिक और आर्थिक रूप से परेशान है, जिलाधिकारी ने एक्सईएन विद्युत को संपूर्ण मामले की जांच करते हुए 7 दिन के भीतर जांच आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए, इस तरह कुल 72 मामले मौके पर आए जिनमें से 10 का निस्तारण मौके पर किया गया।

अंत में डीएमने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस का उद्देश्य नागरिकों की समस्याओं का समयबद्ध और पारदर्शी समाधान सुनिश्चित करना है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के विरुद्ध सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी, इस दौरान एसडीएम डॉ. गजेंद्र पाल तहसीलदार परियोजना निदेशक सुभाष चंद्र त्रिपाठी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष पांडे पिछला वर्ग कल्याण अधिकारी केएमसिंह आदि जिलस्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## 12 बहादुर महिलाओं को डीएम-एसएसपी ने किया सम्मानित

**मथुरा।** डीएम चंद्र प्रकाश सिंह एवं एसएसपी श्लोक कुमार ने शनिवार को तहसील मांट के सभागार में मिशन शक्ति 5.0 अभियान (द्वितीय चरण) के अंतर्गत बहादुरी का कार्य करने वाली 12 महिलाओं को सम्मानित किया। सम्मानित महिलाओं में थाना मांट क्षेत्र की खुशी, रवीना, प्राची व मोनिका शर्मा थाना सुरीर की विजय लक्ष्मी आशा रानी दिव्या कुमारी व रश्मि वथाना नौहझील की शीतल लक्ष्मी रावत दीप्ति व रूबी यादव शामिल रहीं। इस अवसर पर अधिकारियों ने बताया कि इन महिलाओं ने महिला सुरक्षा व सशक्तिकरण जागति ऑपरेश तहसील के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करते हुए समाज में जागरूकता फैलानेए अपराधों के प्रति सतर्कता बढ़ाने तथा आत्मरक्षा के प्रति महिलाओं को प्रेरित करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इनके साहसिक प्रयासों ने मिशन शक्ति अभियान को धरातल पर सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई है।

## तहसील टूंडला समाधान दिवस में, आयीं 47 शिकायतें 6 का मौके पर निस्तारण



**टूंडला।** तहसील परिसर में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 47 शिकायतें दर्ज की गईं। इनमें से 6 शिकायतों का मौके पर ही उपजिलाधिकारी द्वारा निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष शिकायतों को संबंधित विभागों को समयबद्ध समाधान के लिए प्रेषित किया गया। समाधान दिवस के दौरान राजस्व पुलिस विकास तथा अन्य विभागों से संबंधित प्रकरणों पर सुनवाई की गई। उपजिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों का गुणवत्ता एवं समयबद्ध तरीके से निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को राहत मिल सके। इस दौरान मंडलायुक्त आगरा मंडल तथा डीआईजी आगरा रेंज ने समाधान दिवस का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनता की समस्याओं को गंभीरता से लें और पारदर्शिता के साथ उनका समाधान करें। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों की उपस्थिति शिकायतों के निस्तारण की प्रक्रिया तथा अभिलेखों का भी गहनता से परीक्षण किया गया। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान किया जाना प्राथमिकता है। समाधान दिवस में तहसीलदार क्षेत्राधिकारी टूंडला,खंड विकास अधिकारी, अधिशाषी अधिकारी सहित तहसील ब्लॉक के सभी कर्मचारी मौजूद रहे।

## जब मिशन शक्ति बनी उम्मीद, युवती लौटी अपनों के बीच

**मथुरा।** थाना जैंत की मिशन शक्ति टीम ने अपनी सजगता और सेवा भावना से दिल्ली की एक युवती को सुरक्षित उसके परिजनों तक पहुँचाकर मिसाल पेश की है। परिजनों से नाराज होकर घर से निकली युवती शनिवार को प्रियाकांत जू मंदिर के पास बदहवास हालत में मिली थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, उप निरीक्षक काजल भारद्वाज और प्रिया शिवाच के नेतृत्व में मिशन शक्ति टीम महिलाओं को जागरूक करने के अभियान पर थी। इसी दौरान मंदिर के पास उन्हें एक युवती लावारिस घूमती मिली।



पूछताछ में युवती ने अपना पता दिल्ली के वसंतकुंज क्षेत्र का बताया। उसने बताया कि शनिवार की रात माता-पिता से झगड़ा होने के बाद वह नाराज होकर घर से निकल आई थी और तब से भूखी-प्यासी भटक रही थी । पुलिस टीम ने पहले युवती को प्रेमपूर्वक खाना खिलाया और उसे सांत्वना दी। इसके बाद टीम ने काफी मशक्कत की और फेसबुक के जरिए उसके भाई का नंबर खोजने में सफलता हासिल की। पुलिस की सूचना मिलते ही युवती के भाई-बहन और जीजा रविवार को जैंत थाने पहुँच गए। परिजनों ने बताया कि वे रात से ही उसकी खोजबीन कर रहे थे और काफी परेशान थे। अपनी बहन को सकुशल पाकर परिजनों की आंखों में खुशी के आंसू आ गए। उन्होंने उप निरीक्षक प्रिया शिवाच, काजल भारद्वाज और टीम की सदस्य गुड़िया, कंचन व कीर्ति का हृदय से आभार व्यक्त किया। पुलिस ने आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद युवती को परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

# तहसील मांट में डीएम-एसएसपी सुनीं 71 शिकायतें

- डीएम-एसएसपी ने स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ/प्रमाण-पत्र वितरण कार्यक्रम का देखा सजीव प्रसारण

**मथुरा।** डीएम चंद्र प्रकाश सिंह एवं एसएसपी श्लोक कुमार ने तहसील मांट में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर फरियादियों की शिकायतें सुनी। जिलाधिकारी ने प्राप्त प्रार्थना-पत्रों के नियमानुसार त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया।



मांट तहसील समाधान दिवस के मौके पर जिलाधिकारी ने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस का मुख्य उद्देश्य जनसमस्याओं का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान करना है। सम्पूर्ण समाधान दिवस में जनसामान्य की शिकायतों को एक-एक कर सुनते हुए जिलाधिकारी ने शिकायत से सम्बंधित विभागीय अधिकारी को मौके पर बुलाकर तत्काल निस्तारित करने अथवा भूमि विवाद/अन्य किसी विवाद की स्थिति में शिकायतकर्ता सहित सभी पक्षों की उपस्थिति में मौके का स्थलीय निरीक्षण कर निस्तारण के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक अपने कार्यालय में उपस्थित रहकर जन समस्याएं सुने। उक्त कार्य में लापरवाही नहीं होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस/ तहसील दिवस में कहा कि जनता की समस्या का समाधान करना हम सबके लिए सर्वोपरि है। कोई भी फरियादी तहसील दिवस या किसी भी कार्यालय से निराश होकर नहीं जाना चाहिए।

जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार, उप जिलाधिकारी मांट रितु सिरोही एवं क्षेत्राधिकारी मांट संदीप कुमार सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा वाराणसी में स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ एवं निपुण विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरण कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा।

उप जिलाधिकारी मांट रितु सिरोही ने अवगत कराया कि मांट तहसील में 71 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 01 शिकायत का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसीलदार गोवर्धन सुशील गुप्ता ने बताया कि गोवर्धन तहसील में 25 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 03 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया है। उप जिलाधिकारी महावन कंचन ने अवगत कराया है कि सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान तहसील महावन में 27 शिकायतें प्राप्त हुई तथा मौके पर 04 शिकायतों का निस्तारण किया गया। उप जिलाधिकारी छाता वैभव गुप्ता ने अवगत कराया कि छाता तहसील में 38 शिकायतें प्राप्त हुई। तहसीलदार सदर ने अवगत कराया है कि सदर तहसील में 46 शिकायतें प्राप्त हुई है, जिसमें से 01 शिकायत का मौके पर निस्तारण किया गया।

## बाजार से लौटकर अपने घर जा रही महिला से दबंगों ने की छेड़छाड़, मुकदमा दर्ज

**शिकोहाबाद।** अपने पति के साथ बाजार से गांव लौट रही महिला से दबंगों ने बाइक रोककर उसके साथ छेड़छाड़ की। जब पति ने विरोध किया तो आरोपियों ने उसके साथ अभद्रता करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के मैनपुरी रोड स्थित एक गांव की महिला 29 मार्च की शाम 6.30 बजे अपने पति के साथ मैनपुरी रोड पर एक कॉलेज में लगे मेले को देखकर बाइक से अपने घर लौट रही थी। इसी दौरान रास्ते में पीड़िता के घर के पास रहने वाले आरोपी अभिषेक पुत्र अशोक, उसके रिस्ते के साले रवि निवासी बूढ़ा भरथरा, दो व्यक्तियों के साथ उसके पति की बाइक को जबरन रोक लिया। अभिषेक, रवि ने पीड़िता को बाइक से उतारकर छेडछाड करने लगे। इस दौरान महिला के कपड़े फट गए। जब महिला के पति ने युवकों का विरोध किया तो आरोपियों ने पीड़िता के पति के साथ अभद्रता करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने आरोपियों से अपने परिवार के लोगों की जान का खतरा बताया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

संक्षेप

## भतीजे की हत्या के दोषी को आजीवन कारावास

बदाय। जिले की एक अदालत ने सात साल पुराने एक मामले में भतीजे की हत्या के दोषी एक व्यक्ति को शनिवार को उम्रकैद की सजा सुनाई। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश रिंकू कुमारी ने आरोपी शाहिद को हत्या का दोषी ठहराते हुए यह फैसला सुनाया। विशेष लोक अभियोजक संजीव कुमार गुप्ता के अनुसार, यह घटना पांच फरवरी 2019 की है, जब बिसौली क्षेत्र में मोहम्मद मियां को सूचना मिली कि उनके भतीजे फारूक की घर में सोते समय हत्या कर दी गई है। अभियोजन पक्ष के मुताबिक, फारूक पर छेनीनुमा औजार और लोहे के हथियार से बेरहमी से हमला किया गया, जिससे उसके सिर पर गंभीर चोटें आईं और उसकी मौत हो गई। जांच के दौरान पुलिस ने फारूक के एक अन्य चाचा आरोपी शाहिद की पहचान की। जांच में सामने आया कि घटना की रात दोनों के बीच पैसों को लेकर विवाद हुआ था। बताया गया कि शाहिद ने फारूक का मोबाइल फोन भी चुरा लिया था और पकड़े जाने के डर से उसकी हत्या कर दी। अदालत ने गवाहों के बयानों और खून से सने औजारों सहित भौतिक साक्ष्यों के आधार पर आरोपी को भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या) और 452 के तहत दोषी करार दिया।

## घरेलू विवाद में अधिवक्ता की हत्या

कुशीनगर। जिले के एक गांव में कथित तौर पर घरेलू विवाद में एक अधिवक्ता की लोहे की रॉड से सिर पर वार कर कथित रूप से हत्या कर दी गई। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, पडरौना कोतवाली क्षेत्र के सवेरा मल छपरा गांव निवासी प्रसिद्ध नारायण दीक्षित (53) का शुक्रवार देर रात करीब आठ बजे घर में ही किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर मारपीट शुरू हो गई तभी परिवार के ही एक सदस्य ने उनके सिर पर लोहे की रॉड से वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने उन्हें गोरखपुर के एक अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। दीक्षित, रविन्द्र नगर स्थित जिला एवं सत्र न्यायालय में अधिवक्ता थे और बार एसोसिएशन के पांच बार अध्यक्ष रहे थे। अधिवक्ता के छोटे बेटे ने अपने बड़े भाई और भाभी पर पिता की हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने बताया कि देर रात परिजन शव को लेकर जिला मेडिकल कॉलेज, कुशीनगर पहुंचे, जहां पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सुरक्षित रख लिया है। इस संबंध में पडरौना कोतवाली प्रभारी ओम प्रकाश तिवारी ने बताया कि अब तक कोई तहरीर नहीं दी गई है। पुलिस अपने स्तर पर मामले की जांच कर रही है।

## भारत-नेपाल सीमा पर एसएसबी की बड़ी कार्रवाई

बहराइच। जिले में भारत-नेपाल सीमा पर सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) ने दो अलग-अलग कार्रवाइयों में भारी मात्रा में कोल्ड ड्रिंक, एसी और साइकिल बरामद की हैं। 42वीं वाहिनी के उप सेनानायक दिलीप कुमार ने बताया कि दो अप्रैल की रात रुपईडीहा स्थित बीआईटी जांच चौकी पर नियमित जांच के दौरान नेपाल की ओर जा रहे एक पिकअप वाहन को रुकने का इशारा किया गया लेकिन चालक अवरोधक तोड़कर भागने का प्रयास करने लगा। उन्होंने बताया कि जवानों ने वाहन को करीब 50 मीटर आगे जाकर रोक लिया। जांच में वाहन से कोल्ड ड्रिंक के 175 कार्टन बरामद किए गए। प्रत्येक कार्टन में नौ बोतलें थीं, इस तरह कुल।,575 बोतल बरामद हुईं। कुमार ने बताया कि चालक सीमा शुल्क से संबंधित वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। एसएसबी ने वाहन सहित बरामद माल जब्त कर नानपारा स्थित सीमा शुल्क कार्यालय को सौंप दिया ।उन्होंने बताया कि उसी दिन सीमा स्तंभ संख्या 656 के पास एसएसबी की गश्ती टीम ने साइकिल के जरिए नेपाल ले जाए जा रहे दो एसी बरामद किए। कार्रवाई के दौरान एसएसबी ने एक तस्कर नानपारा निवासी मुन्नू को मौके से गिरफ्तार कर लिया, जबकि उसका एक साथी भाग गया। बरामद दोनों एसी और दो साइकिल सीमा शुल्क विभाग को सौंप दी गई हैं।

# आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों को जल्द निपटायें



जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को पूर्ण गुणवत्ता के साथ निस्तारित करने के उद्देश्य से जनपद की सभी सात तहसीलों में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। तहसील लहरपुर में जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को एक-एक करके सुना गया एवं जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को समयान्तर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश के साथ संबंधित अधिकारियों को अन्तरित किया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने सभी विभागाध्यक्षों और अधिकारियों को निर्देश दिये कि लाभार्थीपरक योजनाओं से संबंधित प्रकरणों का तेजी से निस्तारण किया जाये, जिससे पात्रों को समय से लाभान्वित किया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि आई0 जी0आर0एस0 पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित गति से निस्तारण हो। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता द्वारा जो शिकायत की गई हैं उसका निस्तारण संबंधित अधिकारी मौके पर पहुंचकर गुणवत्ता पूर्ण करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान उपजिलाधिकारी लहरपुर आकांक्षा गौतम, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 सुरेश कुमार, तहसीलदार लहरपुर सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। तहसील लहरपुर में सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर कुल 83 शिकायतों में से 11 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। इसी प्रकार से जनपद की अन्य तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में तहसील सदर में प्राप्त 47 प्रार्थना पत्रों में से 06, तहसील बिसवां में प्राप्त 35 प्रार्थना पत्रों में से 06, तहसील सिधौली में प्राप्त 44 प्रार्थना पत्रों में से 07, तहसील महमूदाबाद में प्राप्त 51 प्रार्थना पत्रों में से 06, तहसील महोली में प्राप्त 20 प्रार्थना पत्रों में से 02, तहसील मिश्रिख में प्राप्त 37 प्रार्थना-पत्रों में से 04 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष बची हुयी शिकायतों को पृष्ठांकित कर एक सप्ताह के अन्दर संबंधित अधिकारी को निस्तारित करने के निर्देश दिये गये।

## लाभार्थीपरक योजनाओं से संबंधित मामले शीघ्र करें हल



महोली/सीतापुर। जनता की शिकायतें एवं समस्याओं को गुणवत्ता के साथ निस्तारित करने के उद्देश्य से सोमवार को तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

तहसील महोली में विधायक शशांक त्रिवेदी व अपर जिलाधिकारी नीतेश कुमार सिंह ने आई हुई समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारी के पास निस्तारण हेतु भेजा। समाधान दिवस में कुल 30 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें चार का निस्तारण मौके पर किया गया। विधायक शशांक त्रिवेदी ने कहा कि मुख्यमंत्री जी के स्पष्ट आदेश हैं कि फरियादियों की समस्याओं का मौके पर जाकर समाधान करें। किसी भी फरियादी को जिला या लखनऊ की भाग दौड़ न लगानी पड़े। अपर जिलाधिकारी नीतेश कुमार सिंह ने कहा कि शिकायतों का निस्तारण एक सप्ताह के अंदर गुणवत्तापूर्ण करना सुनिश्चित करें। समस्याओं का निस्तारण न्याय संगत होना चाहिए। अपर जिला अधिकारी ने सभी विभागों को निर्देश दिया कि लाभार्थीपरक योजनाओं से संबंधित प्रकरण में तेजी से निस्तारण किया जाए जिससे अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति को शासन की योजनाओं का लाभ मिल सके। आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित गति से निस्तारण किया जाय वही शिकायत का निस्तारण करते समय फरियादी द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्र पर सहमत जरूर ली जाए। इस दौरान एसडीएम देवेंद्र कुमार मिश्रा, तहसीलदार अंकुर यादव, सीओ योगेंद्र कुमार चैबे, बीडीओ महोली प्रशांत कुमार पिसावां अमित यादव इंस्पेक्टर जे बी पांडेय, नायब तहसीलदार महेंद्र सिंह ,शिवप्रकाश सहित संबंधित विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# अवैध कक्षा संचालन का मिला सबूत तो जांच टीम से ही बहस करने लगे प्रधानाचार्य

दुद्धी, सोनभद्र ।प्रदेश सरकार के सख्ती के बाद भी दुद्धी कस्बे में अवैध स्कूलों की संचालन की शिकायतें मिल रही थी जिसे गंभीरता से लेते हुए शनिवार को जिलाधिकारी बीएन सिंह ने तीन सदस्यीय टीम गठित कर जाँच करवाई तो स्कूल की पोल खुल गई। यहां तक बताया कि स्कूल संचालक जाँच टीम से बहस भी करते हुए दिखे।

जाँच टीम नायब तहसीलदार ज्ञानेंद्र कुमार, जीआईसी प्रधानाचार्य अजय सिंह तथा खंड शिक्षा अधिकारी प्रेम शंकर राम शामिल रहे जिन्होंने जिलाधिकारी महोदय के आदेश पर कस्बे मल्देवा रोड स्थित सेंट जेवियर स्कूल में पहुंची, जहाँ टीम ने कार्यालय में जाकर संचालन से जरूरी दस्तावेज की जाँच पड़ताल की। इसके बाद टीम क्लास रूम की तरफ बढ़ी तो वहाँ कक्षा 9 लिखा हुआ देखकर संचालक को फटकार लगाने लगी कि जब स्कूल की मान्यता 8 तक हैं तो आखिर रूम में कक्षा 9 क्यों लिखा हुआ हैं, टीम के फटकार लगाने के बाद स्कूल संचालक बहस करते हुए भी नजर आए और वह जाँच टीम को भी गुमराह करते हुए नजर आए। जाँच टीम ने बताया कि स्कूल की दस्तावेज को देखी गई हैं जिसमें कुछ कमियाँ मिली हैं और मानक से अधिक कक्षा संचालन की भी जानकारी मिली हैं। खंड शिक्षा अधिकारी का कहना था कि पूरी रिपोर्ट जिलाधिकारी महोदय को सौंपी जाएगी।

## जांच टीम आने की भनक लगते ही 9 व 11 के छात्रों की कर दी छुट्टी

दुद्धी, सोनभद्र। दुद्धी कस्बे के मल्देवा रोड में संचालित एक निजी स्कूल के संचालक द्वारा आज शनिवार को जाँच टीम आने की भनक लगने के बाद समय से पहले ही छुट्टी कर दी गई ताकि समय पर छात्र /छात्राएं न मिले। हालांकि जाँच टीम को हाई स्कूल एवं इंटर के बच्चे भले न मिले हों लेकिन रूम के बाहर क्लास लिखें हुए और रूम में लगे बोर्ड और बेंच जरूर यह गवाही दे रहे थे कि यहां हाई स्कूल और इंटर के बच्चे पढ़ते हैं।

## बेघर परिवारों के लिए आवास की मांग संयुक्त किसान मोर्चा ने सौंपा ज्ञापन



सीतापुर। संयुक्त किसान मोर्चा के संयोजक के नेतृत्व में शनिवार को बेघर हुए परिवारों को आवास दिलाने की मांग को लेकर तहसील प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया। किसान नेता पिंदर सिंह सिद्धू ने बताया कि हरदोई चुंगी चैराहा सुंदरीकरण के चलते कई परिवार बेघर हो गए हैं, जिन्हें तत्काल आवास उपलब्ध कराना जरूरी है।

ज्ञापन में काशीराम कॉलोनी के खाली पड़े आवासों को पात्र परिवारों को आवंटित करने और वहां की स्थिति की जांच कराने की मांग उठाई गई। इस दौरान तहसीलदार ने ज्ञापन प्राप्त कर पीड़ित परिवारों से बातचीत की और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। तहसीलदार ने आश्वासन दिया कि काशीराम कॉलोनी में चिन्हित खाली आवासों का एक-दो दिन में आवंटन किया जाएगा। साथ ही कॉलोनी में अवैध कब्जों की शिकायतों की जांच कर उचित कार्रवाई करने की बात कही। संयुक्त किसान मोर्चा ने प्रशासन से मांग की है कि वास्तविक गरीब और जरूरतमंद परिवारों को प्राथमिकता के आधार पर आवास उपलब्ध कराए जाएं और अवैध कब्जों पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

# बिजली के खंभे से टकरायी मोटरसाइकिल, दो की मौत

बरेली। जिले के भमौरा थाना क्षेत्र में एक मोटरसाइकिल बिजली के खंभे से जा टकराई, जिससे उस पर सवार दो लोगों की मौत हो गई। आंवला के पुलिस क्षेत्राधिकारी नितिन कुमार ने बताया कि मृतकों की पहचान रोहित शर्मा (25) और उनके दोस्त अमित शर्मा (18) के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि दोनों दोस्त शुक्रवार देर रात मोटरसाइकिल पर सवार होकर देवचरा जाने के इरादे से निकले थे, तभी भमौरा थाना क्षेत्र के रम्पुरा गांव के पास मोटरसाइकिल अंडरपास के अंदर लगे खंभे से टकरा गई। दुर्घटना में दोनों युवकों को गंभीर चोटें आईं। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां बाद में दोनों की मौत हो गई। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## ललितपुर फार्मा पार्क को वैश्विक निर्यात केंद्र बनाने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

कानपुर। उत्तर प्रदेश को दवा निर्माण के क्षेत्र में अग्रणी बनाने की दिशा में उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) और जवाहरलाल नेहरू पोर्ट प्राधिकरण (जेएनपीए) के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

यह समझौता यूपीसीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विजय किरण आनंद और जेएनपीए के अध्यक्ष गौरव दयाल के बीच हुआ। इसका उद्देश्य उत्तर भारत के औद्योगिक क्षेत्रों को वैश्विक बाजारों से जोड़ना है। अधिकारियों के अनुसार, इस साझेदारी से प्रस्तावित ललितपुर फार्मा पार्क को अंतरराष्ट्रीय समुद्री व्यापार मार्गों से सीधे जोड़ा जाएगा, जिससे उसे एक वैश्विक निर्यात केंद्र के रूप में विकसित करने में मदद मिलेगी। विजय किरण आनंद ने कहा कि ललितपुर फार्मा पार्क मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उस योजना का अहम हिस्सा है, जिसके तहत उत्तर प्रदेश को स्वास्थ्य सेवा और दवा निर्माण के क्षेत्र में मजबूत बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस साझेदारी से निवेशकों को बेहतर परिवहन सुविधाएं मिलेंगी और समर्पित माल गलियारों के जरिए दवा उत्पाद तेजी से बाजार तक पहुंच सकेंगे। समझौते के तहत दादरी-खुर्जा रेल मार्ग को पश्चिमी और पूर्वी समर्पित माल गलियारों से जोड़ा जाएगा। इससे एक आधुनिक बहु-माध्यम परिवहन व्यवस्था बनेगी, जिसके जरिए ललितपुर में बने दवा उत्पादों को सुरक्षित और कम लागत में देश के प्रमुख कंटेनर बंदरगाह तक पहुंचाया जा सकेगा।

## आदिवासियों ने ओबरा तहसील के समक्ष किया प्रदर्शन



सोनभद्र। ओबरा तहसील क्षेत्र के आदिवासियों ने शनिवार को गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के प्रदेश युवा अध्यक्ष एडवोकेट संतोष कुमार गौतम के नेतृत्व में ओबरा तहसील भवन के समक्ष प्रदर्शन किया। आदिवासियों ने शिकायती पत्र देकर वन विभाग और पुलिस पर परेशान करने का आरोप लगाया है। ओबरा तहसीलदार अंजनी गुप्ता ने मामले को गम्भीरता से लेते हुए वन क्षेत्राधिकारी व कोन इंस्पेक्टर को आवश्यक कार्रवाई करने का आदेश दिया है।

तहसील के समक्ष प्रदर्शन करने वाले बडेरा, हर्रा, निगाई, सलैयाडीह के आदिवासियों ने आरोप लगाया है कि वे अपने बाप-दादा के जमाने से घर बनाकर आबाद हैं और जमीन पर खेती बारी करते चले आ रहे हैं। बावजूद इसके वन विभाग और कोन पुलिस द्वारा आए दिन हैरान व परेशान किया जा रहा है। घर भी ढहा दिया गया है और फसल भी काटने नहीं दिया जा रहा है। आदिवासियों ने जमीन पट्टा कर खतौनी में नाम दर्ज कराए जाने की मांग भी की है। मामले को गम्भीरता से लेते हुए तहसीलदार ओबरा ने वन क्षेत्राधिकारी व कोन इंस्पेक्टर से नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई का आदेश दिया है। प्रदर्शन करने वालों में नगेंदर, मुन्नी, राम दयाल, शिवकुमार, फुलदेवी, प्रभावती, उर्मिला, रामेश्वर, फुलबसिया, रमुनिया देवी, ललिता देवी आदि शामिल रही।

# परशुराम शोभा यात्रा की तैयारियों को लेकर बैठक



सीतापुर। शनिवार को निष्काम सेवा ट्रस्ट के कार्यालय में भगवान परशुराम शोभा यात्रा की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने शोभा यात्रा को ऐतिहासिक और भव्य बनाने के लिए विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की और कई अहम निर्णय लिए।

निर्णय लिया गया कि भगवान परशुराम की शोभा यात्रा 18 अप्रैल को निकाली जाएगी। इस अवसर पर सभी श्रद्धालु दोपहर 2 बजे परशुराम चौक पर एकत्रित होंगे, जहां से यात्रा का शुभारंभ किया जाएगा। शोभा यात्रा के सफल संचालन के लिए यतीन्द्र अवस्थी बबलू को सर्वसम्मति से कार्यक्रम का संयोजक नियुक्त किया गया। उन्हें पटका पहनाकर सम्मानित करते हुए ट्रस्ट पदाधिकारियों ने शुभकामनाएं दीं। इस वर्ष शोभा यात्रा को और आकर्षक बनाने के लिए फूलों की होली, विशेष झांकियां और भगवान परशुराम की भव्य झांकी शामिल की जाएगी। इसके अलावा बिसवां से शिवानन्द जी की टोली, डमरू दल और सांस्कृतिक दल भी यात्रा में शामिल होकर आकर्षण बढ़ाएंगे। शहर के प्रमुख चौराहों पर झंडे और बैनर लगाने का भी निर्णय लिया गया। यात्रा परशुराम चौक से प्रारंभ होकर आंख अस्पताल चौराहा, लालबाग चौराहा, गल्ला मंडी, कोतवाली चौराहा और मक्खन होटल होते हुए चर्च रोड सिविल लाइंस के रास्ते पुनः परशुराम चैक पर समाप्त होगी। बैठक में सभी सनातनी बंधुओं और संस्थाओं से अपील की गई कि वे अपने-अपने बैनरों के साथ शामिल होकर शोभा यात्रा को भव्य और दिव्य बनाने में सहयोग करें। बैठक में अमित बाजपेयी (अध्यक्ष, निष्काम सेवा ट्रस्ट), यतीन्द्र अवस्थी बबलू, पूर्व गन्ना चेयरमैन विकास चतुर्वेदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष हिन्दू शेर सेना श्रवण बाजपेयी, विश्ववीर गुप्ता, राहुल जायसवाल, आकाश मिश्रा, पारस धवन, कार्तिकेय शुक्ला, संजीव अग्रवाल, समीक्षा तिवारी, चन्दन कटियार और धनंजय शुक्ला सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत

शाहजहांपुर। जिले के तिलहर थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस क्षेत्राधिकारी तिलहर ज्योति यादव ने शनिवार को बताया कि मंसूरपुर गोटिया गांव निवासी विपिन कुमार मौर्य (28) अपने साथी रमेश (25) के साथ कपसेडा मेले में बच्चों के खिलौनों की दुकान लगाते थे। शुक्रवार रात दोनों मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे। इस दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग-24 पर नवीन गल्ला मंडी के पास पीछे से आ रही तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई।

## बारदाना न पहुंचने से ठप पड़ी गेहूं खरीद, किसान परेशान




धौरहरा खीरी। शासन के निर्देश के बावजूद धौरहरा क्षेत्र के गेहूं खरीद केंद्रों पर अब तक बारदाना नहीं पहुंच सका है, जिससे खरीद व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित है। हालात यह हैं कि अधिकांश केंद्रों पर सिर्फ बैनर टंगे हुए हैं, लेकिन न तो खरीद शुरू हो सकी है और न ही जरूरी संसाधन उपलब्ध हैं।

क्षेत्र के सिंगावर हसनापुर, खमरिया, धौरहरा, जंगल वाली, घुरघुट्टा, कलुआकोट सहित सभी क्रय केंद्रों पर बारदाना और खरीद से संबंधित मशीनों का अभाव बना हुआ है। केंद्रों पर व्यवस्थाएं न होने के कारण किसान अपनी उपज लेकर भटकने को मजबूर हैं। किसानों का कहना है कि गेहूं की कटाई तेजी से चल रही है, लेकिन खरीद केंद्रों की तैयारियां अधूरी होने से उन्हें फसल को घरों या खुले में रखने की मजबूरी है, जिससे नुकसान का खतरा बना हुआ है। कई किसानों ने आरोप लगाया कि हर साल की तरह इस बार भी खरीद व्यवस्था समय से शुरू नहीं हो सकी है। एसडीएम शशिकांत मणि ने बताया जल्द ही बारदाना और मशीनें उपलब्ध करा दी गई है। जहाँ नहीं पहुंची है,शांम तक मशीनें और बारदाना पहुंच जाएगा, खरीद में हीलाहवाली करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही होगी।

# शिक्षक एम एल सी लाल बिहारी यादव ने वित्त विहिन शिक्षकों के साथ की बैठक

सोनभद्र। विधान परिषद मे प्रतिपक्ष नेता शिक्षक एम एल सी लाल बिहारी यादव ने कहा कि वित्त विहिन शिक्षकों को सम्मान जनक मानदेय एवं तदर्थ शिक्षकों का विनियमिती करण और राजकीय तथा एडेड शिक्षकों के लिए पुरानी पेंशन के लिए संघर्ष करना पहली प्राथमिकता है। शिक्षक एम एल सी सर्किट हाउस मे शिक्षकों की बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा करीब अस्सी प्रतिशत माध्यमिक शिक्षा की जिम्मेदारी वित्त विहिन शिक्षकों के कन्धे पर है, फिर शिक्षक आज के व्यवस्था मे दुर्दशा का शिकार है। प्रतिपक्ष नेता ने कहा कि शिक्षकों की हर समस्या को मैने सदन मे मजबूती से उठाया है। आगे भी शिक्षकों के हर हक की हर लडाई अनवरत जारी रहेगी। उन्होंने जनपद के दर्जनों विद्यालयों का भ्रमण करते हुए शिक्षको से मुलाकात किया, ग्रामोदय विद्यालय बहुअरा, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण केन्द्र, सर्वोदय जय प्रकाश बालिका विद्यालय रावर्टसगंज, नवोदय विद्यलय जाकर शिक्षकों से मुलाकात किया, इसके बाद सर्किट हाउस मे शिक्षकों की बैठक करते हुए संगठन की मजबूती और विस्तार पर विस्तृत चर्चा किया, उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों मे शिक्षक एम एल सी का चुनाव होने जा रहा है जिसमे सभी शिक्षकों को कर्मठता से लगना होगा, इस अवसर पर प्रबोध सिंह, मंगलम गोपालम, सतीश कुमार सिंह, बीरेन्द्र बहादुर यादव, बी एन यादव, सुखपाल सिंह यादव, प्रवेश कुमार यादव, काशी प्रसाद मौर्या, श्याम कुमार , रमेश चन्द विश्वकर्मा, क्षत्रपाल सिंह, श्याम बाबू, राजेश कुमार पाल , हरिदास खत्री, संजय सिंह उपस्थित रहे ।

## अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन

लखीमपुर खीरी। विकास खण्ड बेहजम के ग्राम सोनौरा में स्व0 पं0 श्रीकृष्ण मिश्र स्मृति साहित्यिक एवं सांस्कृतिक मंच के तत्वावधान में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। डॉ.सत्य प्रकाश मिश्र के संयोजन तथा ग्रामप्रधान प्रेम प्रकाश वाजपेयी की अध्यक्षता में कवि सम्मेलन किया गया। कवि सम्मेलन के मुख्य अतिथि विश्व हिन्दू परिषद के प्रचार-प्रसार प्रमुख आचार्य संजय मिश्र तथा विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्त कर्नल डॉ0 सी पी मिश्र रहे। बाजपुर, उत्तराखंड से आये अंतर्राष्ट्रीय कवि विवेक बादल 'बाजपुरी' के संचालन में सम्पन्न इस कवि सम्मेलन में कासगंज के निर्मल सक्सेना, रुद्रपुर के अशोक अवस्थी, बरेली के पंकज प्रकाश, नैनीताल के डॉ0 सत्यप्रकाश मिश्र, पीलीभीत के नीलेश निराला, लखीमपुर के डॉ0 चन्द्र प्रकाश मिश्र, त्रिभुवन लाल त्रिवेदी आदि कवियों ने अपनी कविता सुनाई इस मोके पर अनुज शुक्ला भी मौजूद रहे।

## एसपी ने थाना दुद्धी का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

दुद्धी,सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा द्वारा थाना दुद्धी का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय, अभिलेखों की गुणवत्ता, मालखाना, हवालात, सीसीटीवी, थाना परिसर, भोजनालय, शस्त्रागार, बैरक, साफ-सफाई व्यवस्था सहित अन्य प्रशासनिक एवं सुरक्षा से संबंधित व्यवस्थाओं का गहन एवं सूक्ष्म अवलोकन किया गया। निरीक्षण के क्रम में पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा अभिलेखों के सुव्यवस्थित एवं अद्यतन रख-रखाव, थाना परिसर की स्वच्छता, अनुशासन, समयबद्ध कार्य निष्पादन तथा सकारात्मक कार्य संस्कृति को और अधिक सुदृढ़ करने हेतु संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान मिशन शक्ति केन्द्र की कार्यप्रणाली की विशेष रूप से समीक्षा करते हुए पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा महिला अपराधों से संबंधित मामलों में त्वरित, निष्पक्ष एवं संवेदनशील कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। महिला सहायता हेल्प डेस्क को और अधिक सक्रिय एवं प्रभावी बनाने, महिला एवं बालिका संबंधी शिकायतों पर प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही करने तथा पीड़ितों को त्वरित, सम्मानजनक एवं प्रभावी सहायता उपलब्ध कराने पर विशेष बल दिया गया ।साथ ही साइबर हेल्प डेस्क की समीक्षा करते हुए साइबर अपराधों, ऑनलाइन फ्रॉड एवं डिजिटल अपराधों से संबंधित शिकायतों पर त्वरित संज्ञान लेने, पीड़ितों को शीघ्र सहायता प्रदान करने तथा साइबर अपराधों की रोकथाम हेतु आमजन को जागरूक करने के निर्देश दिए गए। पुलिस-जन संवाद को सुदृढ़ करते हुए जनसामान्य में सुरक्षा का विश्वास और अधिक मजबूत करने पर भी जोर दिया गया। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा निर्देशित किया गया कि जनसामान्य की समस्याओं का त्वरित निस्तारण, पारदर्शी पुलिसिंग एवं संवेदनशील व्यवहार को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए।

## इग्नू में प्रवेश की अंतिम तिथि 10 तक बढ़ी, छात्रों को मिला मौका

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। सीजीएनपीजी कॉलेज में संचालित इग्नू अध्ययन केन्द्र-27131 में जनवरी सत्र 2026 के प्रवेश की अंतिम तिथि बढ़ाकर 10 अप्रैल कर दी गई है। इससे इच्छुक अभ्यर्थियों को प्रवेश के लिए अतिरिक्त समय मिल गया है। इग्नू क्षेत्रीय केंद्र, लखनऊ के वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक डॉ. अनिल कुमार मिश्रा ने बताया कि इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय में स्नातक, परास्नातक, डिप्लोमा और परास्नातक डिप्लोमा कार्यक्रमों में ऑनलाइन एवं ओडीएल माध्यम से प्रवेश लिए जा सकते हैं। साथ ही जून-2026 सत्रांत परीक्षा में शामिल होने के लिए परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि भी 10 अप्रैल निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि इग्नू दूरस्थ एवं डिजिटल माध्यम से उच्च शिक्षा प्रदान करने वाला अग्रणी केंद्रीय विश्वविद्यालय है, जहां विद्यार्थी अपनी सुविधा अनुसार पढ़ाई कर सकते हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत इंटरमीडिएट उत्तीर्ण छात्र-छात्राएं 4 वर्षीय स्नातक, 3 वर्षीय ऑनर्स और बहुविषयक स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश ले सकते हैं। अध्ययन केंद्र में बीए, बीकॉम, एमए (हिंदी, अंग्रेजी, समाजशास्त्र, राजनीति शास्त्र, इतिहास, ग्रामीण विकास) सहित विभिन्न रोजगारपरक सर्टिफिकेट और डिप्लोमा कोर्सों में प्रवेश जारी है। घरेलू महिलाएं, कामकाजी लोग और युवा अभ्यर्थी इन पाठ्यक्रमों के माध्यम से अपने करियर को आगे बढ़ा सकते हैं। प्रवेश के लिए अभ्यर्थियों को डीईबी आईडी बनाना अनिवार्य होगा। इसके अलावा शैक्षिक प्रमाणपत्र, श्रेणी प्रमाणपत्र, फोटो और हस्ताक्षर अपलोड करना होगा। विशेष बात यह है कि इंटर में कम अंक, प्राइवेट या गैप ईयर वाले छात्र भी इग्नू में प्रवेश ले सकते हैं। अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए बीए और बीकॉम में नामांकन मात्र 50 रुपये शुल्क में किया जा रहा है। साथ ही विश्वविद्यालय द्वारा अध्ययन सामग्री निःशुल्क उपलब्ध कराई जाती है। प्रवेश से संबंधित अधिक जानकारी के लिए समन्वयक डॉ. अरुण कुमार सिंह से संपर्क किया जा सकता है।

## सीएम योगी की पहल पर इजराइल से सकुशल लौटा अंबेडकर नगर का युवक

अंबेडकर नगर। इजराइल में फँसे अंबेडकर नगर के एक युवक की उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर सकुशल वापसी हुई है। इज़राइल के संघर्षग्रस्त नेटान्या शहर में फँसे अखिलेश कुमार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश व जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला की पहल पर जॉर्डन के रास्ते सकुशल वापस लाया गया है। अखिलेश कुमार इज़राइल में रोजगार के लिए गए थे, किन्तु वहां उनके नियोक्ता के असहयोग एवं युद्ध जैसी परिस्थितियों के कारण वह गंभीर मानसिक तनाव में आ गए और उनकी स्थिति इतनी बिगड़ गई कि वह स्वयं लौटने में असमर्थ हो गए। बयान के मुताबिक , इस दौरान उनकी पत्नी किरण देवी ने 25 मार्च 2026 को आयोजित जनता दर्शन में जिलाधिकारी अंबेडकर नगर अनुपम शुक्ला से मिलकर अपने पति की सुरक्षित वापसी की अपील की। जिलाधिकारी ने तत्काल इसकी जानकारी शासन को भेजी जिसके बाद मुख्यमंत्री ने उच्चाधिकारियों को अखिलेश की सकुशल वापसी के निर्देश दिए। तब 28 मार्च 2026 को इज़राइल स्थित भारतीय दूतावास को इस संबंध में औपचारिक पत्र प्रेषित किया गया। बयान के अनुसार, भारतीय विदेश मंत्रालय ने तेल अवीव में मौजूद भारतीय राजदूत, वाणिज्य दूतावास के अधिकारियों, जॉर्डन में भारत के राजदूत एवं जॉर्डन प्रशासन से निरंतर उच्चस्तरीय समन्वय स्थापित किया, जिसके परिणामस्वरूप पूरी प्रक्रिया को तीव्र गति से आगे बढ़ाया गया। इज़राइल के हवाई अड्डे बंद होने के कारण वैकल्पिक रणनीति के तहत एक अप्रैल को जॉर्डन के वीज़ा एवं अंतरराष्ट्रीय हवाई टिकट की व्यवस्था सुनिश्चित की गई तथा दो अप्रैल को अखिलेश कुमार को विशेष वाहन से सुरक्षित तरीके से तेल अवीव स्थित भारतीय दूतावास तक लाया गया, जहां से उन्हें स्थल मार्ग से सुरक्षित रूप से जॉर्डन सीमा तक पहुंचाया गया। बयान में कहा गया कि इसके बाद जॉर्डन स्थित भारतीय दूतावास एवं स्थानीय प्रशासन के सहयोग से उन्हें अम्मान (जॉर्डन की राजधानी) पहुंचाया गया। बयान के अनुसार, वहां से कुमार ने दो अप्रैल को रात्रि 20:40 बजे रॉयल जॉर्डनियन की उड़ान पकड़ी और तीन अप्रैल को सुबह चार बजकर 55 मिनट पर सकुशल मुंबई पहुंच गए। मुंबई हवाई अड्डे पर रॉयल जॉर्डनियन के प्रतिनिधि ऋषभ सिंह ने कुमार को पूरी सहायता उपलब्ध कराई और उन्हें एअर इंडिया कर्मियों के सुपुर्द कर दिया। इसके बाद वह एअर इंडिया की उड़ान से लखनऊ पहुंच गए।

संक्षेप

## घायलों के परिजन से मिले विधायक

अयोध्या। विकासखण्ड पूराबाजार के ग्राम रामपुर हलवारा में जमीनी विवाद को लेकर हुई पिटाई से घायल के परिजनों से मेडिकल कालेज दर्शननगर में विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने मुलाकात किया। सीओ अयोध्या आशुतोष तिवारी के साथ मौके पर पहुंचकर स्थानीय लोगो व परिजनों से घटना के बारे में जानकारी विधायक ने लिया। प्रकरण में घायल पक्ष को सुरक्षा देने के साथ न्यायोचित कार्रवाई करने का निर्देश उन्होंने सीओ को दिया। जिस पर सीओ ने मामले में अभियोग पंजीकृत होने के साथ कार्रवाई करने के बारे में विधायक को अवगत कराया। जमीनी विवाद को लेकर रामप्रकाश निषाद ने थाने पर दी गई तहरीर में आरोप लगाया था कि तीन अप्रैल को वह अपने पुत्रों के साथ मकान के सामने पिलर का निर्माण कर रहा था। इसी बीच अमरनाथ यादव अन्य लोगो के साथ आए व उसे निर्माण करने से मना करने लगे। रामप्रकाश का आरोप है कि जब उसने अपने घर के सामने पिलर का निर्माण होने की जानकारी दी तो अमरनाथ यादव ने अपने साथियों के साथ उसके पक्ष की लाठी-डण्डों से पिटाई शुरू कर दी। जिसमें सुनील राज निषाद, दीपक निषाद का सिर फट गया।

# डीएम की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस संपन्न



जिला संवाददाता

बाराबंकी। तहसील रामसनेहीघाट अन्तर्गत जन सभागार मे जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता मे सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान

- समाधान दिवस मे अनुपस्थित अधिकारी का वेतन बाधित व स्पष्टीकरण के निर्देश
- जनपद स्तर पर 57 शिकायतों का हुआ तत्काल निस्तारण

दिवस मे जिलाधिकारी ने आये फरियादियो की समस्याओ को गम्भीरता से सुन त्वरित निस्तारण किये जाने को लेकर सम्बधितो को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित रहने पर अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड का वेतन अग्रिम आदेशों तक रोकते हुए स्पष्टीकरण मागे जाने के निर्देश निर्गत किये। तथा भूमि विवाद, सरकारी रास्ते/चकमार्ग, राशन कार्ड, पेंशन, आवास एवं अन्य जनसामान्य से जुड़े मामलों को प्राथमिकता पर निस्तारित किये जाने को लेकर सम्बधितो को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

उन्होंने कहा कि सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त रखना प्रशासन की प्रमुख जिम्मेदारी है, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। जनपद के समस्त तहसीलो मे आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के अन्तर्गत विभिन्न संदर्भो से संबंधित कुल 454 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। मौके पर ही 57 शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय, उप जिलाधिकारी अनुराग सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 अवधेश यादव, क्षेत्राधिकारी पुलिस, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक सहित समस्त जिलास्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## 83 शिकायतें मिली, 7 निस्तारित

जिला संवाददाता

बहराइच। जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु प्रत्येक माह के प्रथम और तीसरे शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवसों की कड़ी में तहसील पयागपुर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव ने मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, उप जिलाधिकारी पयागपुर सहित अन्य अधिकारियों के साथ जनसमस्याओं की सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश दिए।

तहसील पयागपुर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त हुए 83 प्रार्थना-पत्रों में से 07 का निस्तारण मौके पर किया गया। इसी प्रकार तहसील नानपारा में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त 58 में 07, मिहींपुरवा (मोतीपुर) में 18 में 02, कैसरगंज में 72 में 08, महसी में 29 में 03 तथा तहसील सदर में प्राप्त 31 प्रार्थना-पत्रों में से 02 का निस्तारण मौके पर किया गया। पुलिस अधीक्षक श्री श्रीवास्तव ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि तहसील दिवस सहित अन्य स्तरों से प्राप्त होने वाले प्रार्थना-पत्रों का समयबद्धता के साथ गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराया जाय। उन्होंने कहा कि जनसमस्याओं का समयबद्ध, प्रभावी एवं पारदर्शी निस्तारण शासन की शीर्ष प्राथमिकता है इसलिए सभी अधिकारी पूरी संवेदनशीलता के साथ जनसमस्याओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित करें।

उन्होंने सभी अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि प्रत्येक कार्य दिवस में प्रातः 10:00 बजे से मध्यान्ह 12:00 बजे तक अनिवार्य रूप से कार्यालय में आने वाले फरियादियों की समस्याओं की सुनवाई करें। इस अवसर पर अन्य जिला स्तरीय अधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी व थानाध्यक्ष मौजूद रहे।

## मिशन शक्ति केंद्र महिला पुलिस कर्मियो ने याद करवाये विभिन्न हेल्पलाइन नम्बर



बाराबंकी। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति फेज 05 द्वितीय चरण के अन्तर्गत जनपद के समस्त थानों में संचालित मिशन शक्ति केन्द्र की महिला अधिकारी द्वारा महिला हिंसा से सम्बन्धित तथा अन्य शिकायतों के निवारण हेतु वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, सीएम हेल्पलाइन नंबर 1076, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, वन स्टाप सेन्टर 181, साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930, स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन नंबर 102, एम्बुलेन्स सेवा 108, जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने की हेल्प डेस्क, जिला संरक्षण अधिकारी, राष्ट्रीय व राज्य महिला आयोग, जनपद न्यायालय स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सम्बन्ध विस्तार से जानकारी देते हुये जागरुक किया।

## चोरी की मोटरसाइकिल बरामद, 2 गिरफ्तार



बहराइच। बहराइचसचिन पुत्र जगतराम निवासी बसौना पोस्ट दहौरा जनपद बहराइच द्वारा सूचना दी गयी कि उनकी मोटसाइकिल को सुमैय्या माल से किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिया गया है। उक्त के सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पर मु0अ0सं0 60/2026 धारा 303(2) बनाम अज्ञात चोर के पंजीकृत कर विवेचना उ0नि0 श्री रवि कुमार यादव को आवंटित किया गया। दिनांक 20.03.2026 को श्री महेश कुमार गुप्ता पुत्र मंशाराम गुप्ता नि0 हुजूरपुर थाना हुजूरपुर जिला बहराइच - द्वारा सूचना दी गयी कि उनकी मोटरसाइकिल को सिटी कार्ट के सामने से किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिया गया है। उक्त के सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पर मु0अ0सं0 61/2026 धारा 303(2) बनाम अज्ञात चोर के पंजीकृत कर विवेचना उ0नि0 श्री धीरेन्द्र प्रताप सिंह को आवंटित की गयी।

## थाना रामसनेहीघाट का निरीक्षण करने पहुंचे डीएम और एसपी



बाराबंकी। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने संयुक्त रुप से थाना रामसनेहीघाट का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने थाने के अभिलेखों, मालखाना, बंदी गृह और मेस की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। तथा साफ-सफाई और अनुशासन बनाए रखने हेतु सम्बन्धितो को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

- अभिलेखों, मालखाना, बंदी गृह और मेस की व्यवस्थाओं का किया अवलोकन

निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने लंबित विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण और क्षेत्र में रात्रि गश्त बढ़ाने को लेकर निर्देशित किया।

# सपा की मासिक बैठक संपन्न, नेताओं का सम्मान

जिला संवाददाता



फतेहपुर। आज प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर समाजवादी पार्टी कार्यालय में मासिक बैठक संपन्न हुई जिसमें मुख्यातिथि के रूप में जिला के *सांसद नरेश उत्तम पटेल रहे, बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप सिंह की तथा संचालन जिला महासचिव चौधरी मंजर यार ने किया बैठक में विशिष्ट अतिथि नवमनोनित प्रदेश सचिव जगनायक सिंह यादव के प्रथम आगमन पर भव्य स्वागत किया गया बैठक में रक्फ़ आर इछआ बनाए जाने के कार्यक्रम में जनपद को प्रथम स्थान व 403 विधान सभाओं में 242 हुसैन गंज को प्रथम स्थान प्राप्त होने पर सांसद ने सभी विधान सभा अध्यक्षों एवं जिला अध्यक्ष व जिला महासचिव के माला और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया, कहा जितना बड़ा सम्मान उतनी बड़ी जिम्मेदारी जनपद के सभी पदाधिकारियों नेताओं कार्यकर्ताओं को पूरी निष्ठा के आने वाले विधान सभा चुनाव में सभा 6 सीटें जिता कर सरकार बनवाने में अहम भूमिका निभाएंगे, नव मनोनीत प्रदेश सचिव जगनायक सिंह जी व जिला अध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप सिंह ने राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश अध्यक्ष का तहे दिल से शुक्रिया अदा किया बैठक में मुख्य रूप से विधायक चंद्र प्रकाश लोधी, विधायक ऊषा मौर्या, चेयरमैन एड राजकुमार मौर्या, कमलेश वर्मा, गणेश वर्मा, महेंद्र बहादुर सिंह बच्चा, पूर्व जिला अध्यक्ष वली उल्ला, समरजीत सिंह, दलजीत निषाद, वीरेंद्र यादव, विपिन यादव, शफीक उद्दीन, सुशील दोषी, मानसिंह यादव, मंजुल यादव, जिला पंचायत सदस्य अशोक यादव, रुक्कू यादव, अ सूरजपाल यादव, शकील अकबर, राजू कुर्मी, रीता प्रजापति, अरुणेश पांडे, बीना पटेल, सुशील दोषी, संगीता राज पासवान, नफीस बानो, आरती बघेल, कमलेश निषाद, राजेंद्र वर्मा, अनिरुद्ध यादव, देवेंद्र लोधी, मनोज यादव, एड सुधर लाल यादव, डॉ अफसर अली, गागीदीन बाजपेई, मोइन खान, डा राम नरेश पटेल, वसीम अंसारी, डी जी कुशवाहा, जंग बहादुर सिंह, सुहैल खान हेमू, अनिल यादव, हसीब अहमद, अकील अहमद, फैजान मुज्तबा, शिव सिंह यादव, वासुदेव पासी, इंजीनियर सिद्धार्थ कोरी, नरेश कोरी, आजम खान, रामबाबू यादव, रत्नेश रत्ना, सलमान अहमद, श्रीचंद्र विश्वकर्मा, जय करन विश्वकर्मा, जय करन यादव, केपी यादव, सुनिल कोरी, नसीम राईन, डॉ अमित पाल, एड जगनायक सचान, एड संदीप श्रीमाली, सुनिल उमराव, नंद किशोर पाल, अबू नसर, बाबू सिंह कुशवाहा, अय्यूब खान, महेंद्र निषाद, अजब सिंह, नागेंद्र यादव अंकित यादव, डा गिरजा शंकर विश्वकर्मा, प्रमोद यादव, वीरेंद्र मौर्य, मो, ताज, धर्मेंद्र सिंह, कलीम उदीन, वसीम अहमद, धीरेन्द्र जाटव, रिजवान खान, वीरेंद्र यादव, चंद्रशेखर बेदी, एड आसिफ मसूद, अनुराग यादव, दिनेश यादव, प्रेम पाल, राघवेंद्र पाल, महेंद्र यादव, जुल्फिकार अहमद, अभिषेक सिंघम, आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## महिला आरक्षी के आउट ऑफ टर्न प्रमोशन पर रैंक चिह्न लगा



बहराइच। पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव द्वारा महिला आरक्षी के मुख्य आरक्षी पद पर प्रोन्नत होने पर "महिला आरक्षी प्रीति गुप्ता" को रैंक चिह्न लगाकर बधाई दी गयी एवं उज्जवल भविष्य की कामना की गयी। उल्लेखनीय है कि गत दिनांक 07.03.2025 से 11.03.2025 तक हरियाणा पुलिस द्वारा मधुबन करनाल में आयोजित 73 वें अखिल भारतीय पुलिस वालीबाल क्लस्टर (सेपक टकरा) महिला/पुरुष 2024-2025 के महिला आरक्षी को कास्य पदक मिला था, महिला आरक्षी द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस की टीम से प्रतिभाग किया गया था। राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर शासन की ओर से आउट ऑफटर्न प्रमोशन दिया गया है। जिसके क्रम में उक्त महिला आरक्षी को रैंक चिह्न लगाकर उज्जवल भविष्य की कामना की गयी।

## तहसील दिवस में डीएम-एसएसपी ने सुनी शिकायतें



अयोध्या। जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ गौरव ग्रोवर ने तहसील बीकापुर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर लोगों की समस्याएं सुनीं। समाधान दिवस में सर्वाधिक शिकायतें भूमि विवाद से संबंधित प्राप्त हुई। शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित लेखपाल एवं कानूनगो को निर्देशित किया कि निष्पक्ष जांच कर प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम बनाकर मामलों की जांच कराई जाए तथा अराजक तत्वों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए। इसके अतिरिक्त पेंशन, स्वास्थ्य, विद्युत, पेयजल, सड़क एवं सुरक्षा से संबंधित शिकायतें भी प्राप्त हुईं। जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय ने निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण किया जाए तथा विवादित मामलों में अनिवार्य रूप से जांच कराई जाए। ग्राम कटौना के एक शिकायतकर्ता द्वारा तहसीलदार एवं लेखपाल पर धारा 67 के अंतर्गत अलग-अलग रिपोर्ट लगाने की शिकायत प्रस्तुत की गई, जिस पर जिलाधिकारी महोदय ने मामले की जांच कराते हुए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी श्रेया, तहसीलदार एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रसव के दौरान जच्चा-बच्चा की मौत मामले को लेकर बढ़ा आक्रोश

जिला संवाददाता



अयोध्या। शहर के मां परमेश्वरी देवी मेमोरियल हॉस्पिटल में प्रसव के दौरान जच्चा-बच्चा की मौत का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। घटना को लेकर जहां परिजनों में आक्रोश है। वहीं समाजवादी पार्टी के नेता तेजनारायण पाण्डेय ने शनिवार को प्रेस वार्ता कर सरकार और स्वास्थ्य विभाग पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि परिजनों को न्याय दिलाने के लिए सपा धरना प्रदर्शन करेगी। बताते चलें कि 31 मार्च को महिला अस्पताल के सामने बल्लाहाता स्थित मां परमेश्वरी देवी मेमोरियल हॉस्पिटल में प्रसव के बाद सोनी व उसके नवजात की मौत हो गई थी। निजी अस्पताल पर लापरवाही बरतने के साथ प्रसूता को महिला अस्पताल से दलालों के माध्यम से निजी हास्पिटल भेजने का आरोप परिजनों ने लगाया था। मामले में अस्पताल के संचालकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के साथ महिला अस्पताल से निजी भेजने वाले कर्मचारी को बर्खास्त करने की मांग सपा ने किया है। शाने अवध होटल के सभागार में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान पूर्व मंत्री व सपा नेता तेजनारायन पाण्डेय ने कहा कि 31 मार्च को महताबबाग निवासी सुरेश यादव अपनी पत्नी सोनी यादव को प्रसव के लिए महिला अस्पताल लेकर गए थे। यहां उनसे अस्पताल में डाक्टर व नर्स न होने के कारण दूसरी जगह प्रसव कराने के लिए कहा गया था। जहां उनकी सेटिंग रहती है, महिला के अस्पताल के सामने डा. अंजली श्रीवास्तव के यहां भेज देते है। डा. अंजली जच्चा व बच्चा दोनो स्वस्थ बताते हुए रात तक प्रसव कराने का दावा करती है। रात में डाक्टर की गैरमौजूदगी में उनके स्टाफ के लोग प्रसव कराते है। बच्चे को मार डालने के साथ मां को भी मार डाला। एक तरह से नर्सिंग होम में डाक्टर व स्टाफ ने मिलकर मां और बच्चे की हत्या की है। हमारी मांग है, डाक्टर व स्टाफ पर हत्या का मुकदमा दर्ज करके गिरफ्तारी करके जेल भेजा जाय। होम्योपैथ का डाक्टर फर्जी नर्सिंग होम खोलकर जान ले रहा है।

इस तरह के नर्सिंग हो चलाए जा रहे है। जो दोषी हो, उनके ऊपर कड़ी से कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। उन्हें जेल भेजा जाना चाहिए। महिला चिकित्सालय के जिस स्टाफ ने परिजन व महिला को देखा नहीं, उसको नौकरी से बर्खास्त किया जाय। स्वास्थ्य मंत्री का पूरा संरक्षण है। इससे होने वाली कमाई में सभी पाटनर है। अगर पाटनर नहीं है तो ऐसे नर्सिम होम बंद कराए जाय।

जो अवैध है। ऐसे लोगो को जेल भेजा जाय। दो दिन इंतजार करेंगे। इसके बाद जिलाधिकारी से मिलेंगे। फिर परिवार के साथ धरना प्रदर्शन करेंगे। अगर सीएमओ ने डाक्टर व स्टाफ को बचाने के लिए लिखापढ़ी किया तो मान लीजिएगा कि सीएमओ ने भी दलाली की है।

स्वास्थ्य व्यवस्था आजादी के बाद इतनी खराब कभी नहीं थी। मेडिकल कालेज में डाक्टरों में आपस में मार होती है। स्वास्थ्य विभाग अंतिम पायदान पर सांसे ले रहा है। कब उसकी जान निकल जाय, पता नहीं है। इस मौके पर निवर्तमान महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव, महासचिव हामीद जाफर मीसम उपाध्यक्ष चैधरी श्रीचंद जायसवाल, अनस खान आदि लोग मौजूद रहे।

## जाली नोट बरामद, चार गिरफ्तार



बहराइच। जिले के खैरीघाट थाना क्षेत्र में मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने जाली नोट छापने वाले गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से नकली नोट व प्रिंटर्स बरामद हुए हैं। खैरीघाट थाना प्रभारी अजीत राय को शनिवार को मुखबिर से सूचना मिली कि नकली नोट का कारोबार करने वाले गिरोह के कुछ सदस्य इलाके के लोधन पुरवा के पास मौजूद हैं। सूचना के बाद वरिष्ठ उप निरीक्षक हरिद्वार तिवारी, कांस्टेबल जगदीश कुमार, मित्रपाल सिंह, नियाज अहमद, गौरव कुमार ने घेराबंदी करते हुए चार लोगों को हिरासत में ले लिया इनके पास से 11 हजार पांच सौ रुपए के जाली नोट व प्रिंटर्स बरामद हुआ है। थाना प्रभारी ने बताया कि पकड़े गए लोगों की पहचान सलीम उर्फ सूरज, गुरुचरण सिंह निवासी जनपद लखीमपुर हरिराम व अर्जुन निवासी थाना मोतीपुर जनपद बहराइच के रूप में हुई है। इन सभी के खिलाफ मुकदमा दर्जकर पुलिस अभिरक्षा में न्यायालय में पेश किया गया, जहां से सभी को जेल भेज दिया गया है।

## नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत ने बैंक प्रतिनिधियों के साथ की बैठक



बहराइच। जनपद में आगामी 09 मई 2026 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन तथा अधिकारियों एवं आमजन को लाभान्वित कराये जाने के उद्देश्य से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बहराइच के अध्यक्ष/जनपद न्यायाधीश के निदेशानुसार सिविल कोर्ट बहराइच के सभागार में विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट)/नोडल अधिकारी, लोक अदालत अरविंद कुमार गौतम की अध्यक्षता तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव सुश्री प्रिया कुमारी राय की उपस्थिति में बैंकों के शाखा प्रबन्धकों के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

नोडल अधिकारी श्री गौतम द्वारा शाखा प्रबन्धकों को निर्देशित किया गया कि अधिकाधिक संख्या में बैंक वसूली मामलों को चिन्हित कर उनका निस्तारण आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में किया जाये। बैंक प्रबन्धकों से अपेक्षा की गई कि इस बात का प्रयास करें कि पिछले राष्ट्रीय लोक अदालत से अधिक संख्या में बैंक वसूली से सम्बन्धित मामलों का निस्तारण आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में हो। श्री गौतम ने बैंकर्स को निर्देशित किया कि बैंक वसूली मामलों में से कम से कम दो बार नोटिस जारी की जायें। सचिव सुश्री राय को निर्देशित किया गया कि बैंक द्वारा जारी नोटिसों का शत-प्रतिशत तामीला कराया जाये ताकि 09 मई 2026 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिकाधिक संख्या में बैंक वसूली मामलों का निस्तारण कराया जा सके। बैठक के दौरान मौजूद बैंक प्रबन्धकों से लोक अदालत की सफलता के सम्बन्ध में सुझाव भी प्राप्त किये गये।

# बार सभागार में निःशुल्क दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन



बाराबंकी। जिला बार एसोसिएशन संस्थापक स्वः पंडित कन्हैयालाल शुक्ला की पावन स्मृति पर बार सभागार में दासगणु वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा संचालित द्वारिका माई डेन्टल हास्पिटल के चिकित्सको द्वारा निःशुल्क दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन बार अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार वर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रितेश मिश्रा, महामंत्री रामराज यादव ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्जवलित कर किया। इसके उपरान्त चिकित्सको डा0 ऋषिकान्त शुक्ला, डा0 आनन्द कुमार, डा0 नेहा, स्टाफ नर्स शिखा वर्मा, राधा वर्मा, वन्दना मौर्या की टीम ने 91 अधिवक्ताओ के दांतो का परीक्षण कर मसूड़ों की जांच की। तथा सही ब्रश करने की तकनीक और दंत रोगों की रोकथाम के बारे में जागरुक किया। इस दौरान मरीजों में निःशुल्क दवाये भी वितरण की गईं। शिविर आयोजक वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेश चन्द्र गौतम व धर्मजागरण बाराबंकी धाम संयोजक अधिवक्ता अमित अवस्थी ने बताया कि बार संस्थापक कन्हैयालाल के प्रपौत्र व अधिवक्ता राकेशकान्त शुक्ला के पुत्र डा0 ऋषिकान्त शुक्ला की टीम द्वारा अधिवक्ताओ का दंत परीक्षण कर कैविटी, मसूड़ों की बीमारियों और मुंह के संक्रमण के बारे में शिक्षित कर ब्रश करने की सही तकनीक, खान-पान की आदतों और नियमित दंत जांच के महत्व के बारे में व्यक्तिगत सलाह दी गई। तथा 91 अधिवक्ताओ मे निःशुल्क दवा, मंजन का वितरण किया गया। इस अवसर पर पवन मिश्रा, शिवशंकर रावत, अमित कुमार आदि मौजूद रहे।

- 91 अधिवक्ताओं में निःशुल्क दवा, मंजन, माउथ फ्रेशनर का वितरण
- कैविटी, मसूड़ों, ब्रश करने की सही तकनीक, खान-पान को लेकर किया शिक्षित

# वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन

अयोध्या। का.सु. साकेत महाविद्यालय में क्रीड़ा परिषद् के तत्वावधान में आयोजित वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन समारोह उत्साह और उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। समारोह की अध्यक्षता प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष आलोक बंसल ने की। मुख्य अतिथि के रूप में एस.पी. सिटी अ चक्रपाणि त्रिपाठी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में क्षेत्राधिकारी अयोध्या आशुतोष त्रिपाठी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि चक्रपाणि त्रिपाठी ने अपने संबोधन में छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि अनुशासन और निरन्तर अभ्यास से व्यक्ति अपनी शारीरिक क्षमता को बढ़ाकर भविष्य की चुनौतियों के लिए स्वयं को तैयार कर सकता है। उन्होंने कहा कि क्रीड़ा केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि यह जीवन में संघर्षों का सामना करने और हार को स्वीकार करने की शक्ति भी प्रदान करता है।



प्रबन्ध समिति के मंत्री आनन्द सिंघल ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए प्रतिभागी छात्रों के उत्साहवर्धन किया तथा कहा कि किसी भी क्षेत्र में सफलता के लिए अनुशासन अत्यन्त आवश्यक है। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर दानपति तिवारी ने सभी अतिथियों, प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं के प्रति आभार व्यक्त किया। प्रतियोगिता के अन्तर्गत विभिन्न स्पर्धाओं के परिणाम इस प्रकार रहे- 800 मीटर दौड़ (छात्र) में शिवेन्द्र वर्मा प्रथम, सनन्दन प्रजापति द्वितीय एवं आलोक गौतम तृतीय रहे। जैवलिन थ्रो (छात्रा) में शिखा यादव प्रथम, अनामिका द्वितीय तथा श्रेया तृतीय रहीं। साइकिल रेस (छात्रा) में आरती प्रथम, निर्जला द्वितीय एवं अनुपा यादव तृतीय रहीं। साइकिल रेस (कर्मचारी) में मालिक राम यादव प्रथम, रवीन्द्र कुमार पाण्डेय द्वितीय तथा उदय राज तृतीय रहे। म्यूजिकल चेयर्स (तृतीय श्रेणी) में स्तुति अग्रवाल प्रथम, पंकज कुमार पाठक द्वितीय एवं संदीप कनौजिया तृतीय रहे। म्यूजिकल चेयर्स (प्राध्यापिका) में डॉ. छाया सिंह प्रथम, डॉ. निधि मिश्रा द्वितीय एवं डॉ. नीतू तिवारी तृतीय रहीं। म्यूजिकल चेयर्स (प्राध्यापक) में डॉ. अखिलेश कुमार प्रथम, डॉ. सन्तोष सरोज द्वितीय एवं डॉ. अविनाश तिवारी तृतीय रहे। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका राजेंद्र प्रताप सिंह, संजय यादव, श्री संदीप वर्मा, आनंद दुबे, वीर प्रताप सिंह, धीरज यादव, आकाश सिंह एवं अंकुर सिंह ने निभाई। आयोजन में सहयोगी छात्रों के रूप में अमन गुप्ता, आदर्श श्रीवास्तव, रौनक, प्रियांजल, अखिलेश यादव, आयुष श्रीवास्तव, अमन तिवारी, रुद्र प्रताप गिरि, सुमित सिंत्रिपाठी और सचिव पूनम जोशी ने सभी अतिथियों, प्राध्यापकों, प्राध्यापिकाओं, कर्मचारियों, खिलाड़ियों और छात्र-छात्राओं का अभिवादन करते हुए आभार व्यक्त किया।

# एआई ने खोले विकास के द्वार : उपराष्ट्रपति

एजेंसी

मोतिहारी। उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने शनिवार को कहा कि संघर्ष, विभाजन और असहिष्णुता से भरे इस युग में महात्मा गांधी का अहिंसा का सिद्धांत मानवता के लिए एक सशक्त मार्ग प्रशस्त करता है।

पूर्वी चंपारण जिले में महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के तीसरे दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए राधाकृष्णन ने जोर दिया कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और डेटा साइंस जैसे क्षेत्र विकास और नवाचार के नए द्वार खोल रहे हैं। उन्होंने युवाओं से इन प्रगति को जिज्ञासा और जिम्मेदारी के साथ अपनाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा हम सभी जानते हैं कि गौतम बुद्ध को बिहार में ज्ञान प्राप्त हुआ था और गांधी जी को चंपारण की इसी भूमि में अपनी सच्ची कर्मभूमि मिली थी। राधाकृष्णन ने कहा कि चाहे बौद्ध धर्म हो, जैन धर्म हो या समाजवादी क्रांति का विचार, सब कुछ ने यहीं आकार लिया। उन्होंने कहा बिहार ने लोक नायक जयप्रकाश नारायण जैसे दूरदर्शी व्यक्तित्व को जन्म दिया जिन्होंने भारत की नैतिक



और राजनीतिक चेतना को आकार दिया। मैं स्वयं, 18 या 19 वर्ष की उम्र में, 1974 में कोयंबटूर के जिला महासचिव के रूप में जेपी आंदोलन से गहराई से जुड़ा था। उपराष्ट्रपति ने भारत की सामाजिक-राजनीतिक स्थिति को ऊपर उठाने में कर्पूरी ठाकुर, प्रथम राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद और परोपकारी महारानी जानकी कुंवर के योगदान को याद किया। स्नातक छात्रों को बधाई देते हुए उपराष्ट्रपति ने उनसे राष्ट्रवाद को अपनाने और एक स्वस्थ और सुदृढ़ समाज के निर्माण में अपनी भूमिका निभाने का आग्रह किया जो अनैतिक चीजों को कभी स्वीकार न करे। उन्होंने कहा आज जब आप अपनी उपाधियां प्राप्त कर रहे हैं, तो आपसे भारत की समृद्ध विरासत का पथप्रदर्शक बनने की अपेक्षा की जाती है। आप महात्मा गांधी के आदर्शों को आगे बढ़ाएं और एक मजबूत, समृद्ध और विकसित भारत की प्राप्ति में योगदान दें। उपराष्ट्रपति ने छात्रों को व्यक्तिगत विकास और समाज को सशक्त बनाने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डेटा विज्ञान जैसे क्षेत्र संभावनाओं को पुनर्परिभाषित कर रहे हैं और विकास तथा नवाचार के नए रास्ते खोल रहे हैं। मैं आपको जिज्ञासा और जिम्मेदारी के साथ इन प्रगति को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करता हूं। राधाकृष्णन ने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराए गए विशिष्ट अनुसंधान अवसर भारत की पारंपरिक बौद्धिक विरासत को पुनर्जीवित करने और बढ़ावा देने के प्रति इसकी प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

# एआईएनआरसी-भाजपा का गठबंधन थका हुआ : विजय

एजेंसी

पुडुचेरी। पुडुचेरी में सत्तारूढ़ और विपक्षी दोनों गुटों पर स्थानीय लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने में विफल रहने का आरोप लगाते हुए टीवीके प्रमुख विजय ने शनिवार को अपनी पार्टी को एक विश्वसनीय विकल्प के रूप में पेश किया और पूर्ण राज्य का दर्जा हासिल करने के लिए पूरा प्रयास करने तथा मुफ्त बिजली सहित कई कल्याणकारी उपायों का वादा किया।

टीवीके प्रमुख विजय ने पुडुचेरी में ऑलइंडिया एआईएनआरसी-भाजपा के गठबंधन को थका हुआ गठबंधन करार देते हुए कहा कि इस गठबंधन में कोई जान नहीं रह गई है। उन्होंने द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक)-कांग्रेस के गठबंधन को भ्रमित गठबंधन बताया। विजय ने कहा, तमिलनाडु में भी द्रमुक-कांग्रेस का गठबंधन भ्रमित है। पुडुचेरी में भी ऐसा ही है। एक और गठबंधन है, एनआर कांग्रेस (एएनआरसी) और भारतीय जनता



पार्टी (भाजपा) का गठबंधन। यह एक थका हुआ गठबंधन है। केंद्र शासित प्रदेश में नौ अप्रैल को होने वाले चुनाव के लिए अपनी पार्टी के उम्मीदवारों के पक्ष में वोट मांगते हुए उन्होंने कहा, मैंने ऐसे उम्मीदवारों का चयन किया है, जो जमीनी स्तर पर जनता के साथ खड़े हैं। मैंने उन्हें आपके हाथ में सौंप दिया है। हम अपनी जनता के साथ खड़े हैं। हमारे लोग आपके साथ खड़े हैं। तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) प्रमुख विजय के कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने से घंटों पहले ही पुडुचेरी का माहौल बेहद जोशीला था। हजारों समर्थक और प्रशंसक पुडुचेरी की मुख्य सड़कों पर जमा हो गए थे, पार्टी के झंडे लहरा रहे थे और थलपति के नारे लगा रहे थे।

## संक्षेप

### मध्य प्रदेश में इमारत ढही, छह लोग दबे

अनूपपुर। मध्यप्रदेश के अनूपपुर जिले के कोतमा कस्बे में शनिवार शाम एक पुराने लॉज की चार मंजिला इमारत ढह गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, इस हादसे में कम से कम छह लोगों के इमारत के मलबे में दबे होने की आशंका है। अधिकारियों ने बताया कि ढही इमारत की पहचान बस स्टैंड के पास स्थित अग्रवाल लॉज के रूप में हुई है।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि यह घटना शाम करीब साढ़े पांच बजे हुई और इमारत गिरने के दौरान विस्फोट जैसी तेज आवाज सुनाई दी, जिससे इलाके में धूल का गुबार छा गया। उन्होंने बताया कि घटना के समय बस स्टैंड पर यात्री मौजूद थे, वहीं पास के एक भूखंड पर निर्माण कार्य भी चल रहा था।

### यौन शोषण के आरोप में बुजुर्ग गिरफ्तार

नासिक (महाराष्ट्र)। महाराष्ट्र के नासिक में एक बुजुर्ग द्वारा दी गई वसूली की शिकायत की जांच में उस वक्त एक नया मोड़ आ गया जब उसे ब्लैकमेल करने वालों से बरामद फोन, पेनड्राइव और टैबलेट से शिकायतकर्ता के ही 121 अश्लील वीडियो मिले। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार इसके बाद पीड़िताओं में से एक के सामने आने के बाद बुजुर्ग को ही यौन शोषण के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने सतपुर इलाके में बुजुर्ग के कार्यालय से कथित तौर पर एक टैबलेट चुराने के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया था। आरोपियों ने बुजुर्ग व्यक्ति को उसकी निजी तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर लीक करने की धमकी देकर उससे 12 लाख रुपये की उगाही करने की कोशिश की थी। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने आरोपियों से चार मोबाइल फोन, दो पेन ड्राइव और एक मेमोरी कार्ड जब्त किया था और इन उपकरणों की जांच करने पर शिकायतकर्ता रवींद्र गणपत एरंडे की महिलाओं और दोस्तों के 121 अश्लील और आपत्तिजनक वीडियो क्लिप मिले।

### शुभेंदु अधिकारी के रोडशो में कानून-व्यवस्था ध्वस्त

कोलकाता। निर्वाचन आयोग (ईसी) ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता शुभेंदु अधिकारी के शनिवार को भवानीपुर सीट से नामांकन दाखिल करने के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने में विफल रहने पर कोलकाता पुलिस के चार अधिकारियों को निलंबित करने और उनके खिलाफ विभागीय कार्यवाही शुरू करने का निर्देश दिया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह दो अप्रैल को अधिकारी के नामांकन पत्र दाखिल करने के समय उनके साथ मौजूद थे। निवर्तमान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अधिकारी का दक्षिण कोलकाता की इस सीट पर मुकाबला मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से है। निर्वाचन आयोग ने पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव को भेजे एक पत्र में कहा कि पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्वाई का निर्देश राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार अग्रवाल की सिफारिश के आधार पर दिया गया है। इस पत्र में कोलकाता पुलिस के दक्षिण प्रभाग के उपायुक्त (डीसी-2) सिद्धार्थ दत्ता, अलीपुर पुलिस थाना प्रभारी अधिकारी प्रियंकर चक्रवर्ती, अतिरिक्त प्रभारी अधिकारी चंडी चरण बनर्जी और सार्जेंट सौरभ चटर्जी के खिलाफ कार्वाई करने का निर्देश दिया गया।

# मेरे खिलाफ सुनियोजित अभियान चलाया : राघव

एजेंसी

नयी दिल्ली। राज्यसभा सदस्य राघव चड्ढा ने शनिवार को आम आदमी पार्टी द्वारा लगाए गए आरोपों को खारिज किया और कहा कि उनके खिलाफ सुनियोजित अभियान चलाया गया है।

आरोपों को झूठा करार देते हुए चड्ढा ने कहा, मैंने हमेशा संसद में जनता से जुड़े मुद्दों को उठाया हैअ मैं वहां सरकार पर दबाव डालने के लिए हूं, हंगामा करने के लिए नहीं। चड्ढा ने एक वीडियो संदेश में इस आरोप को सरासर झूठ बताया कि उन्होंने विपक्षी दलों के साथ बहिर्गमन नहीं किया। उन्होंने अपने आलोचकों को चुनौती दी कि वे एक भी ऐसा उदाहरण पेश करें जहां उन्होंने (बहिर्गमन में) भाग नहीं लिया हो, और कहा कि संसदीय कार्यवाही कैमरों के माध्यम से रिकॉर्ड की जाती है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त से संबंधित प्रस्ताव पर हस्ताक्षर करने से इनकार करने के एक अन्य आरोप का खंडन करते हुए, चड्ढा ने कहा कि किसी भी पार्टी नेता ने औपचारिक या अनौपचारिक रूप से उनसे इस पर हस्ताक्षर करने के लिए नहीं कहा था।

# भारत का वैश्विक निर्यात होगा प्रभावित

## पश्चिम एशिया संघर्ष को लेकर बढ़ी चिंता : राजेश अग्रवाल

एजेंसी

हैदराबाद। केंद्रीय वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने शनिवार को कहा कि यदि पश्चिम एशिया में चल रहा संघर्ष जारी रहा, तो इसका असर भारत के अन्य देशों को होने वाले निर्यात पर भी पड़ेगा।

चिंतन शिविर-फार्मा निर्यात वृद्धि के अवसर पर आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में अग्रवाल ने कहा कि पश्चिम एशिया संकट के कारण पिछले महीने आयात और निर्यात दोनों पर निश्चित रूप से प्रभाव पड़ा, क्योंकि ऊर्जा भारतीय आयात बाजार का एक प्रमुख हिस्सा है। अधिकारी ने संवाददाताओं से कहा, पश्चिम एशिया भी एक महत्वपूर्ण बाजार है। हमारे निर्यात का लगभग 12-13 प्रतिशत हिस्सा इसी क्षेत्र में जाता है। इसलिए, इस पर सीधा असर पड़ेगा। अगर यह स्थिति लंबे समय तक बनी रहती है, तो संभवतः दुनिया के अन्य हिस्सों में होने वाले हमारे निर्यात भी प्रभावित होंगे क्योंकि कुछ मूल्य श्रृंखलाएं फिर से सामान्य स्थिति में आ जाएंगी। हम इस बात से अवगत हैं। एक सवाल का उत्तर देते हुए उन्होंने कहा कि इस संकट का वास्तविक प्रभाव आने वाले कुछ हफ्तों में स्पष्ट हो सकेगा। उन्होंने कहा कि सरकार कोशिश कर रही है कि आपूर्ति श्रृंखला पर कम से कम असर पड़े, हालांकि आयात और निर्यात दोनों में कुछ कमी आ सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि भले ही युद्ध समाप्त हो जाए, लेकिन इसका असर कुछ महीनों या वर्षों तक बना रह सकता है, यह इस बात पर निर्भर करेगा कि कौन-सी आपूर्ति श्रृंखला या ढांचा प्रभावित हुआ है। अग्रवाल के अनुसार, इन चुनौतियों से निपटने के लिए उद्योग को आत्मनिर्भर बनना होगा। उन्होंने बताया कि दवा क्षेत्र पर भी कुछ असर पड़ा है, खासकर जरूरी कच्चे माल और रसायनों की आपूर्ति पर। उन्होंने कहा कि सरकार एलपीजी की सीमित उपलब्धता को प्राथमिकता के आधार पर विभिन्न क्षेत्रों में बांटने के लिए काम कर रही है और जरूरत पड़ने पर अन्य स्रोतों से आयात भी किया जा रहा है।

# खाद्य स्टार्टअप को दे रहे बढ़ावा : जितेंद्र सिंह

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने शनिवार को मैसूर स्थित केंद्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थान (सीएफटीआरआई) में बिराक-बायोनेस्ट इन्क्यूबेशन सेंटर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि नवाचार और उपभोक्ता मांग के बीच बेहतर तालमेल होना आवश्यक है। एक बयान के अनुसार, इस नई सुविधा का उद्देश्य खाद्य स्टार्टअप को बढ़ावा देना, उन्नत अनुसंधान में सहायता करना और खाद्य जैव प्रसंस्करण तथा जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नियामक सुविधा का विस्तार करना है। इससे वैज्ञानिक विचारों को बाजार के लिए तैयार समाधानों में बदलने में मदद मिलेगी। सिंह ने कहा हालांकि उद्यम शुरू करना अब आसान हो गया है, लेकिन इसे बनाए रखने के लिए निरंतर मूल्यवर्धन, बाजार पहुंच और मजबूत उद्योग संपर्क की आवश्यकता होती है। मंत्री ने आगे कहा कि अनुसंधान संस्थानों और निजी क्षेत्र के बीच गहरे जुड़ाव की जरूरत है। साथ ही, नवाचार को उपभोक्ताओं की मांग के अनुरूप होना चाहिए, जिसमें खाने के लिए तैयार और सुविधाजनक खाद्य क्षेत्र शामिल हैं।

# स्थानीय लोगों को परेशान कर रही एनआईए : ममता

एजेंसी

मालदा (बंगाल)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को दावा किया कि मालदा जिले के मोथाबाड़ी में न्यायिक अधिकारियों के घेराव और हिंसा के असली आरोपी फरार हो गए जबकि राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) निर्दोष स्थानीय लोगों को पकड़कर परेशान कर रहा है।

मालदा के मानिकचक में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने लोगों से अपील की कि वे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद विचाराधीन मामलों की जांच कर रहे न्यायिक अधिकारियों के पास जाने के बजाय मतदाता सूची से गलत तरीके से हटाए गए नामों को दोबारा शामिल कराने के लिए न्यायाधिकरणों में




आवेदन करें। तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ने कहा कि इसके बजाय, मतदाता सूची से गलत तरीके से हटाए गए नामों को फिर से शामिल करने के लिए न्यायाधिकरणों के समक्ष आवेदन प्रस्तुत करें। उन्होंने इंडियन सेक्युलर फ्रंट (आईएसएफ) और ऑलइंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के संदर्भ में कहा, दो सांप्रदायिक दलों ने न्यायिक अधिकारियों का घेराव किया और भाग निकले। अब एनआईए स्थानीय युवाओं को परेशान कर रही है। जांच के नाम पर करीब 50 निर्दोष लोगों को उठा लिया गया है। जब बनर्जी ने सभा में मौजूद लोगों से पूछा कि किन-किन के नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैं, तो बड़ी संख्या में लोगों ने हाथ उठाए, जिसे देखकर उन्होंने आश्चर्य जताया। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने मंच पर मौजूद पार्टी के स्थानीय नेताओं से कहा, हमें राजनीतिक रैलियां और सभाएं करने की जरूरत नहीं है। मेरी प्राथमिकता इन लोगों की मदद करना है, ताकि वे न्यायाधिकरणों में आवेदन देकर अपने नाम फिर से जुड़वा सकें। बनर्जी ने मतदाता सूची में नाम हटाए जाने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को जिम्मेदार ठहराते हुए उन्हें मोटाभाई कहकर संबोधित किया और आरोप लगाया कि वह चुनाव से पहले तबादलों के नाम पर राज्य प्रशासन में अधिकारियों के बीच फूट डाल रहे हैं। उन्होंने कहा मैं अमित शाह को चुनौती देती हूं कि वह मालदा आकर यहां के लोगों से मिलें।

# भारत का दवा निर्यात 28 अरब डॉलर

एजेंसी

हैदराबाद। भारत का दवा निर्यात पिछले वित्त वर्ष के फरवरी तक सालाना आधार पर पांच प्रतिशत की वृद्धि के साथ 28 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक रहा।

भारतीय दवा निर्यात संवर्धन परिषद के महानिदेशक के राजा भानु ने कहा कि वर्तमान में लगभग 60 अरब डॉलर वाले इस क्षेत्र के 2030 तक बढ़कर 130 अरब अमेरिकी डॉलर होने का अनुमान है। उन्होंने चिंतन शिविरः औषधि निर्यात में वृद्धि के उद्घाटन सत्र में कहा वैश्विक चुनौतियों के बावजूद दवा निर्यात ने अपनी वृद्धि की गति बनाए रखी है। वित्त वर्ष 2025-26 की अप्रैल से फरवरी अवधि के दौरान निर्यात 28.29 अरब डॉलर रहा, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 5.6 प्रतिशत अधिक है। इस वृद्धि में तैयार दवाएं, जैविक उत्पाद, टीके और आयुष उत्पादों का प्रमुख योगदान रहा। भानु ने बताया कि वित्त वर्ष 2024-25 में दवा निर्यात 30.47 अरब डॉलर रहा, जो सालाना आधार पर 9.4 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है, जबकि उस समय वैश्विक कीमतों का दबाव और व्यापार में उतार-चढ़ाव बना हुआ था। भविष्य की योजना के बारे में




भानु ने कहा कि वर्ष 2030 तक 65 अरब डॉलर के निर्यात का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए नीतियों को प्राथमिकता देना, पारंपरिक बाजारों से आगे नए बाजारों में विस्तार करना, विदेशी निवेश बढ़ाना और नियमों की प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाना आवश्यक होगा। उन्होंने बताया कि दवा उत्पादन के मामले में भारत विश्व में तीसरे स्थान पर है और उसका निर्यात 200 से अधिक देशों तक पहुंचता है।

## पेज एक का शेष

### भारतीयों की

है, जिनसे पश्चिम एशियाई देशों के साथ भारत के संबंधों में तनाव पैदा होने का खतरा है और अनावश्यक दहशत फैलाई जा रही है। यह सब सिर्फ मुझ पर राजनीतिक हमले करने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने कहा उन्हें सिर्फ राजनीति और सत्ता की परवाह है। कांग्रेस को भारत की जनता की कोई परवाह नहीं है। कांग्रेस ने केरल की जनता के भरोसे को तोड़ दिया है। उन्हें जनता और देश से माफी मांगनी चाहिए। रैली में अपने भाषण में प्रधानमंत्री ने दावा किया कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष ने कांग्रेस और उसके सहयोगियों की मानसिकता को उजागर कर दिया है।

### आंधी-बारिश

वैज्ञानिकों का कहना है कि सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ और अरब सागर से आ रही नमी के कारण मौसम में यह बदलाव आया है। इन दोनों सिस्टम के मिलने से वातावरण में अस्थिरता बढ़ गई है, जिससे आंधी, बारिश और ओलावृष्टि की स्थिति बनी है। राजधानी लखनऊ और आसपास के इलाकों में शनिवार को मौसम सुहावना रहने की उम्मीद है। भीषण गर्मी और तेज धूप से परेशान लोगों को राहत मिलेगी। मौसम विभाग के अनुसार यहां गरज-चमक के साथ बारिश और ओलावृष्टि हो सकती है। इस दौरान 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का अनुमान है। मौसम विभाग ने लोगों से अपील की है कि खराब मौसम के दौरान सावधानी बरतें, अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलें और सुरक्षित स्थानों पर रहें। खासकर खुले इलाकों और पेड़ों के नीचे खड़े होने से बचने की सलाह दी गई है। उधर, जालौन की माधौगढ़ तहसील में तेज हवाओं के साथ जोरदार बारिश हुई। जमकर ओले भी गिरे। सड़क और खेतों में ओलों की चादर बिछ गई। खेतों में खड़ी गेहूं और सरसों की फसल बर्बाद हो गईं। लखनऊ में भी गरज-चमक के साथ तेज बारिश हुई। मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने 35 जिलों में बारिश और ओले गिरने का अलर्ट जारी किया है। 55 जिलों में गरज-चमक के साथ बिजली गिरने की आशंका है। कन्नौज में भी शनिवार शाम अचानक मौसम बदल गया। आसमान में काले बादल छा गए और गरज-चमक के साथ बूंदाबांदी शुरू हो गई। बादलों के कारण समय से पहले अंधेरा छा गया, जिससे सड़कों पर चल रहे वाहनों को लाइटें जलानी पड़ीं। दिनभर तेज धूप और गर्मी से लोग बेहाल रहे। सुबह से ही धूप तेज रही और दोपहर में तापमान बढ़कर अधिकतम 34 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जबकि न्यूनतम तापमान 28 डिग्री दर्ज किया गया। शाम को मौसम बदलने के साथ ही तापमान में 3 से 4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई। बूंदाबांदी के बाद मौसम सुहाना हो गया और शाम के समय तापमान घटकर न्यूनतम 22 डिग्री और अधिकतम 28 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### जिलाधिकारी

कंपनी फसल नुकसान का तत्काल संयुक्त सर्वे कराकर शासन को अवगत कराएं, जिससे किसानों को तत्काल मुआवजा दिलाया जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार हर प्रतिकूल परिस्थिति में प्रदेशवासियों के साथ निरंतर खड़ी है। निरंतर बारिश से भी किसानों की फसल प्रभावित हो रही है, इससे नुकसान होने वाली फसल का मुआवजा दिलाया जा रहा है। शनिवार को फिर हुई बारिश से भी फसल को जो नुकसान हुआ है, उसका भी जल्द से जल्द आकलन करा लिया जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों के हित में संवेदनशीलता के साथ कार्य करें और निरंतर सुनिश्चित करें कि अन्नदाता को कोई परेशानी न हो। मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि निरंतर फील्ड में रहें, वस्तुस्थिति का जायजा लें और प्रभावित क्षेत्रों में फसलों को हुए नुकसान का वास्तविक आकलन कराएं, जिससे किसानों को समय पर उचित सहायता मिल सके। मुख्यमंत्री ने प्रमुख सचिव (कृषि) व राहत आयुक्त से कहा कि फील्ड में कार्यरत अधिकारियों से सीधा संपर्क करें और समन्वय बनाएं। सभी सूचनाएं समय पर एकत्र कर शासन को उपलब्ध कराई जाए, जिससे राहत कार्य भी समय से हो सके। किसान भी अपनी नुकसान हुई फसल की जानकारी शासन/प्रशासन को उपलब्ध कराएं। जिन किसानों ने फसल का बीमा कराया है और उनके फसल की क्षति हुई है। फसल कटकर खलिहान में रखी हो और इसका नुकसान हुआ हो तो यह फसल 14 दिन तक बीमा से कवर्ड है। ऐसे किसान 72 घंटे के भीतर टोल फ्री 14447 नंबर पर समस्या दर्ज करा सकते हैं।

### सोनभद्र में

लंबाई 2000 मीटर होगी। आजमगढ़ एयरपोर्ट की तर्ज पर यहां छोटा टर्मिनल भवन, वीआईपी लाउंज, पार्किंग, सुरक्षा और चेक-इन काउंटर बनाए जाएंगे। लगेज के लिए विशेष कन्वेयर सिस्टम होगा। जो विमान से आगमन हॉल में यात्रियों तक चेक किए गए सामान को पहुंचाने के लिए लगाया जाएगा।

म्योरपुर एयरपोर्ट का जुड़ाव वाराणसी समेत आसपास के 10 जिलों से होगा। इसमें आजमगढ़, प्रयागराज, अयोध्या, कुशीनगर, गोरखपुर, लखनऊ जैसे जिले शामिल हैं। उड़ान योजना के तहत क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने के लिए इस एयरपोर्ट से क्षेत्रीय उड़ानें अधिक होंगी। इनके अलावा सोनभद्र व आसपास के क्षेत्र बड़ा औद्योगिक हब होने के कारण यहां से कुछ प्रमुख शहरों के लिए नॉन कनेक्टिंग विमान भी संचालित किए जाएंगे।

### पहले उपेक्षित

बेसिक शिक्षा विभाग के सभी डेटा (बच्चों की संख्या, कितने बच्चों ने कहां प्रवेश लिया आदि) अपलोड हो जाएंगे, उसके तीन-चार दिन के अंदर लखनऊ में समारोह कर डीबीटी के माध्यम से पैसा अभिभावकों के खाते में भेज दिया जाएगा। 15 से 30 अप्रैल के बीच बच्चों की यूनिफॉर्म, जूते-मोजे आदि के लिए अभिभावकों के साथ बैठक करनी चाहिए। यह प्रक्रिया सतत रूप से चलनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 में सरकार बनने के बाद 1 जुलाई को स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ किया गया था। उससे पहले जब मैं अलग-अलग जनपदों में गया तो बेसिक शिक्षा विभाग के जर्जर भवनों, बंदी के कगार पर पहुंचे विद्यालयों की स्थिति देखी। एक जनपद के विद्यालय के प्रधानाचार्य ने बताया कि बच्चों की संख्या लगातार कम हो रही है। सिर्फ 10 बच्चे रह गए, हो सकता है कि नए सत्र में वे बच्चे भी न आएं। मैंने पूछा कि ये बच्चे जा कहां रहे हैं, प्रधानाचार्य ने कहा कि बच्चों में पढ़ने की रूचि नहीं है। मैंने कहा कि उनकी पढ़ने में रूचि नहीं है या आपकी पढ़ाने में, दोनों में अंतर है। बच्चों की जिज्ञासा बढ़ाना हमारा काम है। 3 वर्ष बाद फिर उस विद्यालय में गया तो वहां 250 बच्चे मिले और उन्हीं प्रधानाचार्य का चयन राष्ट्रपति पुरस्कार के लिए हुआ था। सभी विद्यालय ऐसे उदाहरण प्रस्तुत कर सकते हैं।

### मेरठ : देसी

जांच शुरू की। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडेय ने बताया कि प्रारंभिक जांच में शराब के जहरीले या उपयोग की अवधि समाप्त होने की पुष्टि नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि संबंधित पाउच की पैकेजिंग तिथि 11 फरवरी 2026 पाई गई है और उसी खेप के अन्य पैक भी बेचे गए हैं, जिनसे किसी अन्य स्थान से ऐसी शिकायत नहीं मिली है। उन्होंने बताया कि मौत के कारणों का पता लगाने के लिए विसरा सुरक्षित रखा जा रहा है। मामले की जांच के लिए स्वास्थ्य, फॉरेंसिक, सर्विलांस और गोपनीय शाखा की चार टीम गठित की गई हैं। घटना के बाद परिजनों ने अस्पताल में हंगामा किया। पुलिस का कहना है कि जांच के आधार पर कार्वाई की जाएगी।

### सांस्कृतिक धरोहर

के व्यक्तित्व, सोच और मूल्यों को भी आकार देती हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार साहित्यकारों को प्रोत्साहन देने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित कर रही है, जिनमें उत्तराखंड साहित्य गौरव सम्मान और साहित्य भूषण प्रमुख हैं। साथ ही साहित्य ग्राम जैसी पहल के माध्यम से ऐसे रचनात्मक केंद्र विकसित किए जा रहे हैं, जहां लेखकों को शांत वातावरण में सृजन का अवसर मिल सके। उन्होंने कहा कि इससे राज्य में साहित्यिक पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में सांस्कृतिक विरासत को पुनर्जीवित करने के लिए व्यापक स्तर पर कार्य हो रहा है। एक भारत, श्रेष्ठ भारत के लक्ष्य को साकार करने में साहित्य की अहम भूमिका है। मुख्यमंत्री ने लोगों से अपील की कि वे विशेष अवसरों पर पुस्तकों और पौधों को उपहार स्वरूप देने की परंपरा को अपनाएं, ताकि समाज में ज्ञान के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के प्रति भी जागरूकता बढ़ सके। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री खजान दास, मेयर सौरभ थपलियाल, आचार्य बालकृष्ण, मिलिंद मराठी, युवराज मलिक सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### ईरान के

गईं और आसपास की इमारतों को नुकसान पहुंचा। रिपोर्ट्स के मुताबिक शुक्रवार को ईरान की एक मिसाइल तकनीकी खराबी के कारण तेहरान में गिर गई। इजराइल के पेटाह टिकवा शहर पर शुक्रवार को ईरानी बैलिस्टिक मिसाइल के हमले का वीडियो। ईरान ने शुक्रवार रात इजराइल और अमेरिकी ठिकानों को निशाना बनाकर मिसाइल अटैक किए। इजराइल ने ईरान के उत्तर-पश्चिमी शहर तबरीज में एक मोबाइल बैलिस्टिक मिसाइल लॉन्चर पर हमला किया है। इजराइली सेना के मुताबिक, इस लॉन्चर को ट्रक पर लगाया गया था और जिससे इजराइल पर हमले की तैयारी थी। हमला शहर के बीच सड़क पर हुआ, जहां जोरदार विस्फोट के बाद धुएं का गुबार उठता दिखा। हमले के दौरान पास से गुजर रही गाड़ियां भी इसकी चपेट में आ गईं और अफरा-तफरी मच गई।

### भारत ने वैश्विक

विकसित दुनिया में भी, वैश्वीकरण के पुराने मंत्रों की जगह अब आत्मनिर्भरता के प्रति एक नयी जागरूकता ने ले ली है। विदेश मंत्री ने कहा भारत में हमारे लिए, यह भावना आत्मनिर्भर भारत के रूप में व्यक्त होती है। इसका महत्व तब साफ नजर आता है जब बात भोजन, स्वास्थ्य या ऊर्जा सुरक्षा की हो, या फिर राष्ट्रीय सुरक्षा की। हमें यह कोशिश करनी चाहिए कि हम ज्यादा से ज्यादा क्षमताएं अपने नियंत्रण में सुरक्षित कर सकें। जयशंकर ने कहा, जाहिर है, कुछ क्षेत्र दूसरों के मुकाबले ज्यादा मुश्किल होंगे। ऐसे मामलों में, इसका हल भरोसेमंद या विश्वसनीय साझेदारियों तथा विविध स्रोतों से आपूर्ति में निहित है। लेकिन आखिरकार मजबूत राष्ट्रीय क्षमताओं का निर्माण करने की कोई अनदेखी नहीं कर सकता।

### लखनऊ : आतंकी

अंजाम देकर अपने हैंडलर्स को ट्रायल दिखाया था। इन घटनाओं के वीडियो भेजकर उन्हें भुगतान भी प्राप्त हुआ, जिससे उनका हौसला बढ़ा। मामले के खुलासे के बाद राज्य की सुरक्षा एजेंसियों को अलर्ट कर दिया गया है। संवेदनशील स्थानों पर निगरानी बढ़ा दी गई है, ताकि किसी भी संभावित खतरे को समय रहते रोका जा सके।

**बरामद सामान से मिल सकते हैं अहम सुराग :**

गिरफ्तार आरोपियों के पास से ज्वलनशील पदार्थ, 7 स्मार्टफोन और कई आपत्तिजनक पंपलेट बरामद हुए हैं। एटीएस इन डिजिटल डिवाइसों की फॉरेंसिक जांच कर रही है, जिससे चैट, ट्रांजैक्शन और विदेशी संपर्कों से जुड़े अहम सुराग मिलने की संभावना है। पूछताछ के दौरान सबसे बड़ा फोकस आरोपितों के पाकिस्तानी हैंडलर्स से जुड़े नेटवर्क को समझना होगा। यह भी पता लगाया जाएगा कि किन-किन माध्यमों से संपर्क किया जा रहा था और किन स्थानों को टारगेट बनाया गया था।




# दिल्ली ने मुंबई इंडियन्स को हराया

## मुंबई इंडियंस को छह विकेट पर 162 रन पर रोका, दिल्ली ने 18.1 ओवर में 164 रन बनाकर हासिल की जीत

एजेंसी

नयी दिल्ली। मुकेश कुमार और कप्तान अक्षर पटेल की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद समीर रिजवी (90) की इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी से दिल्ली कैपिटल्स ने शनिवार को यहां मुंबई इंडियंस को 11 गेंद शेष रहते छह विकेट से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। मुंबई इंडियंस को छह विकेट पर 162 रन पर रोकने के बाद दिल्ली ने 18.1 ओवर में चार विकेट पर 164 रन बनाकर हासिल कर लिया। पिछले मैच में लखनऊसुपरजाइंट्स के खिलाफ 47 गेंदों में नाबाद 70 रन की पारी खेलने वाले रिजवी जब क्रीज पर आए, तब दिल्ली का स्कोर दो विकेट पर सात रन था।

उन्होंने 51 गेंदों में सात चौकों और सात छक्कों की मदद से 90 रन की पारी खेलने के अलावा पाथुम निसांका (44) के साथ तीसरे विकेट के लिए 49 गेंदों में 66 रन और चौथे विकेट के लिए डेविड मिलर (नाबाद 21) के साथ 39 गेंदों में 78 रन की साझेदारी कर दिल्ली को जीत दिलाई। मुंबई के लिए दीपक चाहर, मिचेल सैंटनर और कोर्बिन बोश ने एक-एक विकेट लिए। नियमित कप्तान हार्दिक पंड्या के अस्वस्थ होने के कारण टीम का नेतृत्व कर रहे सूर्यकुमार ने 36 गेंदों में तीन चौकों और दो छक्कों की मदद से 51 रन बनाए। उन्होंने रोहित शर्मा (35) के साथ तीसरे विकेट के लिए 53 और नमन धीर (28) के साथ पांचवें विकेट के लिए 37 रन की अहम साझेदारी की। रोहित ने 26 गेंदों की पारी में पांच चौके और एक छक्का लगाया, तो वहीं नमन ने 21 गेंदों की पारी में दो चौके और एक छक्का जड़ा। दिल्ली के लिए मुकेश कुमार ने तीन ओवर में 26 रन देकर दो विकेट लिए। उन्हें अक्षर (22 रन पर एक विकेट), लुंगी एनगिडी (34 रन पर एक विकेट), विपराज निगम (24 रन पर एक विकेट) और टी. नटराजन (24 रन पर एक विकेट) का अच्छा साथ मिला। लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली की शुरुआत बेहद खराब रही। केएल राहुल (एक) पहले ओवर में ही दीपक चाहर की लेग स्टंप से बाहर जाती गेंद को ग्लांस करने की कोशिश में विकेटकीपर रिकेल्टन को कैच दे बैठे, तो वहीं अगले ओवर में नीतिश राणा खाता खोले बगैर जसप्रीत बुमराह के सीधे थ्रो पर रन आउट हो गए। चाहर इस बीच अपनी ही गेंद पर निसांका के करारे प्रहार को लपकने में नाकाम रहे और श्रीलंका के इस बल्लेबाज ने जीवनदान का जश्न अगले ओवर में सैंटनर के खिलाफ दो चौकों के साथ मनाया। वहीं, पिछले मैच में मैच जिताऊपारी खेलने वाले समीर रिजवी ने शार्दुल ठाकुर के खिलाफ लगातार गेंदों पर छक्का और चौका लगाकर दबाव कम करने की कोशिश की। दिल्ली ने पावरप्ले में दो विकेट पर 42 रन बनाए, जबकि आठवें ओवर की दूसरी गेंद पर टीम का अर्धशतक पूरा हुआ। बोश की गेंद पर नमन ने निसंका का मुश्किल कैच टपका दिया और रिजवी ने अगली गेंद पर शानदार छक्का जड़कर मुंबई के जख्मों पर नमक छिड़का।



उन्होंने अगले ओवर में सैंटनर का स्वागत चौके से किया, लेकिन न्यूजीलैंड के इस अनुभवी गेंदबाज ने अनुभव का इस्तेमाल करते हुए निसांका की पारी पर विराम लगा दिया। रिजवी ने बोश के खिलाफ लगातार दो चौके जड़े, जिनमें विकेटकीपर के ऊपर से लगाया गया उनका रैंप शॉट दिलकश था। उन्होंने ओवर की आखिरी दो गेंदों पर दो छक्के जड़कर मुंबई के गेंदबाजों द्वारा कायम दबाव को खत्म किया। दिल्ली ने पारी के इस 11वें ओवर से 20 रन बटोरे। रिजवी ने मार्कंडेय के खिलाफ कवर क्षेत्र के ऊपर से छक्का लगाकर 31 गेंदों में अपना अर्धशतक और दिल्ली के रनों का शतक पूरा किया। उन्होंने अगली गेंद पर कदमों का इस्तेमाल करते हुए मिडविकेट के ऊपर से गेंद को दर्शकों के पास भेज दिया। पिछले दो ओवर में 34 रन लुटाने के बाद सूर्यकुमार ने गेंद बुमराह को थमाई और इस अनुभवी गेंदबाज ने सिर्फ एक रन खर्च कर कप्तान के फैसले को सही साबित किया।

उन्हें हालांकि दूसरे छोर से अन्य गेंदबाजों का अच्छा साथ नहीं मिला। रिजवी ने आक्रामक तेवर जारी रखते हुए चाहर और ठाकुर के खिलाफ आसानी से छक्के-चौके जड़े, जिससे आखिरी पांच ओवर में टीम को जीत के लिए सिर्फ 25 रन की जरूरत रह गई। अब तक संभलकर खेल रहे मिलर ने बुमराह के खिलाफ दो चौके लगाकर टीम को जीत के करीब पहुंचा दिया। रिजवी 17वें ओवर में बोश की गेंद पर तिलक वर्मा द्वारा लपके गए। वह शतक से चूक गए, लेकिन टीम की जीत लगभग सुनिश्चित कर आउट हुए। पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर रिकेल्टन (नौ) ने मुकेश का स्वागत चौके से किया, जबकि दूसरे ओवर में रोहित के स्ट्राइक पर आते ही मैदान में रोहित-रोहित के नारे गूंजने लगे। भारतीय टीम के इस पूर्व कप्तान ने एनगिडी के खिलाफ शुरुआती तीन गेंदों में चौके लगाकर दर्शकों के जोश को बढ़ा दिया। मुकेश ने ओवर में दो विकेट झटककर दिल्ली को बड़ी सफलता दिलाई। उन्होंने शानदार लय में चल रहे रिकेल्टन को पवेलियन भेजने के बाद अपनी ही गेंद पर तिलक वर्मा (शून्य) का शानदार कैच लपका।

सूर्यकुमार ने पहली गेंद पर ही चौके से खाता खोला, लेकिन दिल्ली के गेंदबाज इसके बाद रनगति पर अंकुश लगाने में सफल रहे। रोहित ने निगम के खिलाफ, तो सूर्यकुमार ने अक्षर के खिलाफ छक्के लगाकर रनगति बढ़ाने की कोशिश की। रोहित एक और करारा प्रहार करने की कोशिश में अक्षर की गेंद पर कवर क्षेत्र में नीतिश राणा द्वारा शानदार तरीके से लपके गए। अक्षर ने आईपीएल में रोहित के खिलाफ अपने रिकॉर्ड को मजबूत करते हुए 11 पारियों में उन्हें चौथी बार आउट किया। दूसरे छोर से निगम ने शेरफेन रदरफोर्ड (पांच) को खतरनाक होने से पहले ही पवेलियन की राह दिखा दी। क्रीज पर आए नमन ने नटराजन के खिलाफ चौके से हाथ खोला, तो वहीं सूर्यकुमार के एक रन से 14 ओवर में टीम के रनों का शतक पूरा हुआ। सूर्यकुमार और नमन ने कुलदीप के खिलाफ एक-एक छक्का लगाया, जिससे 15वें ओवर में मुंबई ने 17 रन बटोरे।

# आरसीबी की निगाह दूसरी जीत पर, चेन्नई सुपर किंग्स को गेंदबाजी में करना होगा सुधार



बेंगलुरु। अपने पहले मैच में शानदार जीत हासिल करने के बाद पर्याप्त आराम पाने वाली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम रविवार को यहां चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में लगातार दूसरी जीत हासिल करने की कोशिश करेगी। सीएसके के लिए संजू सैमसन की फॉर्म और गेंदबाजी विभाग का कमजोर होना चिंता का विषय है। आरसीबी की टीम 28 मार्च को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ छह विकेट से जीत दर्ज करने के बाद अच्छी तरह से आराम कर चुकी है और वह तरोताजा होकर मैदान पर उतरेगी। मानसिक और शारीरिक ताजगी के अलावा आरसीबी अब अपने प्रतिद्वंद्वियों की तुलना में कहीं बेहतर टीम नजर आ रही है। आरसीबी के पास विराट कोहली की अगुवाई में शीर्ष क्रम में दमदार बल्लेबाज हैं। कोहली ने अपने बेजोड़ कौशल के दम पर पावर हिटिंग के इस जमाने में खुद को प्रासंगिक बनाए रखा है।

देवदत्त पडिक्कल ने अपने भीतर के असली बल्लेबाज को जगा दिया है जो सनराइजर्स के खिलाफ उनकी 26 गेंद पर खेली गई 61 रन की तूफानी पारी में स्पष्ट नजर आया। रजत पाटीदार टीम की कप्तानी करने और आरसीबी के मध्य क्रम को मजबूती देने की दोहरी भूमिका अच्छी तरह से निभा रहे हैं। आरसीबी में अपनी गेंदबाजी में बहुत ज्यादा सुधार किया है। कभी उसकी गेंदबाजी को कमजोर माना जाता था लेकिन उसने कुछ प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को शामिल करके इसे पूरी तरह से बदल दिया है। आरसीबी को जोश हेज़लवुड की अनुपस्थिति से काफी नुकसान होने की उम्मीद थी, लेकिन जैकब डफी ने सहजता से उनकी जगह ली और तीन विकेट लेकर सनराइजर्स के शीर्ष क्रम को ध्वस्त कर दिया। आरसीबी की टीम इस मैच के लिए अभिनंदन सिंह की जगह बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मंगेश यादव को टीम में शामिल करने पर भी विचार कर सकती है। क्रुणाल पंड्या और सुयश शर्मा टी20 के दिग्गज स्पिनरों में शामिल नहीं हैं, लेकिन उन्होंने बीच ओवरों में अपनी कसी हुई गेंदबाजी से आरसीबी का उद्देश्य बखूबी पूरा किया है। उन्हें अब शिवम दुबे, सरफराज खान और आयुष म्हात्रे जैसे बल्लेबाजों पर अंकुश लगाना होगा। जहां तक सीएसके का सवाल है तो उसके गेंदबाजों को अच्छा प्रदर्शन करने की जरूरत है। उन्होंने पहले दो मैचों में 30.5 ओवर में सिर्फ सात विकेट लेकर 338 रन लुटा दिए। उसके स्पिनर नूर अहमद और राहुल चाहर शुक्रवार को पंजाब किंग्स के खिलाफ बुरी तरह फ्लॉप रहे। चेपॉक में ओस का नामोनिशान नहीं होने के बावजूद दोनों ने मिलकर आठ ओवरों में 84 रन लुटाए। तेज गेंदबाज मैट हेनरी, खलील अहमद और अंशुल कंबोज भी अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। चेन्नई की बल्लेबाजी में भी कुछ कमियां हैं जिन्हें दूर करने की जरूरत है और इसकी शुरुआत सैमसन के फॉर्म से होती है। टी20 विश्व कप में भारत को खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले सैमसन अभी तक दो मैच में छह और सात रन ही बना पाए हैं। चेन्नई की टीम को अगर मजबूती के साथ आगे बढ़ना है तो सैमसन को जल्द से जल्द अपनी लय हासिल करनी होगी। मैच शाम 7.30 बजे शुरू होगा।

टीम इस प्रकार हैं:

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरुः रजत पाटीदार (कप्तान), अभिनंदन सिंह, भुवनेश्वर कुमार, देवदत्त पडिक्कल, जितेश शर्मा, क्रुणाल पंड्या, रसिख डार, सुयश शर्मा, स्वप्निल सिंह, विराट कोहली, वेंकटेश अय्यर, मंगेश यादव, कनिष्क चौहान, विहान मल्होत्रा, विक्की ओस्तवाल, सात्विक देसवाल।

चेन्नई सुपर किंग्सः रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), अंशुल कंबोज, गुरजापनीत सिंह, एमएस धोनी, मुकेश चौधरी, रामकृष्ण घोष, संजू सैमसन, शिवम दुबे, श्रेयस गोपाल, खलील अहमद, आयुष म्हात्रे, उर्विल पटेल, कार्तिक शर्मा, प्रशांत वीर, राहुल चाहर, सरफराज खान, अमन खान।

## संक्षेप

### श्याम सुंदर स्वामी ने कांस्य पदक जीता

बैंकॉक। श्याम सुंदर स्वामी ने अपने सीनियर साथी खिलाड़ी और पेरिस पैरालंपिक के पदक विजेता राकेश कुमार को कड़े मुकाबले वाले प्लेऑफ में हराकर विश्व तीरंदाजी पैरा सीरीज में कांस्य पदक जीता। पुरुषों की कंपाउंड व्यक्तिगत स्पर्धा के कांस्य पदक मैच में स्वामी प्लेऑफ में 10-9 से विजयी रहे। इससे पहले दोनों खिलाड़ियों ने समान 143 अंक बनाए थे और इसलिए टाईब्रेक का सहारा लेना पड़ा। पेरिस पैरालंपिक्स में मिश्रित टीम के कांस्य पदक विजेता राकेश ने टाईब्रेक में हार के कारण चौथे स्थान पर रहकर अपना अभियान समाप्त किया। महिला वर्ग की व्यक्तिगत स्पर्धा में अंजुम तनवार भी दक्षिण कोरिया की प्रतिद्वंदी के खिलाफ कांस्य पदक मैच में 2-6 से हारने के बाद चौथे स्थान पर रहीं। बैंकॉक में हाल में इसी स्थान पर खेले गए एशिया कप के पहले चरण में भारत ने दो स्वर्ण, चार रजत और चार कांस्य सहित 10 पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन किया था।

### मुक्केबाजी : विश्वनाथ सुरेश सेमीफाइनल में

उलानबटोर (मंगोलिया)। भारत के उदीयमान मुक्केबाज विश्वनाथ सुरेश ने मौजूदा विश्व चैम्पियन और नंबर एक मुक्केबाज कजाखस्तान के संजार ताशकेंबे को हराकर एशियाई मुक्केबाजी चैम्पियनशिप में पुरूषों के 50 किलोवर्ग के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। सुरेश ने इससे पहले किर्गीस्तान के बेकजात एर्जेशोव को 5 . 0 से हराया था। सैन्य खेल संस्थान में अभ्यास करने वाले सुरेश ने एलीट पुरूष राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैम्पियनशिप 2026 में भी स्वर्ण पदक जीता था।

### दिल्ली, उत्तराखंड , छत्तीसगढ सब जूनियर राष्ट्रीय हॉकी में जीते

राजगीर। दिल्ली, उत्तराखंड, छत्तीसगढ, जम्मू कश्मीर, मिजोरम और बिहार ने यहां 16वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर पुरूष राष्ट्रीय चैम्पियनशिप के चौथे दिन जीत दर्ज की। असम और पुडुच्चेरी ने ड्रॉ खेले। पहले मैच में दिल्ली ने डिविजन बी के पूल ए में गुजरात को 30 . 0 से हराया जबकि दूसरे मैच में उत्तराखंड ने तेलंगाना हॉकी को 4 . 0 से मात दी।

# राजस्थान ने गुजरात को 6 रन से हराया

एजेंसी

**अहमदाबाद** । इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के मैच नंबर-9 में आज (4 अप्रैल) गुजरात टाइटन्स का सामना राजस्थान रॉयल्स से हुआ. अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में हुए मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स ने 6 रनों से जीत हासिल की। मुकाबले में गुजरात को जीत के लिए 211 रन बनाने थे, लेकिन वो 8 विकेट पर 204 रन ही बना सकी।

आईपीएल के 9वें मैच में राजस्थान रॉयल्स ने गुजरात टाइटंस को 211 रन का टारगेट दिया। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में राजस्थान ने बैटिंग चुनी और 6 विकेट खोकर 210 रन बना दिए। ध्रुव जुरेल और यशस्वी जायसवाल ने फिफ्टी लगाई। कगिसो रबाडा ने 2 विकेट लिए। 20वें ओवर की आखिरी गेंद पर रवींद्र जडेजा ने चौका लगाया और टीम को 210 रन तक पहुंचा दिया। राजस्थान से ध्रुव जुरेल ने 75 और यशस्वी जायसवाल ने 55 रन बनाए। गुजरात से कगिसो रबाडा ने 2 विकेट लिए। प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज और राशिद खान को 1-1 विकेट मिला। आईपीएल में शनिवार का दूसरा मैच गुजरात टाइटंस और राजस्थान रॉयल्स के बीच खेला जा रहा है। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में फफ ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग चुनी। राजस्थान ने 18 ओवर के बाद 5 विकेट के नुकसान पर 190 रन बना लिए हैं। टीम से ध्रुव जुरेल और रवींद्र जडेजा पिच पर हैं। जुरेल ने फिफ्टी लगा दी। यशस्वी फिफ्टी लगाकर पवेलियन लौटे। वैभव सूर्यवंशी, शिमरोन हेटमायर, डोनोवन फरेरा और रियान पराग भी आउट हो चुके हैं।

अशोक शर्मा, प्रसिद्ध कृष्णा और राशिद खान 1-1 विकेट मिला। कगिसो रबाडा ने 2 विकेट लिए। पहले मैच में दिल्ली कैपिटल्स ने मुंबई इंडियंस को 6 विकेट से हराया। 17वें ओवर में राजस्थान ने पांचवां विकेट गंवा दिया। ओवर की पहली बॉल कगिसो रबाडा ने बाउंसर फेंकी। डोनोवन फरेरा ने बड़ा शॉट खेला, लेकिन डीप मिड विकेट पोजिशन पर ग्लेन फिलिप्स के हाथों कैच हो गए। 16वें ओवर में शिमरोन हेटमायर कैच आउट हो गए।

# पायल ने उलटफेर करते हुए जीता स्वर्ण

एजेंसी

बैंकॉक। दोनों हाथ और दोनों पैर गंवा चुकी युवा तीरंदाज पायल नाग ने यहां विश्व तीरंदाजी पैरा सीरीज में बड़ा उलटफेर करते हुए हमवतन और दुनिया की नंबर एक तीरंदाज शीतल देवी को हराकर स्वर्ण पदक जीता और भारत के शानदार प्रदर्शन की अगुआई की जिसमें देश ने कुल सात स्वर्ण पदक जीतकर पहला स्थान हासिल किया। अठारह साल की उभरती हुई

**भारत बैंकॉक पैरा तीरंदाजी में शीर्ष पर**

तीरंदाज पायल ने कंपाउंड महिला वर्ग के फाइनल में 139-136 से जीत हासिल की। भारत के लिए अभियान यादगार रहा जिसमें देश ने पांच रजत और चार कांस्य पदक सहित कुल 16 पदक जीते। पायल की यह एक साल से थोड़े ज्यादा समय में शीतल पर दूसरी जीत थी। इससे पहले उन्होंने जनवरी 2025 में जयपुर में हुए पैरा राष्ट्रीय खेलों में भी शीतल को हराया था। दुबई 2025 एशियाई युवा पैरा खेलों में पदार्पण करने के बाद पायल अपने दूसरे ही अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में हिस्सा ले रही थीं। उन्होंने दबाव के बावजूद जबरदस्त संयम दिखाते हुए अपने से ज्यादा अनुभवी खिलाड़ी को मात दी। पायल ने एक परफेक्ट 10 के साथ शुरुआत की और पहला दौर 27-25 से अपने नाम किया। इसके बाद शीतल ने वापसी करते हुए मुकाबले को बराबरी पर ला दिया। दूसरे दौर के बाद स्कोर 54-54 से बराबर था। तीसरे दौर में पायल ने अपने खेल का स्तर और ऊंचा करते हुए दो बार 9



और एक बार 10 का निशाना लगाते हुए 82-80 की बढ़त बना ली। इसके बाद उन्होंने आखिरी दौर में दो बार 10 का सटीक निशाना लगाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। शीतल के बचपन के कोच कुलदीप वेदवान से प्रशिक्षण लेने वाली पायल की अब तक की यात्रा किसी चमत्कार से कम नहीं रही है। ओडिशा के बोलांगीर जिले के एक प्रवासी मजदूर की बेटी पायल ने 2015 में ईंट-भट्ठे पर बिजली के एक नंगे तार के संपर्क में आने के बाद अपने दोनों हाथ और दोनों पैर गंवा दिए थे। उन्होंने 2023-24 के दौरान कटरा स्थित माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड खेल परिसर में शीतल के साथ ही ट्रेनिंग की थी। इसके बाद शीतल सोनीपत चली गई थीं। बिना हाथों वाली शीतल भारत की सबसे ज्यादा पदक जीतने वाली पैरा तीरंदाज बन गई हैं। उन्होंने 2022 में एशियाई पैरा खेलों में दो स्वर्ण पदक जीते और पेरिस 2024 में मिश्रित टीम कांस्य पदक जीतकर भारत की सबसे कम उम्र की पैरालंपिक पदक विजेता बन गईं। पायल ने 2025 में राष्ट्रीय पदार्पण करने के बाद से काफी प्रगति की है।

जयपुर में शीतल को हराने के अलावा उन्होंने खेलो इंडिया पैरा खेलों में रजत पदक जीता और इस साल की शुरुआत में राष्ट्रीय चैंपियनशिप में कांस्य पदक भी जीता। राष्ट्रीय चैंपियनशिप के क्वालीफायर में वह शीतल से पीछे रही थीं। भारत के लिए तोमन कुमार और भावना ने भी अपनी स्पर्धाओं में पहला स्थान हासिल किया। तोमन ने कंपाउंड पुरुषों के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के जोनाथन मिल्ने को 146-142 से हराया जबकि भावना ने रिकर्व महिलाओं के फाइनल में थाईलैंड की फत्थराफोन पट्टावेओ को 6-0 से मात दी। दो बार के पैरालंपिक पदक विजेता हरविंदर सिंह को रिकर्व फाइनल में इंडोनेशिया के खोलिडिन से 3-7 से हारने के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा। वहीं स्वाति चौधरी ने भी रजत पदक जीता। उन्हें डब्ल्यू। महिलाओं के स्वर्ण पदक मैच में दक्षिण कोरिया की ओके ज़ूम किम से 3-7 से हार का सामना करना पड़ा। इससे पहले श्याम सुंदर स्वामी ने अपने सीनियर साथी खिलाड़ी और पेरिस पैरालंपिक के पदक विजेता राकेश कुमार को कड़े मुकाबले वाले प्लेऑफ में हराकर कांस्य पदक जीता।

### टीम का उप-कप्तान होने से आप पर एक अतिरिक्त जिम्मेदारी आ जाती है : जितेश

बेंगलुरु। विकेटकीपर-बल्लेबाज जितेश शर्मा ने शनिवार को कहा कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) का उप-कप्तान बनने और नेतृत्व का अनुभव मिलने से उनका खेल और बेहतर हो गया है। जितेश ने आरसीबी के 2025 में पहला आईपीएल खिताब जीतने में अहम भूमिका निभाई थी। चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ यहां होने वाले मैच की पूर्व संध्या पर जितेश ने कहा, मुझे लगता है कि जब भी आपको कोई जिम्मेदारी मिलती है तो आप शुक्रगुजार होते हैं और खुद को सौभाग्यशाली महसूस करते हैं। मैं अपनी टीम को कुछ देने के लिए अतिरिक्त प्रयास करता हूं कि किस तरह योगदान दे सकता हूं। उन्होंने आगे कहा, मुझे लगता है कि जब आप टीम के उप-कप्तान होते हैं तो यह आप पर एक अतिरिक्त जिम्मेदारी डाल देता है। जितेश ने कहा मैं तेज गेंदबाजों के खिलाफ सुधार करने पर काम कर रहा हूं। मुझे लगता है कि एक खिलाड़ी के तौर पर हमेशा सुधार की गुंजाइश रहती है। इस दुनिया में कोई भी परफेक्ट नहीं होता।

# सनराइजर्स व एलएसजी का मुकाबला आज

एजेंसी




हैदराबाद। लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में रविवार को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ यहां होने वाले मैच में अगर जीत दर्ज करनी है तो उसके बल्लेबाजों को अहम भूमिका निभानी पड़ेगी।

सनराइजर्स की टीम ने अपने पिछले मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को 65 रन से हराया था जिससे वह अपने घरेलू मैदान पर सत्र के पहले मैच में आत्मविश्वास के साथ उतरेगी। उप्पल के स्टेडियम में दोपहर के खेल में बल्लेबाजों को मदद मिलने की उम्मीद है जिससे कि एलएसजी के लिए यह मैच अधिक चुनौतीपूर्ण बन गया है। सनराइजर्स को यहां की परिस्थितियां पसंद हैं और इसलिए वह मैच में जीत के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगा। अपने पहले दो सत्र में प्लेऑफ में जगह बनाने के बावजूद संजीव गोयनका के स्वामित्व वाली एलएसजी की टीम पिछले कुछ वर्षों से खराब प्रदर्शन कर रही है। इस बार भी उसका अभियान अच्छा नहीं रहा है। जस्टिन लैंगर की कोचिंग वाली टीम में ऑस्ट्रेलिया के टी20 कप्तान मिचेल मार्श, दक्षिण अफ्रीका के एडन मार्करम, कप्तान ज षभ पंत और विस्फोटक निकोलस पूरन जैसे दमदार बल्लेबाज शामिल हैं। लेकिन इसके बावजूद उसकी टीम आईपीएल के अपने पहले मैच में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ अपने घरेलू मैदान इकाना में 141 रन पर आउट हो गई जिससे टीम की कई गंभीर समस्याएं उजागर हुईं।

टीम के लिए बल्लेबाजी क्रम में रणनीतिक फेरबदल भी काम नहीं आया। एलएसजी ने मार्श और मार्करम की अपनी स्थापित सलामी जोड़ी से हटकर भारतीय टीम से बाहर चल रहे विकेटकीपर बल्लेबाज पंत को पारी का आगाज करने के लिए भेज दिया। पंत रन आउट होने से पहले केवल सात रन ही बना पाए, जिससे उनके बल्लेबाजी क्रम को लेकर बहस फिर से शुरू हो गई। उन्हें अब तीसरे नंबर पर भेजा जा सकता है। पिछले साल उन्होंने इसी नंबर पर खेलते हुए शतक लगाया था। पूरन ने भी इस नंबर पर खेलते हुए अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन वेस्टइंडीज के इस स्टार खिलाड़ी को बीच के ओवरों की जिम्मेदारी संभालनी पड़ सकती है। मार्श ने पिछले मैच में 35 रन बनाकर एलएसजी को अच्छी शुरुआत दिलाई थी लेकिन अन्य बल्लेबाज खास योगदान नहीं दे पाए। एलएसजी की बल्लेबाजी में तालमेल की कमी नजर आ रही है और इसे देखते हुए उसके लिए मार्श और मार्करम की जोड़ी से पारी की शुरूआत करवाना अच्छा होगा। गेंदबाजी एलएसजी का मजबूत पक्ष है।

### विश्वविद्यालय संघ की चूक के महीनों बाद भी छह बैडमिंटन खिलाड़ियों को भागीदारी प्रमाण पत्र का इंतजार

नयी दिल्ली। भारत के छह बैडमिंटन खिलाड़ियों को एक प्रशासनिक चूक के कारण विश्व विश्वविद्यालय खेलों (डब्ल्यूयूजी) में हिस्सा लेने से रोक दिया गया था और अब महीनों बाद भी वे अपने भागीदारी प्रमाण पत्रों का इंतजार कर रहे हैं। भारतीय विश्वविद्यालयों के संघ (एआईयू) ने सुधारात्मक कदम के तौर पर उन्हें ये प्रमाण पत्र देने का वादा किया था। जर्मनी में हुए डब्ल्यूयूजी के लिए 12 सदस्यों की भारतीय बैडमिंटन टीम चुनी गई थी, लेकिन मैनेजर की बैठक में सिर्फ छह खिलाड़ी ही प्रवेश कर पाए। बाकी आधे खिलाड़ी मौके पर मौजूद होने के बावजूद प्रतियोगिता से बाहर रह गए। इसके बाद एआईयू ने एक जांच समिति बनाई और अपने संयुक्त सचिव बलजीत सिंह सेखों को निलंबित कर दिया। छह खिलाड़ियों सतीश कुमार करुणाकरण, सनीत दयानंद, तसनीम मीर, वर्षिनी विश्वनाथ श्री, देविका सिहाग और वैष्णवी खड़केकर ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। उन्होंने मिश्रित टीम स्पर्धा में एक ऐतिहासिक कांस्य पदक जीता।

# स्पोर्ट्समैन एरिना में राज्य स्तरीय टूर्नामेंट का शानदार आगाज



खेल संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में खेलों का दायरा लगातार बढ़ रहा है और अब पिकलबॉल भी तेजी से लोगों के बीच लोकप्रिय हो रहा है। इसी कड़ी में

**यूपी में पिकलबॉल का बड़ा धमाका**

स्पोर्ट्समैन एरिना में राज्य स्तरीय पुरस्कार राशि वाली पिकलबॉल प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ किया गया। यह आयोजन न सिर्फ खिलाड़ियों के लिए एक बड़ा मंच है, बल्कि प्रदेश में इस नए खेल को आगे बढ़ाने की दिशा में एक अहम कदम भी माना जा रहा है। उद्घाटन समारोह बेहद उत्साह और जोश से भरा हुआ था। इसमें खिलाड़ियों, खेल प्रेमियों और कई खास मेहमानों ने हिस्सा लिया। पूरा माहौल खेल भावना, प्रतिस्पर्धा और एकजुटता के रंग में रंगा हुआ नजर आया। इस प्रतियोगिता का आयोजन स्पोर्ट्समैन एरिना ने यूपी ओलंपिक एसोसिएशन के सहयोग से किया है। साथ ही अर्बन एक्सिस, टीएनसी स्पोर्ट्स, पिनस फैब्रिक्स प्राइवेट लिमिटेड और ऋषि सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल जैसे साझेदारों ने भी इसमें महत्वपूर्ण योगदान दिया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में नीरज सिंह जी मौजूद रहे, जो एफआईसीआई लीडर्स फोरम के सदस्य और भाजपा के वरिष्ठ नेता हैं। उनका स्वागत फिल्म निमार्ता और निर्देशक अमरेंद्र सिंह चौधरी और गगन जी ने पुष्पांजलि के साथ किया। इस दौरान मंच पर कई विशिष्ट अतिथियों को भी सम्मानित किया गया। इनमें अंतरराष्ट्रीय एथलीट और एशिया स्वर्ण पदक विजेता डॉ. बाबा दीन चौधरी, अंतरराष्ट्रीय पैरा टेबल टेनिस खिलाड़ी तुषार नागर, अर्बन एक्सिस के अध्यक्ष शशांक गुप्ता, ऋषि सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के अध्यक्ष मनीष वर्मा और जीएसटी के संयुक्त आयुक्त सुरेंद्र सिंह शामिल रहे। सभी को उनके योगदान के लिए फूलों के गुलदस्ते देकर सम्मानित किया गया।



# ईंधन की आपूर्ति पर्याप्त, स्थिति नियंत्रण में

## होर्मुज व्यवधान के बीच सरकार की घबराहट में खरीदारी न करने की अपील, ईंधन पर्याप्त

एजेंसी

नयी दिल्ली। सरकार ने शनिवार को नागरिकों से पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की घबराहट में खरीदारी से बचने की अपील की। सरकार ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने से जुड़े व्यवधानों के बावजूद ईंधन की आपूर्ति पर्याप्त है और स्थिति नियंत्रण में है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि देश में पेट्रोलियम उत्पादों और रसोई गैस की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय कदम उठाए जा रहे हैं। लोगों को केवल आधिकारिक सूचनाओं पर भरोसा करने और ऊर्जा की बचत करने की सलाह दी गई है। सरकार ने घरेलू एलपीजी और पाइप से मिलने वाली रसोई गैस (पीएनजी) को प्राथमिकता दी है, खासकर घरों, अस्पतालों और आवश्यक सेवाओं के लिए।

मांग को संतुलित करने और आपूर्ति बढ़ाने के लिए रिफाइनरियों का उत्पादन बढ़ाया गया है और गैस सिलेंडर भरवाने के बीच का अंतराल भी बढ़ाया गया है। जमाखोरी और कालाबाजारी पर रोक लगाने के लिए सख्ती बढ़ाई गई है। अब तक 3,700 से अधिक छापेमारी की गई है, एलपीजी वितरकों को लगभग 1,000 कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं, जिनमें से अब तक 27 डीलरों को निलंबित किया जा चुका है। वाणिज्यिक एलपीजी की आपूर्ति को



पहले के स्तर के लगभग 70 प्रतिशत तक सीमित किया गया है, जबकि केरोसिन (मिट्टी का तेल) और कोयले जैसे वैकल्पिक ईंधनों का उपयोग बढ़ाया जा रहा है ताकि दबाव कम किया जा सके। प्राकृतिक गैस के मामले में घरों और परिवहन क्षेत्र को पूरी आपूर्ति दी जा रही है, जबकि उद्योग और उर्वरक क्षेत्रों के लिए आपूर्ति धीरे-धीरे बढ़ाई जा रही है। मंत्रालय ने बताया कि सभी रिफाइनरियां उच्च क्षमता पर काम कर रही हैं और देशभर के पेट्रोल पंपों पर पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। बढ़ती वैश्विक कीमतों से राहत देने के लिए सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में 10 रुपये प्रति लीटर की कटौती की है और निर्यात पर शुल्क लगाया है।

इसी बीच लगभग आधे दिन की खाना पकाने की गैस की आपूर्ति ले जा रहा एक भारतीय एलपीजी टैंकर युद्धग्रस्त होर्मुज जलडमरूमध्य को सफलतापूर्वक पार कर चुका है, जबकि ईरान का एक अन्य जहाज मंगलौर बंदरगाह पर पहुंच गया है। सरकार ने शनिवार को पश्चिम एशिया की स्थिति पर जानकारी देते हुए कहा कि ग्रीन सानवी नामक एलपीजी जहाज 46,650 टन रसोई गैस और 25 नाविकों के साथ सुरक्षित रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य पार कर चुका है। ग्रीन सानवी इस महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग को पार करने वाला सातवां भारतीय ध्वज वाला एलपीजी टैंकर है। यह जलडमरूमध्य 28 फरवरी को अमेरिका और इज़राइल द्वारा ईरान पर हमले और उसके बाद तेहरान की जवाबी कार्वाई के बाद से लगभग बंद जैसी स्थिति में है, जिससे जहाजों की आवाजाही काफी प्रभावित हुई है। अलग से, बयान में कहा गया कि ईरान से रसोई गैस लेकर आया एक जहाज मंगलौर बंदरगाह पहुंच चुका है और उससे गैस उतारी जा रही है। संभवतः पिछले सात वर्षों में यह ईरान से ऊर्जा की पहली खरीद है।

# भारतीय वायुसेना के 10 क्विंटल वजनी हवाई बम के स्वदेशी डिजाइन और विकास की प्रक्रिया शुरू



नयी दिल्ली। रक्षा मंत्रालय ने भारतीय वायुसेना के लिए एमके-84 के समान 1000 किलोग्राम वजनी हवाई बम के स्वदेशी डिजाइन और विकास की प्रकिया शुरू कर दी है जिसका उद्देश्य इस क्षेत्र में भारत की आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना है। वरिष्ठ अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इस परियोजना के दो चरण होंगे।

पहले चरण में छह प्रोटोटाइप (सक्रिय और निष्क्रिय) का डिजाइन और विकास शामिल है, जिसमें संबंधित टेल यूनिट और उपकरण भी शामिल हैं। दूसरा चरण खरीद का है, जो योग्य विकास एजेंसियों को प्रस्ताव के लिए वाणिज्यिक अनुरोध (आरएफपी) जारी करने के साथ शुरू होगा। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह प्रणाली भारतीय वायुसेना द्वारा वर्तमान में संचालित रूसी और पश्चिमी मूल के विमानों (दोनों के साथ) सुसंगत होने के लिए बनाई गई है। अधिकारी ने कहा कि रक्षा मंत्रालय ने रक्षा अधिग्रहण प्रक्रिया (डीएपी) 2020 के प्रावधानों के तहत 1,000 किलोग्राम के हवाई बम (एमके-84 के समान) के डिजाइन, विकास और खरीद के लिए टेल यूनिट और संबंधित उपकरणों के साथ अभिरुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) जारी की है। यह परियोजना मेक-वन (उद्योग-वित्तपोषित) उप-श्रेणी के तहत कार्यान्वित की जाएगी, जिसके बाद बाय (इंडियन-आईडीडीएम) श्रेणी के तहत खरीद की जाएगी। आईडीडीएम का अर्थ है स्वदेशी रूप से डिजाइन, विकसित और निर्मित।

अधिकारियों ने बताया कि डीएपी 2020 के प्रावधानों के अनुसार बाय (इंडियन-आईडीडीएम) श्रेणी के तहत कुल 600 हवाई बम खरीदने की योजना है। वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि वर्तमान में एमके-84 श्रेणी के सामान्य प्रयोजन बम विदेश के मूल उपकरण निर्माताओं से खरीदे जाते हैं और भारतीय वायुसेना में सेवा में हैं।

## संक्षेप

### पाक ने अमेरिका-ईरान की वार्ता विफल होने की खबरों को किया खारिज

इस्लामाबाद। पाकिस्तान ने शनिवार को मीडिया में आईं उन खबरों को खारिज कर दिया जिनमें कहा गया था कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष को समाप्त करने के लिए अमेरिका और ईरान के बीच वार्ता की सुविधा प्रदान करने की उसकी पहल प्रारंभिक शांति प्रस्तावों के आदान-प्रदान के बाद विफल गई है। विदेश मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी द्वारा चुनिंदा पत्रकारों के एक समूह को वार्ता के माध्यम से पश्चिम एशिया संघर्ष का समाधान खोजने के पाकिस्तान के प्रयासों के बारे में जानकारी देने के बाद अटकलें शुरू हो गईं। विदेश कार्यालय के प्रवक्ता ताहिर अंद्राबी ने एक बयान में मीडिया में आईं खबरों को बेबुनियाद और मनगढ़ंत कहानी बताते हुए खारिज कर दिया। उन्होंने कहा, हमने मीडिया (सोशल मीडिया सहित) में कई खबरें देखी हैं जिनमें क्षेत्र में जारी संघर्ष और शांति व संवाद को बढ़ावा देने के पाकिस्तान के प्रयासों के संबंध में तथाकथित आधिकारिक सरकारी सूत्रों का हवाला दिया गया है। अंद्राबी ने कहा हम कथित आधिकारिक सूत्रों के हवाले से लगाए गए इन झूठे आरोपों को निराधार और मनगढ़ंत मानते हुए स्पष्ट रूप से खारिज करते हैं।

# हवालात में फांसी लगाकर दी जान, दो पुलिसकर्मी निलंबित

एजेंसी

कटिहार (बिहार)। बिहार के कटिहार जिले में लूट के मामले में गिरफ्तार एक व्यक्ति ने कथित तौर पर पुलिस हवालात में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली, जिसके बाद थाना प्रभारी (एसएचओ) और जांच अधिकारी को निलंबित कर दिया गया है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। राकेश कुमार यादव (24) को शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया था। पुलिस के बयान के अनुसार, यादव ने शुक्रवार और शनिवार की दरमियानी रात को हवालात के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बयान में कहा गया है, उसे तुरंत नजदीकी सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। स्थानीय लोगों को जब यादव की मौत के बारे में पता चला तो उन्होंने विरोध प्रदर्शन किया, टायर जलाकर सड़क को अवरुद्ध कर दिया और एक पुलिसकर्मी की पिटाई भी की। इस घटना से संबंधित एक वीडियो सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से साझा किया गया है।

# अल्पसंख्यकों पर हमला करने वालों से केरल के मुख्यमंत्री की साठगांठ : राहुल

अलप्पुझा (केरल)। कांग्रेस के शीर्ष नेता राहुल गांधी ने शनिवार को केरल में सत्तारूढ़ वाम लोकतांत्रिक गठबंधन (एलडीएफ) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर तीखा हमला करते हुए आरोप लगाया कि देश के अन्य हिस्सों में अल्पसंख्यकों पर हमला करने वाले लोगों के साथ मुख्यमंत्री पिनराई विजयन की सांठगांठ है। गांधी ने यहां एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए भाजपा-एलडीएफ के बीच गठजोड़ का आरोप दोहराया और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर चुनाव



प्रचार के दौरान शबरिमला मुद्दे पर चुप्पी साधने का आरोप लगाया। राज्य की 140 विधानसभा सीट पर नौ अप्रैल को मतदान होना है। कांग्रेस नेता के साथ मंच साझा करने वाले मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के पूर्व नेता जी सुधाकरन का जिक्र करते हुए गांधी ने कहा कि उनकी मौजूदगी एलडीएफ के भीतर गहरी दरार का संकेत है।

सुधाकरन अंबलपुझा से यूडीएफ के समर्थन से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं। गांधी ने कहा, मंच पर एक वरिष्ठ वामपंथी नेता बैठे हैं। इसके पीछे कारण है। ऐसा नहीं है कि उन्होंने अचानक अपनी सोच बदल ली है। जो लोग वर्षों तक किसी राजनीतिक संगठन में रहते हैं, वे उसके मूल्यों को आत्मसात कर लेते हैं।

# कोर्ट ने बैंक प्रबंधक की बर्खास्तगी को बरकरार किया, अधिकार के साथ मिलती है जिम्मेदारी

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने बैंक के एक वरिष्ठ प्रबंधक की बर्खास्तगी को बरकरार रखते हुए ध्यान दिलाया कि अधिकार के साथ जवाबदेही भी आती है। न्यायालय ने कहा कि प्रबंधक के पद के साथ अधिक जिम्मेदारी और गंभीरता जुड़ी होती है। उच्चतम न्यायालय ने उन आरोपों पर गौर किया कि वरिष्ठ प्रबंधक ने एक अधिकारी और एक बंदूकधारी के साथ मिलकर ग्राहकों के पैसे का निजी लाभ के लिए गबन किया और बैंक रिकॉर्ड चुरा लिए। उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली उच्च न्यायालय के उस आदेश को रद्द कर दिया जिसमें बर्खास्तगी की सजा को अनिवार्य सेवानिवृत्ति में बदल दिया गया था।

उच्च न्यायालय ने कहा था कि समान आरोपों के लिए सह-दोषियों - अधिकारी और बंदूकधारी - को अलग-अलग सजाएं दी गई थीं, पर वरिष्ठ प्रबंधक को सबसे कड़ी सजा दी गई थी। हालांकि, उच्चतम न्यायालय इस तर्क से सहमत नहीं हुआ।

# एफसीआरए विधेयक दमनकारी, विदेश नीति विफल मछुआरे श्रीलंका के हमलों का सामना कर रहे : स्टालिन

एजेंसी

नागरकोइल (तमिलनाडु)। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने शनिवार को केंद्र द्वारा प्रस्तावित एफसीआरए संशोधन विधेयक 2026 को दमनकारी करार दिया और आरोप लगाया कि इसके जरिये अल्पसंख्यकों, विशेष रूप से ईसाई सेवा संगठनों को निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने इस विधेयक को वापस लेने की मांग की। विधानसभा चुनाव के लिए यहां एक रैली को संबोधित करते हुए एम के स्टालिन ने मछुआरों के लिए सहायता राशि बढ़ाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने पहले मछली पकड़ने पर प्रतिबंध अवधि के दौरान विशेष राहत राशि पांच हजार



रुपये से बढ़ाकर आठ हजार रुपये की थी, जिसे अब बढ़ाकर बारह हजार रुपये प्रति माह किया जाएगा। इसी तरह, मछली पकड़ने का काम में मंदी आने के दौरान सहायता राशि छह हजार रुपये से बढ़ाकर नौ हजार रुपये प्रति माह की जाएगी। स्टालिन ने रैली में लोगों से पूछा, क्या आप सभी खुश हैं?

अन्य कल्याणकारी योजनाओं का जिक्र करते हुए उन्होंने नए आश्वासन भी दिए। उन्होंने कहा कि मछुआरा कल्याण बोर्ड की सदस्यता के लिए अधिकतम आयु सीमा 65 वर्ष से बढ़ाकर 70 वर्ष की जाएगी। उन्होंने यह भी घोषणा की कि 70 से 75 वर्ष आयु वर्ग के सदस्यों को मौजूदा कल्याणकारी उपायों के अतिरिक्त मासिक पेंशन प्रदान की जाएगी।

# रूस का यूक्रेन पर ड्रोन हमला पांच की मौत, 30 अन्य घायल

कीव। रूस द्वारा शुक्रवार रात यूक्रेन पर किए गए ड्रोन हमलों में पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि 30 अन्य घायल हो गए। यूक्रेन के अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। रूस द्वारा ये हमले ऐसे समय किये गए हैं, जब यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की तुर्किये के अपने समकक्ष रजब तैयब एर्दोआन के साथ वार्ता के लिए इस्तांबुल की यात्रा पर हैं। जेलेंस्की का ईस्टर्न ऑर्थोडॉक्स क्रिश्चियन के आध्यात्मिक नेता, इक्यूमेनिकल पैट्रिआर्क बार्थोलेम्यू से भी मुलाकात करने का कार्यक्रम है।

यूक्रेन की वायु सेना ने एक ऑनलाइन बयान में कहा कि रूस ने शुक्रवार की रात को 286 ड्रोन हमले किये, जिनमें से 260 को मार गिराया गया। क्षेत्रीय सैन्य प्रशासन के प्रमुख ओलेक्सांद्र हंझा ने बताया कि निप्रोपेत्रोव्स्क क्षेत्र के निकोपोल शहर में तीन महिलाओं और दो पुरुषों सहित पांच लोग मारे गए, जबकि 14 किशोरी सहित 19 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि रूस की सीमा से कुछ ही दूरी पर स्थित सूमी शहर में हुए हमले में 15 वर्षीय किशोर सहित 11 लोग घायल हो गए। इन हमलों में कई घरों, कार और बिजली-पानी की आपूर्ति व्यवस्था को नुकसान पहुंचा है।


रूस के रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को दावा किया कि उसकी सेनाओं ने अज्ञात यूक्रेन की सेना द्वारा इस्तेमाल किये जाने वाले सैन्य-औद्योगिक और ऊर्जा केंद्रों पर लंबी दूरी की हवाई और जमीनी हथियारों से हमला किया। मंत्रालय ने एक अलग बयान में कहा कि रूसी सेना ने शुक्रवार रात को नौ रूसी क्षेत्रों, कब्जे वाले क्रीमिया क्षेत्र और काला सागर के ऊपर यूक्रेन के 85 ड्रोन मार गिराये।

## इंटरटेनमेंट...

# 'रामायण' में रणबीर के लुक और कॉस्ट्यूम पर उठे सवाल

मुंबई। रणबीर कपूर की फिल्म 'रामायण' का टीजर सामने आने के बाद से ही इसके हर पहलू पर बहस शुरू हो गई है। इस बीच, टीवी की पौराणिक श्रृंखलाओं पर काम कर चुकी कॉस्ट्यूम डिजाइनर्स ने फिल्म में भगवान राम के लुक पर अपनी राय दी है और इसे एक चूक गया अवसर बताया है। रिपोर्ट के मुताबिक, टीवी के सुपरहिट शो 'श्रीमद् रामायण' और 'राधाकृष्ण' पर काम कर चुकी कॉस्ट्यूम डिजाइनर शिबप्रिया सेन ने कहा कि फिल्म का पहला टीजर उम्मीद के मुताबिक विस्मयकारी नहीं लगा। उनके अनुसार, टीवी पर राम और अन्य पात्रों के परिधानों की प्रेरणा भारतीय संस्कृति, मंदिरों और मूर्तियों से ली जाती थी।

जैसे राम के मुकुट में सूर्य रथ का चक्र और पीला रंग, सीता के लिए मधुबनी छाप, और हनुमान के लिए अजंता, एलोरा और हम्पी की मूर्तियां। सेन के अनुसार, राम भारत की आस्था का केंद्र हैं, इसलिए परिधानों में प्रयोग करते समय उनके दिव्य स्वरूप का सम्मान करना जरूरी है। उन्होंने बताया कि टीवी में सीमित बजट और समय के बावजूद उनके डिजाइन बहुत समृद्ध और जीवंत थे। दूसरी ओर, 'हातिम,



'सिया के राम' और 'देवों के देव महादेव' जैसी पौराणिक श्रृंखलाओं में काम कर चुकी कॉस्ट्यूम डिजाइनर नीरूषा निकहत ने कहा कि फिल्म में सौंदर्य और नवाचार की कमी है। उनका मानना है कि निमार्ता नामित मल्होत्रा अधिक प्रयोगात्मक और यादगार डिजाइन ला सकते थे। उन्होंने यह भी कहा कि इस प्रोजेक्ट में अनुभवहीन लोगों को शामिल किया गया, जबकि ऐसी परियोजना में अनुभवी डिजाइनर्स की जरूरत थी। डिजाइनर्स का कहना है कि बड़े बजट और तकनीकी स्वतंत्रता के बावजूद फिल्म में परिधानों और आभूषणों में और अधिक सांस्कृतिक और रचनात्मक गहराई हो सकती थी। यह परियोजना दर्शकों के लिए एक चूक गया रचनात्मक अवसर साबित हुई।

फिल्म अभी रिलीज नहीं हुई है, लेकिन पहले लुक से साफ है कि इसमें और अधिक प्रामाणिक और यादगार सौंदर्यबोध दिखाया जा सकता था। फिल्म 'रामायण' से रणबीर कपूर का भगवान राम के रूप में लुक सामने आ गया है। इसकी झलक आज यानी हनुमान जयंती पर जारी की गई। भगवान राम के रूप में रणबीर का लुक सादगी, गरिमा और आध्यात्मिकता से भरा हुआ है। शाही वेशभूषा और बारीक आभूषणों के साथ उनका शांत और संतुलित रूप काफी अच्छा नजर आ रहा है।

# तापसी पन्नू : फिल्में फ्लॉप हुईं, पनौती कहा गया

मुंबई। दिल्ली के एक साधारण परिवार से निकलकर इंजीनियरिंग करने वाली तापसी पन्नू ने कभी नहीं सोचा था कि वह ग्लैमर इंडस्ट्री में पहचान बनाएंगी। मॉडलिंग से शुरूआत कर उन्हें साउथ फिल्म इंडस्ट्री में मौका मिला, लेकिन वहां लंबे समय तक सिर्फ ग्लैमरस किरदारों तक सीमित रहीं। कई फिल्मों के फ्लॉप होने पर उन्हें पनौती कहा गया, जिससे आत्मविश्वास को गहरा झटका लगा। बॉलीवुड में एंट्री आसान नहीं रही। 'चश्मे बद्दूर' से डेब्यू के बाद असफलताओं और आत्म-संदेह के दौर में तापसी ने खुद को संभाला। उन्होंने स्वीकार किया कि वह अपने लुक, आत्मविश्वास और काबिलियत को लेकर असुरक्षित महसूस करती थीं। इस संघर्ष ने उन्हें मजबूत बनाया और बेहतर फैसले लेना सिखाया।

# रहमान डकैत का रोल 3 एक्टर्स ने किया था रिजेक्ट

मुंबई। फिल्म धुरंधर की कास्टिंग को लेकर कास्टिंग डायरेक्टर मुकेश छाबड़ा ने बताया कि रहमान डकैत के किरदार के लिए 3 बड़े एक्टर्स ने इनकार कर दिया था। आखिर में यह रोल अक्षय खन्ना को मिला। हाल ही में बॉलीवुड हंगामा को दिए इंटरव्यू में मुकेश छाबड़ा ने बताया कि फिल्म की कास्टिंग आसान नहीं थी।



उन्होंने कहा कि उन्हें करीब 4 घंटे तक फिल्म की कहानी सुनाई गई, जिसे सुनने के बाद वे सदमे में थे और समय का एहसास ही नहीं हुआ। मुकेश के मुताबिक, फिल्म के दोनों हिस्सों को मिलाकर करीब 400 कलाकारों की कास्टिंग करनी थी। इसके लिए उन्होंने छह लोगों की टीम बनाई और हर रोल के लिए अलग-अलग तलाश शुरू की। उन्होंने कहा कि डायरेक्टर आदित्य धर ने उन्हें पूरी स्वतंत्रता दी थी और बड़े लेवल पर सोचने के लिए प्रेरित किया।

# 'नागिन 7' की कमजोर कहानी से गिरी टीआरपी

मुंबई। एकता कपूर का सुपरनैचुरल शो 'नागिन 7' शुरू होने के महज 3 महीने बाद ही बंद हो सकता है। भारी टीआरपी साथ शुरू हुए इस शो की रेटिंग अब लगातार गिर रही है। इसके पीछे कमजोर कहानी और विजुअल इफेक्ट्स में एआई के ज्यादा इस्तेमाल को मुख्य वजह माना जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक यह शो जल्द ही बंद हो सकता है। मेकर्स ने 25 दिसंबर 2025 को नागिन 7 का प्रीमियर किया था। शुरूआत में शो को दर्शकों का जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला और पहले ही एपिसोड ने टीआरपी के पुराने रिकॉर्ड तोड़ दिए थे। शुरूआती दो महीनों तक शो ने अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन इसके बाद कहानी और प्रेजेंटेशन को लेकर दर्शकों की दिलचस्पी कम होने लगी। शो में वीएफएक्स




की जगह एआई तकनीक के इस्तेमाल ने मेकर्स की मुश्किलें बढ़ा दीं। एकता कपूर ने बजट बचाने के लिए एआई के जरिए विजुअल्स तैयार करवाए, जिसे सोशल मीडिया पर 'सस्ता और खराब' बताकर ट्रोल किया गया।

इस पर प्रतिक्रिया देते हुए एकता ने कहा था कि उनके पास शो के लिए ज्यादा बजट नहीं है, इसलिए वे इस तकनीक का सहारा ले रही हैं। हालांकि, आज की समझदार ऑडियंस और 'जेन-जी' को यह प्रयोग रास नहीं आया। शो की लीड एक्ट्रेस प्रियंका चाहर चौधरी की परफॉर्मेंस भी फैंस की कसौटी पर खरी नहीं उतर पाई। दर्शकों ने सोशल मीडिया पर उनकी तुलना मौनी रॉय और अदा खान जैसे 'नागिन' के पुराने चेहरों से शुरू कर दी। फैंस का मानना है।

एकता कपूर बोलीं- बजट कम है इसलिए सहारा लिया




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com